हरिभूमि
# रायपुर भूमि



# टाटीबंध-लभांडी सर्विस लेन... एक साल में 55 हादसे, चौड़ीकरण से मिलेगी राहत, पर काम आसान नहीं, कब्जों की भरमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि लाइव


लभांडी से लेकर सरोना तक 14 किलोमीटर सड़क के दोनों छोर की सर्विस लेन के चौड़ीकरण करने सौ करोड़ रुपए की राशि जारी कर दी गई है। सड़क चौड़ीकरण करने एनएचएआई को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। हरिभूमि की टीम ने मार्ग का सर्वे किया, तो पता चला कि लभांडी से लेकर सरोना तक सर्विस लेन के दोनों तरफ ज्यादातर लोग सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर व्यवसायिक गतिविधियां ▶▶|शेष पेज 13 पर

### आवाजाही सुगम हो जाएगी

चौड़ीकरण होने से लभांडी से रायपुरा तक आवाजाही सुगम हो जाएगी। इसके बाद रोड के दोनों तरफ भारी वाहन आने पर क्रासिंग की समस्या नहीं आएगी। सर्विस रोड के चौड़ीकरण होने से आसपास के रहवासियों को इसका ज्यादा फायदा मिलेगा। एक ▶▶|शेष पेज 13 पर

### हादसों में कमी आएगी

सरोना से लभांडी तक एक साल में करीब 55 सड़क हादसे हुए हैं। इसमें 15 से ज्यादा लोगों ने अपनी जान गंवाई हैं। सर्विस लेन बनने से स्थानीय आवागमन को अलग रास्ता मिलने से दुर्घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है। एनएचएआई ▶▶|शेष पेज 13 पर



### चौड़ीकरण करने यह है चुनौती

सर्विस रोड चौड़ीकरण करने नालियों का पाटकर नई नाली का निर्माण करना होगा। इसके साथ ही सर्विस रोड के दोनों तरफ के विद्युत पोल हटाने का काम बिजली विभाग से अनुमति लेनी होगी। सबसे बड़ी चुनौती सर्विस रोड से सटे सरकारी जमीन पर ▶▶|शेष पेज 13 पर

### सर्विस लेन चौड़ीकरण से एक बड़ा फायदा यह


वर्तमान स्थिति में सर्विस लेन में बिजली पोल होने की वजह से ऑटो मेकैनिक कार सहित अन्य छोटी बड़ी गाड़ियों को खंभे की आड़ लेकर मरम्मत के लिए रख देते हैं। इसके साथ ही बस ▶▶|शेष पेज 13 पर

### *इन इलाकों के लोगों को जाम से निजात*

*सर्विस लेन बनने से आसपास की रायपुरा, भाटागांव, कुशालपुर सहित एक दर्जन से ज्यादा स्थानों में कॉलोनियां सरोना से लभांडी तक बसी हैं। सर्विस सेन के निर्माण से यहां के लोगों को व्यावसायिक प्रतिष्ठानों तक पहुंच आसान होगी। दुकानदारों को सीधे सर्विस लेन से ग्राहक मिल सकेंगे, जिससे व्यापार बढ़ने की संभावना है। वहीं, रहवासियों को हाईवे पार करने या तेज रफ्तार वाहनों के बीच चलने की मजबूरी नहीं रहेगी। 10 मीटर चौड़ी सर्विस लेन न सिर्फ ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने में मदद करेगी, बल्कि सुरक्षा, व्यापार और शहरी विकास में मददगार साबित होगी।*

## खबर संक्षेप

### तंजानिया में सोने की खान दिलाने का झांसा देकर ठगी, आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** तंजानिया में सोने की खान का ठेका दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले आरोपी को सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने मुंबई से गिरफ्तार किया है। रायपुर के दो कारोबारियों ने डेढ़ माह पूर्व सिविल लाइंस थाने में ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सूत्रों के मुताबिक एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने दबाव बनाने कोशिश की गई। आरोपी को गिरफ्तार करने लुक आउट सर्कुलर नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद मुंबई पुलिस ने जालसाज को वियतनाम भागने की फिराक में एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर रायपुर पुलिस के सुपुर्द किया।

### सिविल लाइंस टीआई पासवान लाइन अटैच

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने के टीआई दीपक पासवान को रायपुर सेंट्रल के डीसीपी उमेश गुप्ता ने लाइन अटैच करने का आदेश जारी किया है। टीआई पर विवेचना के साथ पेंडिंग अपराधों की जांच में देरी करने का आरोप है। इसके चलते डीसीपी उमेश गुप्ता ने टीआई को लाइन अटैच करने का आदेश जारी किया है। पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद डीसीपी द्वारा किसी टीआई के लाइन अटैच करने का यह पहला मामला है।

### वर्क फ्रॉम होम के नाम पर ठगी, फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** वर्क फ्रॉम होम के नाम से देश के अलग-अलग राज्यों में ठगी करने वाला गिरोह के दो फरार जालसाजों को रेंज साइबर पुलिस ने राजस्थान से गिरफ्तार किया है। ठगी करने के आरोप में रेंज साइबर पुलिस ने आशीष परिहार, लक्ष्मण देवासी को पकड़ा है। इसके पूर्व पुलिस वर्क फ्रॉम होम के नाम से ठगी करने के आरोप में तीन जालसाजों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल कर चुकी है। जालसाजों के खिलाफ देश के 13 अलग-अलग राज्यों में ठगी के अपराध दर्ज हैं।

### पिस्टल-खाली कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर।** पंडरी पुलिस ने पिस्टल तथा खाली कारतूस के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उसे कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल कर दिया है। पिस्टल तथा खाली कारतूस के साथ पुलिस ने पुरानी बस्ती, कुशालपुर निवासी नंदू शर्मा को गिरफ्तार किया है। नंदू पूर्व में हत्या तथा मारपीट करने के आरोप में जेल जा चुका है।

### नाबालिग ने घर उड़ाए जेवर, कारोबारी को बेच दिए

**रायपुर।** आजाद चौक पुलिस ने अपने ही घर में चोरी करने के आरोप में एक नाबालिग को पकड़ा है। साथ ही पुलिस ने चोरी के माल खरीदने के आरोप में कारोबारी को गिरफ्तार किया है। हांडीपारा निवासी महिला की शिकायत पर पुलिस ने उसके ही नाबालिग बेटे तथा चोरी के जेवर खरीदने के आरोप में प्रतीक दम्मानी को गिरफ्तार किया है। महिला के नाबालिग बेटे ने अपने घर से दो लाख रुपए के जेवर चोरी किए थे।

### जिले के दर्जनभर स्वास्थ्य केंद्रों में डीकोड हुई जांच मशीन, दिल्ली की डायग्नोस्टिक कंपनी की टीम सक्रिय

# टूट रहा मोक्षित का ताला...रीएजेंट की सप्लाई इसी महीने, मार्च से चलेंगी बंद पड़ी मशीनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार



भुगतान अटकने की वजह से करीब दो साल पहले स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर सीबीसी मशीनों में मोक्षित कार्पोरेशन की टीम द्वारा कोड के जरिए किया गया लॉक टूटने लगा है। सीजीएमएससी द्वारा तय की गई दिल्ली की डायग्नोस्टिक कंपनी के इंजीनियरों ने रायपुर जिले के दर्जनभर हेल्थ सेंटरों में जाकर मशीनों को डीकोड किया है। इस महीने रीएजेंट की सप्लाई करने के बाद संभवतः मार्च से इन मशीनों के माध्यम से मरीजों की जांच की जाएगी।

- आठ सौ से ज्यादा हेल्थ सेंटरों में हुई थी सप्लाई, भुगतान नहीं मिला तो मशीन लॉक, रीएजेंट भी नहीं दिया

सीजीएमएससी ने करीब चार महीने की मशक्कत के बाद स्वास्थ्य विभाग के लिए बड़ी चुनौती बने इन ब्लड सेल काउंट मशीनों के संचालन के लिए दिल्ली की वैंगगार्ड डायग्नोस्टिक कंपनी को योग्य माना था। कंपनी करीब दो साल से बंद पड़ी मशीनों के रखरखाव के साथ इसकी रीएजेंट की सप्लाई करेगी। विभिन्न औपचारिकता पूरी करने के बाद कंपनी के इंजीनियर स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर मशीनों की जांच के बाद उसे डीकोड कर रहे हैं। पिछले पखवाड़ेभर में यह टीम रायपुर जिले के दर्जनभर हेल्थ सेंटरों में जाकर मशीनों का रखरखाव कर रही है। कोडवर्ड से जिन मशीनों को बंद किया है उसका ताला भी तोड़ रही है। सीजीएमएससी से जुड़े अफसरों का कहना है कि मशीनों को अनलॉक करने और चालू स्थिति में लाने के बाद आठ से दस दिनों में आवश्यक रीएजेंट की सप्लाई की जाएगी और मार्च के प्रथम सप्ताह में इसे प्रारंभ कर दिया जाएगा। मोक्षित कार्पोरेशन ने बाजार से महंगे दामों में इन मशीनों की सप्लाई राज्य के आठ सौ से ज्यादा स्वास्थ्य केंद्रों में की थी। शासन द्वारा जब कंपनी का भुगतान रोका गया तो उसने ना केवल रीएजेंट की सप्लाई बंद की, बल्कि कई स्वास्थ्य केंद्रों में भेजकर मशीनों को लॉक भी करवा दिया था।

### दस से पंद्रह दिन में शुरू करने का प्रयास

तय एजेंसी की टीम स्वास्थ्य केंद्रों में रखी मशीनों का लॉक खोल रही है। आने वाले दिनों में रीएजेंट सहित सामग्री की सप्लाई की जाएगी। दस से पंद्रह दिन में इसके जरिए मरीजों की जांच शुरू होने की संभावना है।

- **रितेश अग्रवाल,** प्रबंध संचालक, सीजीएमएससी

### *59 रुपए से दो हजार की कीमत*

*सीबीसी मशीन के रूप में स्वास्थ्य विभाग और सीजीएमएससी की पुरानी गलती को सुधारने के लिए दो कंपनियों ने दिलचस्पी दिखाई थी। इनमें से दिल्ली की कंपनी द्वारा रीएजेंट सहित अन्य सामान की सप्लाई के लिए दी गई दर को सही माना गया। कंपनी जांच के लिए मशीन में उपयोग होने वाले केमिकल सहित अन्य सामग्री की सप्लाई करेगी। इसमें 59 रुपए प्रति के हिसाब से थर्मल पेपर रोग से लेकर इंसेंट माइक्रो ई-क्लीन नाम सामान 2603 रुपए प्रति नग के हिसाब से निर्धारित है।*

### *5 लाख की मशीन 20 लाख में खरीदी*

*स्वास्थ्य विभाग के अफसरों की सिफारिश और सीजीएमएससी के तत्कालीन अधिकारियों की सहमति के बाद बाजार में अधिकतम पांच लाख में मिलने वाली मशीन को बीस लाख रुपए प्रति मशीन के हिसाब से खरीदा गया था। यह खरीदी विभागीय घोटाले का प्रमुख हिस्सा था। लगभग 38 करोड़ की मशीन राज्यभर के स्वास्थ्य केंद्रों में भेज दी गई थी। मशीन इस तरह से सेट की गई थी कि उसमें केवल मोक्षित कार्पोरेशन द्वारा दिया जाने वाला रीएजेंट काम कर सकता था।*

# नान के गोदामों में गाड़ियों का टोटा राशन दुकानों में भंडारण नहीं डीएम को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



खबर का असर

छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर के गोदामों में ट्रांसपोर्ट गाड़ियों का टोटा होने से उचित मूल्य की दुकानों में चावल, शक्कर एवं नमक की आपूर्ति व्यवस्था ठप मामले में हरिभूमि ने खबर प्रकाश की थी, जिसका असर यह हुआ है कि इस मामले में अब नागरिक आपूर्ति निगम के डीएम को जिला प्रशासन ने नोटिस जारी कर राशन दुकानों में खाद्यान्न के भंडारण नहीं किए जाने का कारण पूछा है। हालांकि इसके बाद भी राशन दुकानों में खाद्यान्न की आपूर्ति समय पर नहीं की जा रही है। इधर इस मामले में कलेक्टर गौरव सिंह ने कहा कि राशन दुकानों में डिमांड के अनुसार शत-प्रतिशत खाद्यान्न की आपूर्ति के निर्देश दिए हैं।

राजधानी रायपुर सहित जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों उचित मूल्य की दुकानों में चावल, शक्कर से लेकर नमक की आपूर्ति समय पर नहीं की जा रही है। इसके कारण एक ओर जहां कार्ड धारकों को राशन दुकानों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर दुकान संचालकों की भी परेशानी बढ़ी हुई है। दुकान संचालक बार-बार गोदामों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन वहां पहुंचने पर उन्हें एक ही जवाब मिल रहा है कि ट्रांसपोर्ट एजेंसी द्वारा गाड़ियां बहुत कम भेजी जा रही हैं। इसके कारण दुकानों में खाद्यान्न भंडारण कराने में भी देर हो रही है।

### डीओ कटने के बाद भी आपूर्ति में देर

राशन दुकान संचालकों की डिमांड के अनुसार डीओ काटने में जहां देर की जा रही है, वहीं डीओ कटने के बाद समय पर दुकानों में खाद्यान्न का भंडारण किया जाता है। हालांकि गोदाम प्रभारियों का कहना है कि डीओ तभी कटेगा, जब ट्रांसपोर्ट एजेंसियों द्वारा अनुबंध और डिमांड के अनुसार गाड़ियां उपलब्ध कराई जाएं। उनके द्वारा तो 4 से 5 गाड़ी ही भेजी जा रही है, जबकि छोटी-बड़ी मिलाकर 12 गाड़ियां उन्हें गोदामों में राशन दुकानों में सप्लाई के लिए लगाया जाना है।

# नकली एंटीबायोटिक दवा मामले में सबूत जुटाने पुलिस इन्वेस्टीगेशन की तैयारी

## लेनदेन का नहीं मिल रहा लिंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गोगांव के ट्रांसपोर्ट में मिली नकली एंटीबायोटिक दवा मामले के आरोपियों के खिलाफ सबूत जुटाने पुलिस की मदद लेने की तैयारी है। मामले में आरोपियों के बीच दवा की खरीदी-बिक्री का लिंक नहीं मिल पाया है। बनी विवाद की स्थिति के पटाक्षेप के बाद मामले की जांच ने पुनः गति पकड़ी है। इस मामले में दो छत्तीसगढ़ के साथ मध्यप्रदेश के दवा कारोबारियों की मिलीभगत की आशंका बनी हुई है।

- विवादों के पटाक्षेप के बाद ट्रांसपोर्ट में मिली नकली गोलियों की जांच शुरू

ट्रांसपोर्ट में मिली नकली दवा का लिंक तलाशते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम छत्तीसगढ़ में सारंगढ़ और बलौदाबाजार जिले दवा कारोबारी तक पहुंच गई थी, इसका संबंध इंदौर से होने का भी खुलासा हो गया था। इस बीच सारंगढ़ के कारोबारी के ठिकाने पर जांच के बाद मामला विवादों में आ गया। विवाद तब बढ़ गया, जब कारोबारी और जांच से जुड़े अधिकारी ऑफिस के बाहर मीटिंग का मामला सामने आ गया। इसके बाद जांच ठंडे बस्ते में चली गयी थी। राज्य शासन की कार्रवाई और खाद्य एवं औषधि प्रशासन के नियंत्रक दीपक अग्रवाल के निर्देश पर मामले की जांच पुनः आगे बढ़ी है। सूत्रों के मुताबिक इस मामले में संदेहियों द्वारा काफी समय से दवा की खरीदी-बिक्री किए जाने की बात सामने आई है, मगर उनके बीच हुए लेनदेन के बारे में पता नहीं चल पा रहा है। उनके व्यापारिक लेनदेन का खुलासा करने एफडीए के अफसर अब पुलिस की मदद लेने की ▶▶|शेष पेज 13 पर

### *मोबाइल पर तस्वीर मामला अटका हुआ*

*शुरुआती जांच में सारंगढ़ दवा कारोबारी के एक रिश्तेदार के मोबाइल में संबंधित दवा का फोटो भी पाया गया था। संबंधित दवा की तस्वीर उसे भेजी गयी थी अथवा उसने डाउनलोड की थी, यह स्पष्ट नहीं हुआ था। पुलिस की मदद से इस मामले की तह तक जाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही इस प्रकरण में यह इन्वेस्टीगेशन हिस्सा हो सकता है कि कुछ साल पहले देवपुरी में पकड़े गए नकली दवा के मामले से इसका कोई लिंक तो नहीं है।*

### असरकारक तत्व नहीं

एंटीबायोटिक दवा आमतौर पर किसी संक्रमण से लड़ने में सहायक होती है। यह दवा अक्सर उन मरीजों को दी जाती जिनकी बीमारी ठीक नहीं हो पा रही है। नकली दवा में ऐसे मॉलीक्यूल का उपयोग ही नहीं किया गया था बीमारी के वायरस से लड़ने के लिए सहायक हो। सीधे शब्दों में यह चूना जैसा पावडर था। इसे आकर्षक तरीके से पैक कर बड़ी कंपनी के नाम से बाजार में खपाने की तैयारी थी।

# रजिस्ट्री कराने आए अफसर की गाड़ी से 38 लाख पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जमीन रजिस्ट्री कराने आए मंदिर हसौद निवासी एफसीआई के अफसर की गाड़ी से अज्ञात चोरों ने 38 लाख रुपए पार कर दिए। उठाईगिरी करने के आरोप में क्राइम ब्रांच की टीम अफसर के परिचित सहित अन्य चार को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस ने चोरी की रकम बरामद कर ली है। घटना सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के ऑक्सीजोन की है। मंदिर हसौद निवासी एफसीआई के अफसर ज्ञानप्रकाश पाण्डेय जमीन रजिस्ट्री कराने सोमवार को कलेक्टोरेट स्थित रजिस्ट्री कार्यालय कार से पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि कार की सीट पर पैसे रखकर वे किसी के आने का इंतजार कर रहे थे। इस दौरान अज्ञात चोर ने कार की सीट से नोटों से भरा बैग पार कर दिया। रकम गायब देख ग्रामीण शिकायत करने थाने पहुंचा। उठाईगिरी की जानकारी मिलने के बाद क्राइम ब्रांच की ▶▶|शेष पेज 13 पर

- पड़ताल करने के बाद क्राइम ब्रांच ने बरामद की रकम

# एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन, तस्करों की खुली फाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के तीन सप्ताह बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का का गठन किया है। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम क्राइम डीसीपी स्मृतिक राजनाला के आब्जर्वेशन में काम करेगी। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के नोडल अफसर एडीसीपी अनुज कुमार बनाए गए हैं। पुलिस कमिश्नर द्वारा जारी आदेश के मुताबिक एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स में एक इंस्पेक्टर, एक एसआई, एक एएसआई के साथ तीन हवलदार, पांच आरक्षक सहित 10 पुलिसकर्मी शामिल रहेंगे। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ▶▶|शेष पेज 13 पर

- चार संदिग्धों को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ

### पारंपरिक की जगह सिंथेटिक ड्रग की तस्करी

जिले की पुलिस ने वर्ष 2025 में मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान को तेज किया, जिसमें एनडीपीएस एक्ट के तहत 271 मामले दर्ज किए गए और 445 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिले में तस्करी का पैटर्न पारंपरिक कंट्राबेंड (जैसे गांजा और अफीम) से बदलकर ▶▶|शेष पेज 13 पर

# सीजनल हवा निरंतरता लिए हुए बारिश, ठंड की तरह गर्मी का असर भी ज्यादा रहने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रशांत महासागर में ला-नीना के प्रभाव से मौसमी हवा निरंतरता लिए हुए है। इसकी वजह से इस बार बारिश और ठंड की तरह गर्मी का असर भी ज्यादा रहने का अनुमान है। अभी बढ़ते क्रम में मौसमी उतार-चढ़ाव का दौर जारी रहने की उम्मीद है, मगर मार्च के दूसरे पखवाड़े से गर्मी का प्रभाव प्रबल होने की संभावना है।

- ला-नीना का प्रभाव, सभी ऋतुओं में नहीं हुआ ज्यादा परिवर्तन

### रायपुर टॉप पर

दिन की गर्मी के मामले में रायपुर पिछले चार दिनों से राज्य में अव्वल है। यहां का तापमान 32.9 दर्ज किया जा रहा है जो लोगों को बढ़ती गर्मी का अहसास करा रहा है। अभी दिन में गर्मी बढ़ते क्रम में है, मगर न्यूनतम तापमान उतार-चढ़ाव वाली स्थिति में है।

## बारिश से पहले फेंसिंग का कार्य पूरा करने का लक्ष्य बनाकर कार्य कर रहा रेलवे

# मवेशी रोकने बिलासपुर से दुर्ग तक लग रही फेंसिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्रेन के परिचालन को बाधा मुक्त बनाने रेलवे प्रशासन मवेशियों की आवाजाही रोकने के फेंसिंग लगा रहा है, जिसका कार्य 70 फीसदी से भी अधिक हो चुका है। बारिश के बाद बिलासपुर से दुर्ग के बीच ट्रेन परिचालन में मवेशी बाधा नहीं बनेंगे। बात दें कि रेलवे बिलासपुर से दुर्ग तक 150 किलोमीटर तक डब्लूडीएम फेंसिंग लगा रहा है, जो 90 किलोमीटर तक लगकर तैयार हो चुका है। रेलवे बारिश तक इस कार्य को पूरा करने का लक्ष्य बनाकर कार्य कर रहा है। हरिभूमि से बातचीत में डीआरएम दयानंद ने बताया ▶▶|शेष पेज 13 पर

- रेलवे परिसर, पटरियों के आसपास मवेशी लाने पर होगी कड़ी कार्रवाई, विशेष अभियान हुआ शुरू

### 60 किलोमीटर में बचा फेंसिंग का काम

बिलासपुर से दुर्ग के बीच ट्रेन गांव व खेतों से गुजरती है। यहां अक्सर मवेशियों के ट्रेन से टकराने और पटरियों में आने की समस्या बनी रहती थी। रेलवे पटरियों के किनारे इस तरह फेंसिंग लगा रहा है कि कोई भी बड़ा मवेशी ट्रेन तक न पहुंच पाए। जानकारी के मुताबिक हथबंद, भाटापारा, कुम्हारी, तिल्दा के बीच मवेशियों की आवाजाही अधिक रहती थी। अब यहां फेंसिंग के बाद ट्रेन की रफ्तार प्रभावित नहीं होगी। 60 किलोमीटर में अब फेंसिंग का काम बचा है।



फाइल फोटो

### बारिश से पहले पूरा होगा काम

बिलासपुर से दुर्ग के बीच फेंसिंग लगाने का काम चल रहा है। 150 में 90 किलोमीटर का काम हो चुका है। बारिश से पहले इसे पूरा कर लिया जाएगा, जिसके बाद मवेशी पटरियों तक नहीं पहुंच सकेंगे। ट्रेनों की रफ्तार प्रभावित नहीं होगी।

- **दयानंद,** डीआरएम, रायपुर रेल मंडल

### पटरियों पर मवेशियों को लाया तो होगी कार्रवाई

रेलवे प्रशासन द्वारा सुरक्षित एवं समयबद्ध रेल परिचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बिलासपुर मंडल के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों व रेलवे लाइनों के आसपास मवेशियों की आवाजाही रोकने विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मंडल द्वारा प्रभावित स्थानों पर पशुपालकों, चरवाहों तथा मवेशियों के मालिकों को समझाइश दी गई है। इसके बाद भी उनके द्वारा लापरवाही बरतने पर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। रेलवे प्रशासन सभी मवेशी मालिकों से अपील करता है कि वे अपने मवेशियों को रेलवे स्टेशन एवं रेलवे लाइनों के आसपास न आने दें, अन्यथा रेलवे अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने का निर्णय

**रायपुर।** ले. अरविन्द दीक्षित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष अर्जुमन ढेबर के नेतृत्व में ब्लॉक की प्रथम बैठक में यह निर्णय लिया गया कि संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस द्वारा जनसमस्याओं को प्राथमिकता से उठाने तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। नवनियुक्त अध्यक्ष अर्जुमन ढेबर ने सभी वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। बैठक में शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### प्रशासनिक बर्बरता और ग्रामीण की मृत्यु निंदनीय : महंत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कड़ी प्रतिक्रिया में कहा, बलरामपुर जिले के हंसपुर गांव में हुई घटना



बेहद दुखद है। प्रशासनिक गुंडागर्दी और अधिकारियों द्वारा आदिवासी ग्रामीणों के साथ की गई मारपीट से एक ग्रामीण की जान चली गई। उन्होंने कहा, लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता की रक्षा करने वाले अधिकारियों का कृत्य किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं है। राज्य सरकार से मांग करता हूं कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच सुनिश्चित की जाए। घटना के लिए दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

### कलेक्टर को इसरो ने किया सम्मानित



**रायपुर।** जिले में बच्चों को विज्ञान एवं नवाचार से जोड़ने की दिशा में किए गए उल्लेखनीय प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है। कलेक्टर गौरव सिंह के मार्गदर्शन तथा जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन के नेतृत्व में विशेष क्षेत्रों के बच्चों को शिक्षा और वैज्ञानिक गतिविधियों के अवसर उपलब्ध कराने की पहल के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किया है।

### राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 22 फरवरी को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 22 फरवरी को रायपुर जिले के 48 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रथम पाली सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक होगी। परीक्षा से संबंधित गोपनीय सामग्री का वितरण जिला कोषालय, कलेक्टर परिसर रायपुर से सुबह 7 बजे एवं दोपहर 12 बजे किया जाएगा।

# अरुण साव, ओपी चौधरी, तोखन साहू, विजय बघेल ने संभाला असम में मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

असम में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने प्रदेश के नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव को जहां असम में 9 विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई है, वहीं प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी को वहां पर दस विधानसभाओं का जिम्मा मिला है। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू को भी एक लोकसभा की सभी विधानसभाओं का जिम्मा दिया गया है। दुर्ग के सांसद विजय बघेल को भी दस विधानसभाओं की कमान सौंपी गई है। ये नेता एक बार असम का दौरा कर चुके हैं, अब फिर ये नेता सोमवार को असम गए हैं और वहां अपनी जिम्मेदारी वाली विधानसभाओं में मोर्चा संभाल लिया है।

■ प्रदेश के चारों नेता एक बार फिर असम के दौरे पर



भाजपा का राष्ट्रीय संगठन लगातार प्रदेश के नेताओं को दूसरे राज्यों के विधानसभाओं की बड़ी जिम्मेदारी दे रहा है। अब तो भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बन गए हैं। वे भली भांति प्रदेश के नेताओं की क्षमता जानते हैं। ऐसे में अब यहां के नेताओं को और ज्यादा जिम्मेदारी मिलने की संभावना है।

### असम के दौरे पर प्रदेश के नेता

प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव को असम में एक लोकसभा की 9 विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई है। वे वहां का एक बार तीन दिनों का दौरा करके आने के बाद वापस एक बार फिर से गए हैं। दुर्ग के सांसद विजय बघेल को डिब्रूगढ़ लोकसभा की दस विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई है। एक बार वे वहां का दौरा करके वापस आ गए हैं। श्री बघेल ने बताया वे फिर से आज से अपनी जिम्मेदारी वाली विधानसभाओं का दौरा करेंगे। प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी को एक लोकसभा की 10 विधानसभाओं का जिम्मा दिया गया है। वे भी एक बार असम का दौरा कर चुके हैं। सोमवार को वे भी फिर से असम गए हैं। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू को भी वहां पर बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। वे भी सोमवार को असम गए हैं।

## सीएम साय ने कहा- दो साल में मोदी की गारंटी के अधिकतर वादों को हमने किया पूरा

# सभी मोर्चा को मिला केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश भाजपा संगठन के संयुक्त मोर्चा की पहली बार हुई बैठक में केंद्र सरकार के साथ ही प्रदेश सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का जिम्मा मोर्चा को दिया गया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, सभी मोर्चा के प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक पदाधिकारी व कार्यकर्ता शासन की योजनाओं और मोदी की गारंटी की सफलताओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सक्रिय हों। हमारा लक्ष्य वर्ष 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करना है। सच्ची सेवा भावना के साथ हमें एक शक्तिशाली और समृद्धशाली भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभानी है।

श्री साय ने सोमवार कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में संयुक्त मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति बैठक में कहा, युवा, महिला, किसान, एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक मोर्चों के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक पहुंचना हमारी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, हमने मात्र दो वर्षों में मोदी की गारंटी के अधिकांश वादों को पूरा कर दिया है। उन्होंने कहा, हमें जनता को इन योजनाओं के बारे में बताना है और इससे लोगों का जुड़ाव सीधे हम तक होगा। पीएम जन-मन योजना के माध्यम से 24 हजार करोड़ रुपए के प्रावधान से जनजातीय क्षेत्रों का विकास किया जा रहा है। राज्य की नई उद्योग नीति की देश-विदेश में सराहना हो रही है। खेलो इंडिया के माध्यम से खेलों को महत्व दिया जा रहा है और पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का सम्मान सरकार की प्राथमिकता है।

### योजनाओं की चर्चा हर घर और हर गली में होनी चाहिए : जामवाल

भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने आगामी लक्ष्यों का रोडमैप सामने रखा और कहा, पार्टी आज न केवल देश की, बल्कि विश्व की नंबर वन पार्टी बन चुकी है, लेकिन हमारा वास्तविक लक्ष्य भारत को शक्तिशाली, समृद्धशाली, आत्मनिर्भर और 'विश्वगुरु'



बनाना है। आज केंद्र की योजनाओं का लाभ हर घर तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार के कार्यों और योजनाओं की चर्चा हर घर और हर गली में होनी चाहिए।

### बजट की दें सबको जानकारी : किरण देव

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने पार्टी के विभिन्न मोर्चा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती और आगामी बजट सत्र को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश देते हुए कहा, पार्टी में निरंतर प्रशिक्षण की परंपरा है। 17 फरवरी से हमारे प्रशिक्षण वर्ग की कार्यशाला शुरू हो रही है, जहां नए कार्यकर्ताओं को भाजपा की



रीति-नीति से अवगत कराया जाएगा। श्री देव ने कहा, केंद्र सरकार के बजट के बाद अब छत्तीसगढ़ के बजट की बारी है। प्रदेश सरकार के बजट को हमें जनता की परिकल्पना के अनुसार नीचे तक ले जाना है। बूथ स्तर तक जाकर युवाओं और महिलाओं को बजट की लोक-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना है।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी एवं यशवंत जैन ने किया। संयुक्त मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति बैठक में भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कंडेय, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह और अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मख्मूर इकबाल सहित समस्त मोर्चा पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के अधिकारियों ने किया कला केंद्र का भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) से आए आईएएस अधिकारियों के एक दल ने रायपुर स्थित कला केंद्र का भ्रमण किया। इस दौरान अधिकारियों ने कला केंद्र की संकल्पना, संरचना एवं यहां संचालित विभिन्न कलात्मक गतिविधियों का अवलोकन कर इसकी सराहना की। यह कला केंद्र का उद्देश्य युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करना तथा कला एवं संस्कृति का संरक्षण एवं संवर्धन करना है।

आईएएस अधिकारियों ने केंद्र के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया तथा संगीत, नृत्य, नाट्य एवं अन्य कलात्मक विधाओं के प्रशिक्षण एवं संचालन की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने कला केंद्र की व्यवस्थाओं एवं गतिविधियों की सराहना करते हुए इसे एक प्रेरणादायक पहल बताया। उन्होंने कहा कि यह केंद्र युवाओं की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर कला केंद्र के राहुल ठाकुर ने गिटार के साथ एक संगीतमय प्रस्तुति दी।

### कलेक्टर से सौजन्य मुलाकात

इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम (आईटीपी) के तहत राजधानी पहुंचे आईएएस अफसरों ने कलेक्टर गौरव सिंह से उनके कार्यालय में मुलाकात की। डॉ. सिंह ने सभी अधिकारियों को जिले में संचालित जिला प्रशासन के पायलट प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी।

### डीआरएम ऑफिस में आज संसदीय क्षेत्रों के सांसदों की बैठक

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले संसदीय क्षेत्रों के सांसदों की बैठक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के साथ मंगलवार को रायपुर रेल मंडल में आयोजित की जाएगी। रायपुर मंडल में आयोजित इस बैठक में माननीय सांसद बृजमोहन अग्रवाल , महेश कश्यप, भोजराज नाग, रूपकुमारी चौधरी व सहित अन्य सांसद उपस्थित रहेंगे। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश व मंडल रेल प्रबंधक, रायपुर श्री दयानंद और बिलासपुर मुख्यालय के प्रधान विभाग अध्यक्ष रायपुर रेल मंडल के वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित रहेंगे।

## सीएस ने की नवा अंजोर विजन मॉनिटरिंग पोर्टल की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्य सचिव विकासशील ने सोमवार को मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित बैठक में छत्तीसगढ़ नवा अंजोर विजन 2047 मॉनिटरिंग पोर्टल की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में राज्य शासन के विभिन्न विभागों के सचिव उपस्थित रहे। मुख्य सचिव ने नवा




अंजोर विजन 2047 के अंतर्गत निर्धारित इंडिकेटर्स की राज्य स्तरीय समीक्षा करते हुए सभी विभागीय सचिवों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति, निर्धारित लक्ष्यों की नियतकालिक उपलब्धि तथा अद्यतन जानकारी मॉनिटरिंग पोर्टल में समय-समय पर दर्ज करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पोर्टल के माध्यम से योजनाओं की प्रगति की प्रभावी निगरानी एवं मूल्यांकन संभव है, जिससे राज्य के विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में गति आएगी। मुख्य सचिव ने सभी विभागीय सचिवों को अपने विभागीय डैशबोर्ड पर ऑनलाइन प्रगति की नियमित समीक्षा करने तथा निर्धारित इंडिकेटर्स के अनुरूप कार्यों में तेजी लाने के निर्देश भी दिए।बैठक में विजन 2047 के लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति हेतु समन्वित एवं परिणामोन्मुख कार्यवाही पर विशेष जोर दिया गया।

## मुख्यमंत्री साय की अध्यक्षता में एससीआर की पहली बैठक जल्द

**चार मंत्री, सीएस और विभागीय सचिव होंगे शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण यानी एससीआर की पहली बैठक मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में जल्द होगी।



इस बैठक की तैयारियां तेजी से की जा रही हैं। इस बैठक में प्राधिकरण में शामिल चार मंत्री, मुख्य सचिव और कई विभागों के सचिव शामिल होंगे। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली इस पहली बैठक को अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है, इस बैठक में राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के कामकाज और संचालन के लिए दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। इधर राज्य शासन ने एससीआर के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी के रूप में वरिष्ठ आईएएस अंकित आनंद की नियुक्ति की है।

इसके साथ ही 240 अधिकारियों-कर्मचारियों का सेटअप भी मंजूर हो चुका है। एससीआर के दायरे में रायपुर, नवा रायपुर, भिलाई और दुर्ग शहर शामिल हैं। जरुरत पड़ने पर इसके क्षेत्र में विस्तार करते हुए अभनपुर और राजनांदगांव को भी शामिल किया जा सकता है।

## भूपेश ने कहा- देश पर मनमोहन के कार्यकाल में जितना कर्ज था वह अब तीन गुना ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत की मौजूदा अर्थव्यवस्था को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में भारत पर कितना कर्जा था और मौजूदा



समय में यह कितना है, इसकी तुलना कर लें। दावा करते हुए कहा, देश पर 2014 से पहले जितना कर्ज था, वह अब तीन गुना ज्यादा है। भाजपा को पहले अर्थव्यवस्था कैसी है, वह देख लेनी चाहिए? उन्होंने कहा, वह केवल अपने मित्रों के लिए व्यवस्था कर रहे हैं। डिप्टी सीएम साव के कांग्रेस जिला अध्यक्षों की परफॉर्मेंस को लेकर दिए बयान पर पूर्व सीएम बघेल ने पलटवार किया। उन्होंने कहा, अरुण साव ने अपने प्रदेश अध्यक्ष के रूप में जो-जो वादे किए थे, सभी की समीक्षा करें। पहले देख लें कि वह कितने वादों पर खरा उतरे और क्या नहीं कर पाए। कांग्रेस को सीख देने की कोशिश न करें।

**चंड़ीगढ़ की बैठक में हुए शामिल :** पंजाब कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी भूपेश बघेल चंडीगढ़ गए। उन्होंने अपने दौरे को लेकर जानकारी दी कि चंडीगढ़ में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की बैठक है, जिसमें वह शामिल होंगे। मनरेगा बचाओ महासंग्राम, अमेरिका टैरिफ जैसे मुद्दों पर सरकार के खिलाफ लड़ाई शुरू की जाएगी।

# छह जिले के 42 स्वसहायता समूह को रेडी-टू-ईट निर्माण एवं वितरण का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में कुपोषण दूर करने और महिला सशक्तिकरण के लिए रेडी-टू-ईट फूड निर्माण का काम महिला स्वसहायता समूहों को सौंपते हुए 6 जिलों में पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है। रायगढ़, बस्तर, दंतेवाड़ा, बलौदाबाजार, कोरबा, और सूरजपुर जिलों में आंगनबाड़ियों के लिए पौष्टिक आहार निर्माण का कार्य महिला समूहों को मिला है। 6 जिले के 42 महिला स्व-सहायता समूहों को रेडी टू ईट के निर्माण और वितरण का कार्य सौंपा गया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण और कुपोषण मुक्ति के इस मिशन को प्रथम चरण में प्रदेश के 6 जिलों बस्तर, दंतेवाड़ा, बलौदाबाजार, कोरबा, रायगढ़ एवं सूरजपुर में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया जा रहा है। वहीं रायगढ़ प्रदेश का पहला जिला बन गया है, जहां महिला समूहों ने 'रेडी-टू-ईट' उत्पादन प्रारंभ किया है। यह पहल महिलाओं की आर्थिक समृद्धि और बच्चों के स्वास्थ्य दोनों को नई दिशा प्रदान करेगी।

### इन जिलों में इतनी महिला स्वसहायता समूह को काम

महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोरबा-10 स्व-सहायता समूह को रेडी-टू-ईट निमाण का कार्य सौंपा जा चुका है। इसी प्रकार रायगढ़-10 स्व-सहायता समूह, सूरजपुर और बलौदाबाजार-भाठापारा जिला में 7-7 स्व-सहायता समूह को, बस्तर जिले में 6 स्व-सहायता समूह और दंतेवाड़ा में 2 महिला स्व-सहायता समूह को रेडी-टू-ईट निमाण का कार्य सौंपा जा चुका है। इन स्व-सहायता समूहों के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए पूरक पोषण आहार का निर्माण और वितरण का कार्य किया जा रहा है।

### आर्थिक रूप से सशक्त होंगी महिलाएं

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा, इस फैसले से बच्चों को पोषण युक्त आहार प्रदान कर राज्य के पोषण स्तर में सुधार लाने में भी यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। समूहों की बहनें अब आंगनबाड़ी के बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के साथ-साथ इस कार्य से अपनी आमदनी भी बढ़ाएंगी, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगी।

## सभी वर्गों को ध्यान में रखकर बनाया गया बजट : ओपी चौधरी

# सत्र के दूसरे दिन ही पेश होगा छत्तीसगढ़ का बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार का बजट 24 फरवरी को विधानसभा में पेश किया जाएगा। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि राज्य विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू हो रहा है और अगले दिन 24 फरवरी को बजट पेश किया जाएगा। ज्ञान-गति के बाद इस बार भी नई थीम के साथ बजट पेश किया जाएगा।

उन्होंने कहा, इस बार का बजट महिलाओं, युवाओं और किसानों को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है। इसमें सभी वर्गों को ध्यान रखा गया है। उन्होंने बताया कि सरकार की प्राथमिकता है कि बजट के माध्यम से प्रदेश के विकास को गति मिले और जनहितकारी योजनाओं को और मजबूत किया जाए। बताया गया है कि इस बार के बजट में सभी विभागों की गैर जरूरी योजनाओं की राशि में कटौती की जाएगी। प्रदेश के सभी बड़े नगर पंचायतों और नगर पालिकाओं में रिंग रोड बनाने की तैयारी की जा रही है, इसके लिए लगभग सौ करोड़ रुपए का प्रावधान करने की तैयारी है। छूटे हुए जिलों में नालंदा लाइब्रेरी बनाने के लिए पैसे दिए जाएंगे। पीएम सूर्यघर योजना के साथ ही आयुष्मान योजना के लिए लगभग दो हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया जाएगा।



### सत्र में होंगी 15 बैठकें

उल्लेखनीय है कि बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू होगा जो 20 मार्च तक चलेगा। इस दौरान कुल 15 बैठकें होंगी। सत्र के पहले दिन राज्यपाल रमेन डेका सदन को संबोधित करेंगे। उनके अभिभाषण के साथ ही बजट सत्र की शुरुआत होगी। राज्यपाल अपने संबोधन में सरकार की नीतियों, उपलब्धियों और आगे की योजनाओं की जानकारी देंगे। बजट सत्र के दौरान राज्य सरकार वित्तीय वर्ष के आय-व्यय का विवरण सदन में पेश करेगी।

### अब तक 2144 सवाल लगे

विधानसभा के बजट सत्र को लेकर विधायकों ने अब तक 2144 सवाल लगाए हैं। सत्र के दौरान पहले दिन को छोड़कर शेष दिन प्रश्नकाल होगा। सत्र के दौरान विपक्ष द्वारा प्रदेश के कई जनहित के मुद्दों पर स्थगन भी लाया जाएगा। सत्र के दौरान 27 फरवरी को नए वित्तीय वर्ष का बजट पेश किया जाएगा। वहीं, सत्ता पक्ष की ओर से प्रदेश के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण विधायी कार्य और वित्तीय प्रस्ताव सदन पटल पर रखे जाएंगे। वहीं सत्र में लाए जाने वाले विधेयकों पर भी चर्चा की गयी।

### :: उद्घोषणा::

क्रमांक 12503 /आर.सी./रा.वि.प्रा./ 2025

रायपुर दिनांक 30.12.2025

प्राधिकरण की डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी आवास योजना बोरियाखुर्द के अन्तर्गत **श्रीमती सुशीला तिवारी पति श्री सी.पी. तिवारी को फ्लैट क्रमांक एन-135** भूतल रकबा 299 वर्गफुट पर आबंटित है। आबंटिती द्वारा प्राधिकरण से संपत्तिधारण-प्रमाण-पत्र प्राप्त कर **दिनांक 25.03.2025** को उक्त फ्लैट **श्री चन्द्र शेखर गुप्ता पिता श्री अर्जुन प्रसाद केशरी** को विक्रय कर दिया है। क्रेता द्वारा बैनामा की फोटो प्रति प्रस्तुत करते हुए प्राधिकरण नामांतरण हेतु आवेदन किया है।

उक्त फ्लैट का नामांतरण श्री **चन्द्र शेखर गुप्ता पिता श्री अर्जुन प्रसाद केशरी** के नाम पर करने से यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा होवे तो इस उदघोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर प्राधिकरण के राजस्व कक्ष में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नही होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नामांतरण की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राहय नही होगा।

दिनांक......... ..को जारी ।

**राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)**
**रायपुर विकास प्राधिकरण,**
**रायपुर छ.ग.**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक**
**मण्डल, 12-रायपुर**

### आम सूचना

**जारी दिनांक 10/02/2026**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री तोरण प्रकाश पुजारी पिता स्व. कृष्ण प्रकाश पुजारी अन्य दो निवासी पुजारी बाड़ा सदर बाजार रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित भूमि ग्राम रायपुर खास पटवारी हल्का नंबर 62 राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-12 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 1902/93, 1902/91, 1902/2 रकबा क्रमशः 0.5320 हे., 0.5320 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 21/01/2026 के परिपालन में दिनांक 24/02/2026 को समय 12.00 पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 62 के पुजारी चेंबर पचपेड़ी नाका में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी भी प्रकार के दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-12**

**तहसीलदार, मंदिर हसौद**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

**संदर्भः** जिला रायपुर तहसील-मंदिर हसौद प.ह.न.-00022 मंदिर हसौद ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202526440204500041

### // ईश्तहार //

तहसील मंदिर हसौद के प.ह.न. 00022 के अंतर्गत ग्राम मंदिर हसौद के वर्तमान भूमिस्वामी रुपेश कुमार पिता/ पति-रामकिसुन पता-मंदिरहसौद, योगेश कुमार पिता/ पति-रामकिसुन पता-मंदिरहसौद लक्ष्मीकांत पिता/ पति-रामकिसुन पता-मंदिरहसौद देवेन्द्र कुमार पिता/ पति-रामकिसुन पता-मंदिरहसौद के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 397/2(0.1660) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता रुपेश कुमार पिता/ पति-रामकिसुन पता-मंदिरहसौद, लक्ष्मीकांत पिता/ पति-रामकिसुन पता-मंदिरहसौद योगेश कुमार पिता/ पति-रामकिसुन पता-मंदिरहसौद देवेन्द्र कुमार पिता /पति-रामकिसुन पता-मंदिरहसौद के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09/03/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार, मंदिर हसौद पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/02/2026 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार:**
मुहर
Vinod kumar sahu
**मंदिर हसौद**

## खबर संक्षेप

### आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज का वार्षिक महासम्मेलन 21 को

**आरंग।** ग्राम बेनीडीह में 21 फरवरी को आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज आरंग परिक्षेत्र का वार्षिक महासम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार, प्रथम पाली में कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 11 बजे आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज भवन, आरंग में भगवान बूढ़ादेव की पूजा-अर्चना से होगी। यह पूजा ईश्वर छेदैहा भुमका पुजारी जी के करकमलों से संपन्न की जाएगी। तत्पश्चात सायं 4 बजे ग्राम बेनीडीह में पूजा-अर्चना के साथ सामाजिक पदाधिकारियों एवं वरिष्ठजनों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस दौरान अतिथियों के आगमन एवं भोजन-प्रसाद की समुचित व्यवस्था रहेगी। रात्रि 9 बजे सामाजिक परिचर्चा के साथ वार्षिक आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया जाएगा। इस अवसर पर परिक्षेत्र के सभी ग्रामों के पंचों को आमंत्रित किया गया है तथा समस्त समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का विनम्र निवेदन किया गया है।

### शिव-पार्वती की निकाली भव्य शोभायात्रा

**रायपुर।** महाशिवरात्रि पर रायपुर सहित कई स्थानों पर शिव-पार्वती की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ढोल-नगाड़ों और हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ झांकियां भी निकाली गईं। साथ ही भव्य भंडारा और आतिशबाजी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राजपूत परिवार के परमवीर सिंह गौतम द्वारा किया गया।

### कैलाशानंद गिरी महाराज पहुंचे रायपुर

**रायपुर।** डॉ. स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज सोमवार रात राजधानी रायपुर पहुंचे। माना विमानतल पर पूर्व विधानसभाअध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने महाराज की अगवानी की।

## निधन

### कुमार सिंह चंद्राकर

**आरंग।** ग्राम फ़रफ़ौद निवासी चंद्राकर समाज के वरिष्ठ नागरिक दाऊ कुमार सिंह चंद्राकर (उम्र 78 वर्ष) का आकस्मिक निधन हो गया। वे सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं ग्राम फ़रफ़ौद के पूर्व सरपंच हिम्मत सिंह चंद्राकर तथा कमल नारायण चंद्राकर के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में परिजन, ग्रामीणजन एवं समाज के लोग उपस्थित रहे।



**पर्व : शिवालयों की नगरी आरंग में महाशिवरात्रि की धूम**

# पंचमुखी महादेव मंदिर में उमड़ा जनसैलाब निकाली गई शिव-पार्वती विवाह की झांकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

पूरे देश में महाशिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया है। वहीं रविवार को शिवालयो की नगरी के नाम से प्राख्खात नगर आरंग, आस्था, श्रद्धा और आध्यात्म में डूबा रहा। प्रातः से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालु सुबह से ही शिवालयों में पहुंचकर पूजा, आराधना, जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, रूद्राभिषेक करते नजर आए। पंचमुखी महादेव मंदिर में नगर के मित्र धाम समिति द्वारा विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें नगर सहित क्षेत्र के हजारों लोगों ने पहुंचकर भोजन प्रसादी ग्रहण किया। लोग बताते हैं यहां प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि पर विशाल भंडारा कराया जाता है। वहीं नगर के महाकाल ग्रुप द्वारा नगर में शिव पार्वती विवाह की भव्य झांकी और शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों लोगों ने भगवान शिव पार्वती की विवाह में शामिल होकर झूमते नजर आए। प्रातः से ही शिवालयों में पंचाक्षरी मंत्र ऊं नमः शिवाय की ध्वनि और हर हर महादेव की जयकारे गुंजती रही। संध्या नगर के बागेश्वर पारा में मेला जैसा माहौल रहा। बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होकर मेला का आनंद उठाया। रात्रि में भजन संध्या कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। कई मंदिर और घर रंग रोगन और रोशनी से सजा हुआ दिखाई पड़ा।नगर के समाजसेवी और अध्येता महेन्द्र कुमार पटेल बताते हैं आज भी आरंग में पचास से अधिक प्राचीन शिवलिंग विद्यमान है। जिनमें अनेक स्वयंभू शिवलिंग है। नगर के पंचमुखी महादेव में एक शिवलिंग ऐसा है जिसे इतिहास के जानकार धारा शिवलिंग बताते हैं।इस प्रकार के शिवलिंग पूरे देश में यदा कदा स्थान पर ही मिलते है। जिससे कि इस नगर की गौरव और भी बढ़ जाता है।इस तरह संपूर्ण नगर सुबह से देर रात्रि तक श्रद्धा, भक्ति, आस्था और आध्यात्म में डूबा रहा। ज्ञात हो कि महाशिवरात्रि हिंदू धर्म का एक प्रमुख पर्व है, जिसे भगवान शिव और माता पार्वती के पावन विवाह की स्मृति में मनाया जाता है। इस दिन भक्त उपवास रखते हैं, रात्रि जागरण करते हैं और शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा और भस्म, भांग अर्पित कर भगवान शिव का अभिषेक करते हैं।





### लखौली में महाशिवरात्रि पर महा रुद्राभिषेक एवं संगीत संध्या का हुआ आयोजन

**आरंग।** महाशिवरात्रि के अवसर पर ग्राम लखौली स्थित बटुकेश्वर महादेव मंदिर में महा रुद्राभिषेक एवं संगीत संध्या का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव का जलाभिषेक व विशेष पूजा-अर्चना की गई। दोपहर में भोग-भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम को इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय की छात्राओं ने भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन सामूहिक महाआरती के साथ हुआ। आयोजन में क्षेत्र के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरा वातावरण शिवमय बना रहा।



### शिव -पार्वती की झांकी में शामिल हुए मंत्री गुरु खुशवंत

**आरंग।** रविवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर के महाकाल ग्रुप द्वारा भगवान शिव पार्वती विवाह की झांकी के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब पहुंचकर शिव पार्वती की विवाह व शोभायात्रा में शामिल होकर भगवान शिव पार्वती से नगर व प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि के लिए कामना किए। साथ ही महाकाल ग्रुप की सराहना करते हुए उनकी टीम का उत्साह बढ़ाया। महाकाल ग्रुप के अध्यक्ष डाली विश्वकर्मा ने बताया प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि के अवसर पर पूरी रश्म रिवाज के साथ भगवान शंकर पार्वती की विवाह सम्पन्न कराया जाता है। जिसमें प्रथम दिवस चुलमाटी, तेलमाटी, द्वितीय दिवस मायन भंडारा और तीसरे दिन शिव पार्वती की झांकी के साथ बारात निकाली जाती है।जिसमें नगर सहित आसपास के गांव के हजारों श्रद्धालु शामिल होकर उत्साह से भाग लेते है।इस वर्ष दुर्ग की चंडी धुमाल पार्टी की विशेष प्रस्तुति व भगवान शंकर और शिव पार्वती की विवाह की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। तीन दिनों तक आयोजित इस शंकर पार्वती विवाह के आयोजन संयोजन में महाकाल ग्रुप अध्यक्ष डाली विश्वकर्मा, राजेश खेलवार, विक्की साहू, महेन्द्र ठाकुर, भोला साहू, राहुल गोस्वामी, दीपक देवांगन, बल्लू साहू, कपिल यादव, सोमनाथ साहू, गणेश मानिकपुरी, मोनू, कोमल साहू, मनीष गुरुपंथ, लखन साहू सहित बड़ी संख्या में महिला समिति के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

### थाली सजाकर पूजा-अर्चना करने मंदिर पहुंचीं महिलाएं

**आरंग।** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर क्षेत्र के शिव मंदिरों में आस्था का विशेष उत्साह देखने को मिला। पारंपरिक वेशभूषा में सजी-धजी महिलाएं आकर्षक पूजा की थाली सजाकर मंदिर पहुंचीं और श्रद्धा-भाव से पूजा-अर्चना की। सुबह से ही मंदिर परिसर ॐ नमः शिवाय और हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजता रहा।महिलाओं द्वारा सजाई गई थालियों में बेलपत्र, धतूरा, पुष्प, नारियल, दीपक और प्रसाद सुसज्जित रूप में रखे गए थे। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि और मंगलकामना की। मंदिरों में लंबी कतारें लगी रहीं और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।कई महिलाओं ने व्रत रखकर विशेष पूजन किया। मंदिरों में रुद्राभिषेक और भजन-कीर्तन का भी आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय सहभागिता रही।पंडितों के अनुसार महाशिवरात्रि का पर्व अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। इस दिन श्रद्धापूर्वक की गई पूजा से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।कुल मिलाकर महाशिवरात्रि पर महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने पर्व की गरिमा को और बढ़ा दिया। उनकी आस्था और उत्साह से पूरा क्षेत्र शिवमय नजर आया।



## गुरु खुशवंत साहेब की 5 दिवसीय सतनाम सद्भाव पदयात्रा कल से

**मंदिर हसौद।** धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब के सानिध्य में कैबिनेट मंत्री एवं सतनामी समाज के युवराज धर्मगुरु गुरु खुशवंत साहेब कल 18 फरवरी को राजधानी रायपुर के आदर्श नगर मोवा स्थित सतनाम भवन से प्रातः 8 बजे पांच दिवसीय सतनाम सद्भाव पदयात्रा करने जा रहे है जिसका समापन 22 फरवरी को पवित्र गिरौदपुरी धाम में होगा। गुरुजी के संदेश समानता, सद्भाव एवं समरसता के उद्देश्य को लेकर आयोजित इस पदयात्रा में /"बोल रहा अब हिंदुस्तान, मनखे -मनखे एक समान के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। इस पदयात्रा में बड़ी संख्या में श्वेत वस्त्र धारण कर सफेद ध्वज लहराते हुए सतनामी समाज के लोग साथ चलेंगे। तय कार्यक्रम अनुसार मंत्री गुरु खुशवंत साहेब प्रथम दिवस 18 फरवरी को सुबह 8 बजे सतनाम भवन, मोवा स्थित पवित्र जैतखाम व गुरुगद्दी की विशेष पूजा अर्चना व मंगल आरती करके पदयात्रा प्रारंभ करेंगे जो सेमरिया, दोंदेखुर्द, दोदेंकला होते हुए सारागांव पहुंचेगी जहां रात्रि विश्राम करेंगे। द्वितीय दिवस 19 फरवरी को बंगोली, खरोरा, कनकी, भैसा होते हुए पदयात्रा भंडारपुरी पहुंचेंगी जहां रात्रि विश्राम करेंगे। तृतीय दिवस 20 फरवरी को भटिया, खोरसी सण्डी, कोदवा, गिर्रा, घोटिया होते हुए पलारी पहुंचेगी जहां रात्रि विश्राम करेंगे। चतुर्थ दिवस 21 फरवरी को अमेरा, सकरी, बलौदाबाजार, पनगांव होते हुए लवन पहुंचेगी जहां रात्रि विश्राम करेंगे। वहीं अंतिम दिवस 22 फरवरी को कसडोल, छाछी, कटंगी, अमोदी, मटिया, मड़वा होते हुए पवित्र गिरौदपुरी धाम पहुंचेगी जहां पदयात्रा का समापन होगा। इस दौरान प्रदेशवासियों के लिए सुख, शांति, समृद्धि व खुशहाली की कामना करेंगे। गौरतलब है कि पदयात्रा समापन दिवस 22 फरवरी से प्रतिवर्ष की भांति तीन दिवसीय प्रसिद्ध गिरौदपुरी मेला प्रारंभ होगा जो 24 फरवरी तक चलेगा जिसमें देशभर से लाखों लोग गुरु घासीदास जी के पवित्र जन्म स्थली पर मत्था टेकने पहुंचेंगे।

### मंडल की बैठक में संगठन सुदृढ़ीकरण पर हुआ मंथन

**कूंरा।** कुम्हारी स्थित निषाद समाज भवन में गुमा मंडल कांग्रेस कमेटी की प्रथम बैठक उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में उद्धव राम वर्मा (पूर्व जिला रायपुर ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष) प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की एकजुटता ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने जोर दिया कि जमीनी स्तर पर सक्रिय रहकर आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाना ही संगठन का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए।

बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष आशीष वर्मा ने संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी देते हुए मंडल स्तर पर बूथ सशक्तिकरण एवं जनसंपर्क अभियान को और तेज करने का आह्वान किया। गुमा मंडल अध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए आगामी रणनीति प्रस्तुत की और मंडल को सक्रिय एवं मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया। बैठक में गजानंद गोस्वामी, प्रदीप गोस्वामी, राजू सायतोडे, राजेश साहू, पवन निषाद, सौरभ बंजारे, दुर्गा प्रसाद बंजारे, अंजीत सायतोड़े माढर, मंडल अध्यक्ष पंकज नायक निषाद, कोमल डहरिया, गोविंद नेताम, ईश्वर निषाद, चोवाराम साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कांग्रेस नेता रोशन पुरी गोस्वामी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके योगदान को स्मरण किया गया।

## ब्रह्माकुमारी केंद्र में श्रद्धा के साथ फहराया गया शिव ध्वज

**आरंग।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, आरंग में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भव्य झंडारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आरंग सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाई-बहन उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में बीके. लता बहनजी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि परमात्मा शिव ही सत्य हैं, वे अजन्मा हैं और जन्म-मरण के चक्र से परे हैं। वे कर्म और फल के बंधन से सदा अतीत रहते हैं। उन्होंने कहा कि परमात्मा शिव स्वयं कहते हैं कि कलयुग के अंतिम समय में, जब धर्म की अत्यधिक ग्लानि हो जाती है, तब वे अवतरित होकर सच्चा गीता ज्ञान देते हैं, अनेक धर्मों के विनाश और एक श्रेष्ठ धर्म की स्थापना करते हैं। बीके. लता बहन ने बताया कि वर्तमान समय में काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, अत्याचार और पापाचार अत्यधिक बढ़ चुके हैं तथा कलयुग अपनी चरम सीमा पर पहुंच गया है। ऐसे समय में परमात्मा शिव स्वयं गीता ज्ञान सुना रहे हैं, जिसे धारण करने वाले आत्माएं सतयुग में स्थान प्राप्त करेंगी। इस पावन अवसर पर आरंग के साथ-साथ गुल्लू, चपरीद, समोदा, भानसोज, नारा, लाखोली, रीवा, बैहार, भिलाई, छटेरा, बरछा और जरौद सहित अनेक गांवों व नगरों से सैकड़ों श्रद्धालु भाई-बहन शामिल हुए। झंडारोहण के पश्चात सभी को श्रेष्ठ संकल्प कराए गए तथा प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## बीईओ और बैंक कर्मी को हटाने का प्रस्ताव पारित अनुपस्थित अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत आरंग की उपस्थिति में जनपद पंचायत आरंग की सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पीएचई विभाग की योजनाओं पर चर्चा करते हुए सदस्यों द्वारा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन में देरी एवं अनियमितता पर रोष व्यक्त किया गया। उपस्थित अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जनपद सदस्य मुख्यालय स्तर पर आने वाली पंचायतों की बैठक बुलाएँ, जिसमें संबंधित ठेकेदार को भी बुलाया जाए, जिससे समस्या का त्वरित निराकरण हो सके।

- आरंग जनपद पंचायत की बैठक में कड़ा रुख

सदस्यों द्वारा आने वाली ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पेयजल समस्या के निराकरण हेतु बोर खनन के लिए प्रस्ताव रखा गया। उपरांत स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं पर चर्चा की गई। उपाध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि आयुष्मान योजना का अस्पतालों द्वारा दुरुपयोग किया जा रहा है, अतः उपस्थित अधिकारी को सतत मॉनिटरिंग हेतु निर्देशित किया गया। सदस्यों द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि राखी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ चिकित्सक द्वारा वहाँ कार्यरत एक कर्मचारी को अनाधिकृत रूप से कार्य से पृथक कर ग्राम के बाहर के व्यक्ति को सेवा में रख लिया गया है।

साथ ही ग्राम राखी स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ चिकित्सक विधि टेम्बूलकर मैडम का व्यवहार जनप्रतिनिधियों एवं रोगियों के प्रति संतोषजनक नहीं होने पर तत्काल कार्रवाई करने का प्रस्ताव रखा गया।

### अनुपस्थित अधिकारियों पर गिरेगी गाज

शिक्षा विभाग की योजनाओं पर चर्चा करते हुए माननीय सदस्यों द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरंग पर सहयोग न करने एवं पारित प्रस्तावों के क्रियान्वयन नहीं करने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए अन्यत्र स्थानांतरण का प्रस्ताव पारित किया गया। ग्राम भानसोज में संकुल समन्वयक पद पर पदस्थ धनंजय साहू को तत्काल संकुल समन्वयक पद से हटाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। उद्यानिकी विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा मनरेगा के संबंध में उपस्थित अधिकारियों द्वारा समुचित जानकारी बैठक में दी गई। सदस्यों द्वारा सहकारिता निरीक्षक की अनुपस्थिति पर रोष व्यक्त किया गया तथा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा आरंग में पदस्थ मनोज टंडन की कार्यशैली पर असंतोष जताते हुए उन्हें तत्काल हटाने का प्रस्ताव पारित किया गया। इसी प्रकार खनिज विभाग एवं आबकारी विभाग के अधिकारी सूचना प्राप्त होने के उपरांत भी बैठक में उपस्थित नहीं होने के कारण उनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही कलाजथा के माध्यम से जन-जागरूकता अभियान चलाने तथा समग्र उन्नति संस्थान द्वारा क्षेत्र में कंप्यूटर, सिलाई, कढ़ाई एवं उन्नत कृषि प्रशिक्षण संचालन के लिए प्रस्ताव पारित किया गया।

## क्रिकेटर गाजी शूजाउद्दीन खेल प्रतिभा रत्न से सम्मानित

**कूंरा।** धरसीवा सिलतारा में आदर्श परिवार समिति द्वारा आयोजित किया गया था डीजे डांस कार्यक्रम जिसमें नेशनल क्रिकेट खिलाड़ी गाजी शूजाउद्दीन को खेल प्रतिभा रत्न 2026 देकर सम्मानित किया गया। क्योंकि पिछले 16 साल से क्रिकेटर गाजी ने भारत के 18 राज्य में प्रतिनिधित्व करते हुए नजर आए इसके अलावा 2013-14, 2016 एवं 2018 में नेपाल में भी टी-20 सीरीज में भी खेल का प्रतिभा देखाकर घरशिवा सिलतरा का नाम रोशन किया है।

टी - 20 करियर में एक बल्लेबाजी के तौर पर अभी तक 229 मैच खेलते हुए 31.23 की औसत से 7,152 रन बना चुके हैं जिसमें बेहतरीन 41 अर्धशतक और एक शतक शामिल है इसके अलावा गेंदबाजी करते हुए 354 विकेट भी हासिल कर चुके हैं। इसके अलावा 19 वनडे मैच भी खेल चुके हैं जिसमें 36.05 की औसत से 685 रन बनाएं जिसमें बेहतरीन चार अर्धशतक शामिल है, इसके अलावा गेंदबाजी करते हुए 38 विकेट भी लिए हैं। क्रिकेट करियर में 38 बार मैन ऑफ द मैच और दो बार मैन ऑफ द टूर्नामेंट रह चुके हैं गाजी सुजाउद्दीन, इस बेहतरीन उपलब्धि के कारण उनको यह सम्मान मिला है।



इस सम्मान समारोह में उपस्थित थे धरशिवा के पूर्व विधायक अनीता योगेंद्र शर्मा, सिलतरा के सरपंच शांति वर्मा उप सरपंच रामकुमार वर्मा एवं आदर्श परिवार समिति के समस्त सदस्यों गण शामिल थे। इस कार्यक्रम के दौरान गाजी ने आदर्श परिवार समिति को सम्मान देने के लिए दिल से धन्यवाद दिया।

पेज 11 के शेष

### टाटीबंध-लभांडी सर्विस लेन... एक साल...

संचालित कर रहे हैं। सबसे ज्यादा कब्जा पचपेड़ी नाका से रायपुरा के बीच के मार्ग पर है। वर्तमान में राजेंद्र नगर के साथ कुशालपुर, भाठागांव तथा रायपुरा के कुछ स्थानों में तीन से चार सौ मीटर तक की सर्विस रोड की चौड़ाई 10 मीटर तक की है। इसके बाद शेष मार्ग की चौड़ाई महज पांच मीटर है। जहां पांच मीटर चौड़ी सड़क है, उस मार्ग पर एक बड़ी गाड़ी आने पर सामने से आ रही बड़ी गाड़ी को निकलने जगह नहीं मिलती। इसके चलते पूरे दिन खासकर पचपेड़ी नाका से रायपुरा तक पूरे दिन रुक रुक कर जाम की स्थिति निर्मित होती रहती है।

### आवाजाही सुगम...

साल के अंदर भारत माला आर्थिक कॉरिडोर चालू होने के बाद पचपेड़ी नाका से टाटीबंध तक भारी वाहन की आवाजाही 70 फीसदी तक कम हो जाएगी। वर्तनाम में लभांडी, जोरा से लेकर सरोना सर्विस रोड में 24 घंटे में 15 हजार छोटी-बड़ी गाड़ियों का दबाव रहता है। पीक अवर में दबाव डेढ़ से दो गुना बढ़ जाता है।

### हादसों में कमी...

के प्रोजेक्ट मैनेजर दिग्विजय सिंह के अनुसार एनएच- 53 पर सरोना से लभांडी तक सर्विस लाइन का चौड़ीकरण करने टेंडर जारी कर दिया गया है। सर्विस लेन की चौड़ाई बढ़ाने जल्द काम शुरू किया जाएगा।

### चौड़ीकरण करने यह...

जिन लोगों ने कब्जा कर पक्का निर्माण किया है, उन्हें हटाने के साथ तोड़फोड़ की कार्रवाई करने के दौरान एनएचएआई को लोगों के विरोध का सामना करना पड़ सकता है।

### सर्विस लेन चौड़ीकरण से...

ऑपरेटर सहित कई अन्य वाहन मालिक अपनी गाड़ियां सर्विस लेन के रोड किनारे पार्क कर देते हैं। इससे सर्विस लेन की चौड़ाई और कम हो जाती है। सर्विस लेन की चौड़ाई बढ़ने से रोड में कंडम तथा कबाड़ हो चुकी गाड़ियों की पार्किंग पर रोक लगेगी।

### नकली एंटीबायोटिक दवा मामले में ...

तैयारी में हैं। पुलिस अपने तरीके से नकली दवा के कारोबार का सच बाहर निकलवाएगी। इस मामले में इस बात का संदेह भी है कि एमपी से आने वाली नकली दवा छत्तीसगढ़ होकर पड़ोसी राज्य ओडिशा भी जाती है।

### रजिस्ट्री कराने आए अफसर की...

टीम गठित कर चोर के बारे में पतासाजी करने जुट गई। सीसीटीवी कैमरे की पड़ताल करने के बाद पुलिस ने चार संदिग्धों को, जिन्हें अफसर का परिचित बताया जा रहा है, उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की तो एक के पास से रकम बरामद हुई। एफसीआई अफसर जिस परिचित को रुपए की रखवाली करने साथ लाए थे, बताया जा रहा है कि रकम देख उसकी नीयत बिगड़ गई और उसने अपने साथियों के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से रकम गायब करा दी। उठाईगिरी के प्रकरण में पुलिस जल्द खुलासा करने का दावा कर रही है। घटना सोमवार दोपहर की बताई जा रही है।

### एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ...

पुलिस कमिश्नरेट के साथ रायपुर ग्रामीण के थाना क्षेत्र में मादक पदार्थ जब्त करने के साथ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

**कमर तोड़ने सफेमा के तहत कार्रवाई :** मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त तस्करों की स्मगलर्स एंड फॉरेन एक्सचेंज मैनीपुलेटर्स एक्ट (सफेमा) के तहत संपत्ति अटैच करने की कार्रवाई तेज करनी होगी। इसके बाद मादक पदार्थ की तस्करी रोकने पुलिस को मदद मिलेगी। जिले के चर्चित गांजा तस्कर रवि साहू को कोर्ट ने पिछले महीने 10 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। राजनीतिक सरपरस्ती में गांजा की तस्करी करने वाला मुकेश बनिया फरार है। ऐसे बड़े तस्करों के खिलाफ सफेमा एक्ट की कार्रवाई होने से तस्करों में खौफ पैदा होगा।

**तस्करों की फाइल खोली गई है :** मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त तस्करों की फाइल खोली गई है। मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त तस्करों के केस निकाल कर संपत्ती अटैच करने की कार्रवाई करने मुंबई सफेमा कोर्ट भेजा जा रहा है। सुनवाई पूरी होने के बाद मादक पदार्थ की तस्करी में लिप्त तस्करों की संपत्ति अटैच करने की कार्रवाई की जाएगी।
- डॉ. संजीव शुक्ला, पुलिस कमिश्नर रायपुर

### पारंपरिक की जगह सिंथेटिक...

सिंथेटिक पार्टी ड्रग्स जैसे एमडीएमए, एलएसडी की ओर बढ़ रहा है। हाल ही में रायपुर में हेरोइन और एमडीएमए की बड़ी खेप के साथ पुलिस ने कई गिरफ्तारियां की हैं। राज्य में मुख्य रूप से गांजे की तस्करी होती है। आंकड़ों के अनुसार, साल 2024 में राज्यभर में लगभग 25 हजार 949 किलो गांजा जब्त किया गया था। पुलिस प्रशासन अब रायपुर में नशे के नेटवर्क को पूरी तरह खत्म करने के लिए 'इंड-टू-इंड' ऑपरेशन और जीरो-टोलरेंस की नीति अपना रहा है।

### मवेशी रोकने बिलासपुर से दुर्ग...

कि ट्रेनों की रफ्तार 110 से 130 हो चुकी है। ऐसे में जब मवेशी रेलवे ट्रैक पर आते हैं और रेलगाडी से टकराते हैं, तो होने वाली दुर्घटना से यात्रियों की सुरक्षा में संकट उत्पन्न होता है। इसे दूर करने फेंसिंग का कार्य किया जा रहा है। फेंसिंग के बाद ट्रेनों की रफ्तार मवेशियों की वजह से कम नहीं होगी। ट्रेन को समय पर पहुंचाने में भी मदद मिलेगी।

## खबर संक्षेप



### शिव-पार्वती की निकाली भव्य शोभायात्रा

रायपुर। महाशिवरात्रि पर रायपुर सहित कई स्थानों पर शिव-पार्वती की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ढोल-नगाड़ों और हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ झांकियां भी निकाली गईं। साथ ही भव्य भंडारा और आतिशबाजी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राजपूत परिवार के परमवीर सिंह गौतम द्वारा किया गया।

### कैलाशानंद गिरी महाराज पहुंचे रायपुर

रायपुर। डॉ. स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज सोमवार रात राजधानी रायपुर पहुंचे। माना विमानतल पर पूर्व विधानसभाअध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने महाराज की अगवानी की। गौरीशंकर अग्रवाल के साथ ही नितिन अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, नलिनेश ठोकने, बॉबी शाह सहित कई लोगों ने उनका स्वागत किया। मंगलवार की शाम से उनका गौरीशंकर अग्रवाल के निवास पर कार्यक्रम होगा।

### शिक्षकों के हित में तमिलनाडु की तरह ठोस कदम उठाए सरकार

रायपुर। सुप्रीम कोर्ट द्वारा 1 सितंबर 2025 को शिक्षकों के लिए टीईटी (पात्रता परीक्षा) उत्तीर्ण करना अनिवार्य किए जाने के फैसले से छत्तीसगढ़ के शिक्षकों में गहरी चिंता है। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने प्रदेश की सरकार से इस मामले में तमिलनाडु सरकार की तर्ज पर पुनर्याचिका (समीक्षा याचिका) दायर करने की तैयारी करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का सम्मान करते हैं, परंतु यह निर्णय उन हजारों शिक्षकों के भविष्य पर प्रश्नचिह्न लगाता है, जो वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में सेवाएं दे रहे हैं और जिनके पास समय-समय पर मान्यता प्राप्त डिग्रियां और प्रशिक्षण हैं। ऐसे में टीईटी की अनिवार्यता उनकी मौजूदा योग्यता और उनके मनोबल पर गहरा आघात है। सरकार की प्राथमिकता शिक्षकों के हितों की रक्षा करना चाहिए, न कि उनके समक्ष नई-नई बाधाएं खड़ी करना। जनता कांग्रेस छग ने इस मुद्दे पर राज्य के मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री से तत्काल हस्तक्षेप करते हुए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

# पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली : बदमाशों के जेल दाखिले पर अर्जी नहीं, पुलिस दे रही फैसला

## दो बदमाशों को सहायक पुलिस आयुक्त ने जेल भेजने का फैसला सुनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- कोतवाली सहायक पुलिस आयुक्त ने पांच प्रकरण में 13 को नोटिस, सिविल लाइंस में छह को नोटिस

पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली के दूसरे चरण में प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत सुनवाई करने का काम पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों ने सोमवार से शुरू कर दिया है। पहले दिन कोतवाली तथा सिविल लाइंस थाने के एसीपी ने सुनवाई की। कोतवाली एसीपी ने दो बदमाशों को प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत जेल भेजने का फैसला सुनाया। इसके साथ ही पांच अलग-अलग प्रकरण में सहायक पुलिस आयुक्त ने 13 बदमाशों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए वारंट जारी किया।

पुलिस कमिश्नरेट में मिले दंडाधिकारी अधिकारों का रायपुर सेंट्रल के दो सब डिवीजन के एसीपी ने अपनी दंडाधिकारी शक्तियों का उपयोग करते हुए सुनवाई की। फील्ड में जो पुलिस अधिकारी खाकी वर्दी में दिखाई देते थे, वही अधिकारी दंडाधिकारी की भूमिका में आने के बाद काले कोट में नजर आए। प्रतिबंधात्मक धाराओं में अभियोजन की ओर से वकील की जरूरत नहीं होती। अनावेदक पक्ष की ओर से बचाव के लिए वकील पैरवी करने थाना परिसर में बने कोर्ट पहुंचे।

### इन धाराओं में की गई सुनवाई

कोतवाली एसीपी दीपक मिश्रा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170, 126 एवं 135(3) के अंतर्गत एक प्रकरण में 02 अनावेदकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जेल वारंट तैयार किया। साथ ही दोनों अनावेदकों को कारण बताओ नोटिस तामिल कराए गए। इसके अतिरिक्त धारा 126 एवं 135(3) के अंतर्गत पांच प्रकरण में 13 अनावेदकों को कारण बताओ नोटिस एवं समन जारी किए गए, जिन्हें कमिश्नरी प्रणाली के तहत तत्काल तामिल कराया गया। सिविल लाइन एसीपी रमाकांत साहू ने भी लोक शांति भंग होने की आशंका को देखते हुए धारा 126 एवं 135(3) के तहत छह अनावेदकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया।



### नई भूमिका चुनौतीपूर्ण : दीपक मिश्रा

पहले दिन की मजिस्ट्रियल शक्तियों के प्रयोग करने को लेकर कोतवाली एसीपी दीपक मिश्रा ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा बदमाशों को प्रतिबंधात्क धाराओं के तहत कार्रवाई करने के बाद पुलिस को पहले एडीएम, एसडीएम कोर्ट में जेल भेजने चालान पेश करना पड़ता था। अब वे खुद मजिस्ट्रेट की भूमिका में आए, तब उन्हें किसी के साथ अन्याय न हो, इस बात को देखते हुए निर्णय लेना पड़ा। जिन बदमाशों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करती है, आवेदक तथा अनावेदक के प्रति किसी तरह से अन्याय न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए कानून के दायरे में फैसला सुनाने का पुलिस अफसर के लिए यह पहला अनुभव था।

# बस स्टैंड में यात्री चबूतरों की जगह बनवा दी गई फास्ट फूड की दुकानें

## कमीशन का खेल, निगम अधिकारियों की सांठ-गांठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- जांच नहीं इसलिए अब तक दुकानें भी नहीं हटीं

राजधानी रायपुर के भाठागांव स्थित अंतर्राज्यीय बस दऽस्टैंड भवन को पूरी प्लानिंग और डिजाइन तैयार कर बनवाया गया था। इस भवन में बस ट्रैवल्स के एजेंटों के बैठने के लिए दुकानों से लेकर यात्रियों के लिए स्पेशल दो चबूतरे भी बनाए गए थे, लेकिन नगर निगम के अधिकारियों की साठगांठ से इन चबूतरों को हटवाकर न केवल इस भवन की डिजाइन से छेड़छाड़ की गई, बल्कि उसकी जगह पर फूड की दुकानें खुलवाकर उन्हें किराए पर दे दी गईं। सूत्रों से पता चला कि इन चबूतरों को हटाने से लेकर दुकानें बनवाने एवं किराए पर देने तक कमीशन का बड़ा खेल चला है। यह कमीशन की राशि जोन कार्यालय से लेकर मुख्यालय में बैठे कुछ अफसरों तक पहुंची है। यही वजह है कि यह मामला अधिकारियों के संज्ञान में रहने के बावजूद अब तक इसकी जांच तक नहीं कराई गई है।

तत्कालीन कांग्रेस के शासनकाल में ही अंतर्राज्यीय बसस्टैंड का लोकार्पण हुआ था। उस समय नगर निगम रायपुर में भी कांग्रेस की सत्ता थी। इस तरह कांग्रेस के शासन काल में ही यात्री चबूतरों को हटवाया गया तथा यहां फास्ट फूड की दुकानें खोल दी गईं। इन दुकानों के खुलने के बाद बसस्टैंड में आने वाले यात्रियों को अब भवन हॉल के फर्श पर बैठना पड़ रहा है, जबकि इससे पहले यात्री इन चबूतरों में बैठकर बसों के आने-जाने का इंतजार किया करते थे।



### पहले से फास्ट फूड की कई दुकानें

बसस्टैंड निर्माण के समय से ही फास्ट फूड के लिए अलग से दुकानें बनाई गई हैं। इन दुकानों के अलावा नगर निगम ने बसस्टैंड के पास अलग से भी दुकानों का निर्माण कराया है। इसके बाद भी घासयुक्त चबूतरों को तोड़वाना कहीं न कहीं भ्रष्टाचार एवं कमीशन के खेल की ओर संकेत कर रहा है।

### यात्रियों के बैठने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था नहीं

बसस्टैंड में यात्रियों के बैठने के लिए चबूतरे ही थे, जहां वे बैठकर वे बसों का इंतजार करते थे। इसके अलावा बसस्टैंड में यात्रियों के बैठने के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है। इस कारण यात्रियों को अब फर्श पर बैठकर ही बसों का इंतजार करने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

### जांच कराई जाएगी

अंतर्राज्यीय बसस्टैंड यात्रियों की सुविधा के लिए बनाया गया है। यात्रियों की सुविधा से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। घासयुक्त चबूतरों को भी यात्रियों के बैठने के लिए बनाए गए थे। इन्हें क्यों और किसके कहने पर तोड़ा गया, इसकी जांच कराई जाएगी। *-मीनल चौबे, महापौर, ननि*

### पूर्व कलेक्टर आयुक्त के संज्ञान में आने के बाद नहीं कराई जांच

यह मामला पूर्व जिला कलेक्टर सर्वेश्वर भुरे और पूर्व नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी के संज्ञान में भी आया था। उस समय चबूतरों को तोड़कर यहां फास्ट फूड की दुकानें बनाने का काम चल रहा था। इसके बाद भी इस मामले में न ही जांच कराई गई और न ही दुकानों को बनने से रुकवाया गया।

# द्वि-साप्ताहिक दुर्ग हटिया स्पेशल ट्रेन का बढ़ा परिचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रेल प्रशासन द्वारा दुर्ग-हटिया-दुर्ग के मध्य 08185/08186 हटिया-दुर्ग-हटिया द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन का परिचालन 27 फरवरी 2026 तक किया गया है। यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखते हुए इस गाड़ी के परिचालन का विस्तार 01 अप्रैल 2026 तक किया गया है। परिचालन में विस्तार होने के बाद गाड़ी संख्या 08185 हटिया-दुर्ग सुपरफास्ट एक्सप्रेस, हटिया से दुर्ग के लिये प्रत्येक मंगलवार एवं गुरुवार को 31 मार्च 2026 तक चलेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08186 दुर्ग-हटिया सुपरफास्ट एक्सप्रेस, दुर्ग से हटिया के लिए प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार 01 अप्रैल 2026 तक चलेगी।



### तिरुपति एक्सप्रेस का कोव्वूरु और रक्सौल का पेद्दपल्ली स्टेशन में ठहराव

रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने/गुजरने वाली गाड़ी संख्या 17482/17481 तिरुपति-बिलासपुर-तिरुपति एक्सप्रेस का दक्षिण मध्य रेलवे के विजयवाड़ा मंडल के कोव्वूरु स्टेशन में व गाड़ी संख्या 17006/17005 रक्सौल-हैदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस का दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद मंडल के पेद्दपल्ली स्टेशन में प्रायोगिक ठहराव की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी।अब गाड़ी संख्या 17482/17481 तिरुपति-बिलासपुर-तिरुपति एक्सप्रेस का कोव्वूरु स्टेशन में एवं गाड़ी संख्या 17006/17005 रक्सौल-हैदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस का पेद्दपल्ली स्टेशन में ठहराव की सुविधा आगामी आदेश तक जारी रहेगी ।

# ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने शहर के प्रमुख बाजार के साथ नो पार्किंग, वेंडर जोन होगा घोषित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- दो माह की कार्ययोजना के बाद नई व्यवस्था लागू की जाएगी

शहर की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला, नगर निगम कमिश्नर विश्वदीप ने शहर के प्रमुख मार्ग, बाजार को दो माह की विशेष कार्ययोजना के बाद नो पार्किंग तथा वेंडर जोन घोषित करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में सोमवार को पुलिस कंट्रोल रूम में बैठक आयोजित की गयी, जिसमें शहर के तीनो जोन के पुलिस उपायुक्त एवं ट्रैफिक पुलिस उपायुक्त उपस्थित रहे।

बैठक में शहर के सभी प्रमुख मार्गों को चरणबद्ध रूप से ठेले, खोमचे तथा अतिक्रमण से खाली कराने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही शहर के सभी प्रमुख तिराहा-चौराहा से सभी दिशाओं में 50-50 मीटर की सड़क पर नो पार्किंग एवं नो वेंडिंग का पालन कराया जाएगा।

रिंग रोड एक टाटीबंध चौक से जोरा ब्रिज तक सर्विस रोड में खड़ी पाई जाने वाली गाड़ी के मालिकों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। रोड में मार्किंग, जेब्रा क्रॉसिंग मार्क कराया जाएगा। ऑटोमैटिक सिग्नल युक्त तिराहा-चौराहा पर कंक्रीट ब्लॉक रखकर लेफ्ट टर्न फ्री किया जाएगा।

## बिजनेस साइट

### एनटीपीसी को टाइम की एशिया-पैसिफिक 2026 की सर्वश्रेष्ठ कंपनियों में स्थान

रायपुर। देश की अग्रणी ऊर्जा कंपनी एनटीपीसी ने वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए घोषित टाइम की 'एशिया-पैसिफिक बेस्ट कंपनीज़ ऑफ 2026' सूची में स्थान प्राप्त किया है। यह प्रतिष्ठित रैंकिंग टाइम द्वारा वैश्विक डेटा प्रदाता स्टैटिस्टा के सहयोग से जारी की जाती है। यह सूची कर्मचारी संतुष्टि, वित्तीय प्रदर्शन और स्थिरता पारदर्शिता (ईएसजी) जैसे तीन प्रमुख मानकों पर आधारित है। एनटीपीसी का चयन इन सभी क्षेत्रों में उसके संतुलित और उत्कृष्ट प्रदर्शन को दर्शाता है। कंपनी विश्वसनीय, किफायती और सतत ऊर्जा समाधान उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। 'पीपल बिफोर पीएलएफ' दर्शन के तहत एनटीपीसी ने मानव संसाधन विकास, समावेशी कार्य संस्कृति और कर्मचारी कल्याण में नए मानक स्थापित किए हैं। यह सम्मान वैश्विक मंच पर एनटीपीसी की बढ़ती सशक्त उपस्थिति और स्वच्छ ऊर्जा भविष्य के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

### बालको मेडिकल सेंटर में 'स्माइल' कार्यक्रम, नन्हे योद्धाओं का बढ़ा हौसला



रायपुर। बालको मेडिकल सेंटर में वार्षिक पेडियाट्रिक सपोर्ट ग्रुप कार्यक्रम 'स्माइल' का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। यह कार्यक्रम कैंसर का उपचार ले रहे बच्चों और स्वस्थ हो चुके नन्हे योद्धाओं को समर्पित रहा। बच्चों, परिजनों और अस्पताल स्टाफ ने मिलकर साहस, उम्मीद और खुशियों से भरे पल साझा किए। मेडिकल डायरेक्टर डॉ. भावना सिरोही ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में प्रगति के कारण अब बच्चों में होने वाले कई कैंसर पूरी तरह ठीक हो सकते हैं। उन्होंने समय पर इलाज और उन्नत सुविधाओं की उपलब्धता पर जोर दिया। सीनियर कंसल्टेंट पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी डॉ. रुचि औजला ने बताया कि लंबे समय तक बुखार, असामान्य सूजन या अचानक वजन कम होना जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। इस कार्यक्रम में 70 से अधिक बच्चों ने परिवार सहित भाग लिया। संगीत, प्रस्तुतियों, उपहारों और छोटा भीम थीम से सजे आयोजन ने बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी।

### संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल में दुर्लभ फेफड़े के ट्यूमर की जटिल सर्जरी सफल



रायपुर। संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल में फेफड़ों के एक दुर्लभ ट्यूमर का सफल ऑपरेशन कर डॉक्टरों की टीम ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कैंसर सर्जन डॉ. कल्याण पांडेय, डॉ. मौ रॉय और कार्डियक थोरेसिक सर्जन डॉ. विनोद आहूजा के नेतृत्व में यह जटिल सर्जरी की गई। मध्य आयु वर्ग की महिला मरीज लगातार खांसी और हेमोप्टाइसिस की शिकायत लेकर अस्पताल पहुंचीं। जांच में दाएं फेफड़े के ऊपरी लोब में बड़ा ट्यूमर मिला, जिसने ब्रोंकस को अवरोध कर दिया था। विस्तृत परीक्षण के बाद इसे म्यूकोएपिडर्मॉइड कार्सिनोमा, जो फेफड़ों के कैंसर का अत्यंत दुर्लभ प्रकार है, इसके रूप में पहचाना गया। ट्यूमर बोर्ड की सलाह पर पहले कीमोथेरेपी दी गई, फिर सावधानीपूर्वक सर्जरी कर प्रभावित लोब को हटाया गया। ऑपरेशन सफल रहा और मरीज की रिकवरी संतोषजनक है। विशेषज्ञों के अनुसार समय पर निदान और टीमवर्क से जटिल कैंसर का भी प्रभावी इलाज संभव है।

### कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी को तीसरी बार एनबीए मान्यता

रायपुर। जनप्रगति एजुकेशन सोसाइटी द्वारा वर्ष 2006 से संचालित कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी को शैक्षणिक वर्ष दिसंबर 2028 तक लगातार तीसरी बार नेशनल बोर्ड ऑफ अक्रेडिटेशन, नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्रदान की गई है। इससे पूर्व संस्थान को वर्ष 2018 और 2022 में भी यह मान्यता मिल चुकी है। यह उपलब्धि संस्थान की शैक्षिक उत्कृष्टता, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण और समाज के प्रति जवाबदेही को दर्शाती है। निर्धारित कार्यक्रम परिणामों के आधार पर प्राप्त यह मान्यता संस्थान की निरंतर प्रगति और उच्च मानकों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष किशोर जादवानी एवं सचिव हरजीत सिंह हुरा ने कहा कि संस्थान अकादमिक, अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्राचार्य डॉ. रविंद्र कुमार पांडेय के मार्गदर्शन में एनबीए समन्वयक प्रो. शिव शंकर शुक्ला एवं डॉ. बीना गिडवानी सहित पूरी टीम को इस सफलता का श्रेय दिया गया है।

# वीआईपी रोड स्थित करोड़ों की सरकारी जमीन, जल निकासी स्त्रोत पर बेजा कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- जिला कलेक्टर से मिले नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी

नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने सोमवार को वीआईपी रोड स्थित राजाराम नाला और उससे लगी 1 एकड़ सरकारी जमीन पर भू माफिआ द्वारा किए जा रहे अवैध कब्जे की शिकायत को लेकर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार से मुलाकात की। उन्होंने प्रशासन पर सीमांकन के नाम पर खानापूर्ति का आरोप लगाते हुए करोड़ों की बेशकीमती जमीन की सीमांकन रिपोर्ट को तत्काल सार्वजनिक किए जाने की मांग की है।

राजधानी के प्राइम लोकेशन वीआईपी रोड पर करोड़ों की जमीन और जल निकासी के मुख्य स्त्रोत नाले पर अवैध कब्जा होने से शहर के ड्रेनेज सिस्टम और सरकारी संपत्ति के लिए बड़ा खतरा है। यदि सीमांकन रिपोर्ट सार्वजनिक होती है, तो बड़े भूमाफिया के नामों का खुलासा हो सकता है, जिससे शहर में अवैध कब्जों पर लगाम लगेगी, लेकिन सीमांकन रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की जा रही है। ऐसे में अवैध कब्जा को बढ़ावा देने का आरोप शासन-प्रशासन पर लगने लगा है। कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति का आरोप लगाते हुए नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने बताया कि उन्होंने 30 दिसंबर 2025 को अमलीडीह के पास स्थित इस जमीन और नाले पर कब्जे की शिकायत निगम आयुक्त विश्वदीप से की थी। आयुक्त के निर्देश पर एसडीएम को सीमांकन के लिए पत्र लिखा गया था, लेकिन डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है। श्री तिवारी ने मौके पर निरीक्षण करने के बाद दावा किया कि प्रशासन ने केवल एक छोटी सी दीवार ढहाकर औपचारिकता पूरी की है। उन्होंने जिला प्रशासन और नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए पूछा कि आखिर किस बड़े भूमाफिया को बचाने के लिए रिपोर्ट को छिपाया जा रहा है? नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने चेतावनी दी है कि यदि दोषियों पर एफआईआर दर्ज नहीं हुई और सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त नहीं कराया गया, तो वे सड़क से सदन तक की लड़ाई लड़ेंगे।

जिला कलेक्टर को पत्र सौंपने के बाद जिला प्रशासन को इस पर निर्णय लेना है, यदि अगले कुछ दिनों में सीमांकन रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं होती, तो विपक्षी पार्षदों द्वारा इस मुद्दे को लेकर निगम मुख्यालय या कलेक्टोरेट घेराव की रणनीति बनाई जा सकती है।



### फैक्ट फाइल

*विवादित भूमि*- वीआईपी रोड और अमलीडीह के पास स्थित 1 एकड़ शासकीय भूमि और नाला

*समय-सीमा*- शिकायत के डेढ़ माह बाद भी सीमांकन रिपोर्ट का कोई अता-पता नहीं

*आरोप*- करोड़ों की सरकारी जमीन की बंदरबाट में प्रशासन की चुप्पी और मिलीभगत का संदेह

# निगम ने 7 दुकानें की सील, बरखा हॉटल ने 5 लाख का चेक सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- नगर निगम के बाजार विभाग ने बकाया कर जमा नहीं करने वालों पर लिया एक्शन

नगर निगम के बाजार विभाग ने सोमवार को आरडीए कालोनी में 2, भाठागांव में 3 और मठपुरैना में 1 तथा आजाद मार्केट स्टेशन के सामने की 3 दुकानों पर बकाया राजस्व वसूली के लिए अ भि या न चलाया। प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी बंशी यादव के मार्गदर्शन और राजस्व निरीक्षक आकाश झा कीउपस्थिति में 7 दुकानों को बकाया राशि नगरनिगम को जमा नहीं करने पर तत्काल सीलबंद किया।

इस दौरान 14 में से 6 वर्ष के 19,22,379 रुपए के बड़े बकायादार बरखा हॉटल ने तत्काल 5 लाख रुपए के बकाया राशि का धनादेश बाजार विभाग को दिया, वही एक अन्य 34034 रुपए के बकायादार दुकानदार शेख शहनवाज द्वारा स्थल पर संपूर्ण बकाया राशि का तत्काल भुगतान कर स्वयं के दुकान को सीलबंदी की कार्यवाही से सुरक्षित रखा, जबकि 7 बकायादार दुकानदारों आरडीए कालोनी के 4 वर्ष के 40938 रुपए के दुकान नंबर 17 के बकायेदार लक्ष्मण सेन, आरडीए कालोनी में 5 वर्ष के 65072 रुपए के दुकान नंबर 12 के बकायादार आल्याश बेगम, भाठागांव में दुकान नंबर 9 के 3 वर्ष के 40,938 रुपए के बकायेदार वारिश सिंह, भाठागांव में दुकान नंबर 10 के 3 वर्ष के 30,462 रुपए के बकायेदार पदमा राव, भाठागांव में ही दुकान नंबर 20 के 40,938 रुपए के बकायेदार कन्हैया शर्मा, आजाद मार्केट स्टेशन के सामने दुकान नंबर 17 के 3 वर्ष के 51,500 रुपए के बकायादार मंजीत सिंह इन 7 बकायादार दुकानदारों पर बकाया राशि अदा नहीं किए जाने पर संबंधित 7 दुकानें तत्काल सीलबंद कर दी गईं।



### टाटीबंध-लभांडी सर्विस लेन...

संचालित कर रहे हैं। सबसे ज्यादा कब्जा पचपेड़ी नाका से रायपुरा के बीच के मार्ग पर है। वर्तमान में राजेंद्र नगर के साथ कुशालपुर, भाठागांव तथा रायपुरा के कुछ स्थानों में तीन से चार सौ मीटर तक की सर्विस रोड की चौड़ाई 10 मीटर तक की है। इसके बाद शेष मार्ग की चौड़ाई महज पांच मीटर है। जहां पांच मीटर चौड़ी सड़क है, उस मार्ग पर एक बड़ी गाड़ी आने पर सामने से आ रही बड़ी गाड़ी को निकलने जगह नहीं मिलती। इसके चलते पूरे दिन खासकर पचपेड़ी नाका से रायपुरा तक पूरे दिन रुक रुक कर जाम की स्थिति निर्मित होती रहती है।

### आवाजाही सुगम...

साल के अंदर भारत माला आर्थिक कॉरिडोर चालू होने के बाद पचपेड़ी नाका से टाटीबंध तक भारी वाहन की आवाजाही 70 फीसदी तक कम हो जाएगी। वर्तनाम में लभांडी, जोरा से लेकर सरोना सर्विस रोड में 24 घंटे में 15 हजार छोटी-बड़ी गाड़ियों का दबाव रहता है। पीक अवर में दबाव डेढ़ से दो गुना बढ़ जाता है।

### हादसों में कमी...

के प्रोजेक्ट मैनेजर दिग्विजय सिंह के अनुसार एनएच- 53 पर सरोना से लभांडी तक सर्विस लाइन का चौड़ीकरण करने टेंडर जारी कर दिया गया है। सर्विस लेन की चौड़ाई बढ़ाने जल्द काम शुरू किया जाएगा।

## पेज 11 के शेष ...

### चौड़ीकरण करने यह...

जिन लोगों ने कब्जा कर पक्का निर्माण किया है, उन्हें हटाने के साथ तोड़फोड़ की कार्रवाई करने के दौरान एनएचएआई को लोगों के विरोध का सामना करना पड़ सकता है।

### सर्विस लेन चौड़ीकरण से...

ऑपरेटर सहित कई अन्य वाहन मालिक अपनी गाड़ियां सर्विस लेन के रोड किनारे पार्क कर देते हैं। इससे सर्विस लेन की चौड़ाई और कम हो जाती है। सर्विस लेन की चौड़ाई बढ़ने से रोड में कंडम तथा कबाड़ हो चुकी गाड़ियों की पार्किंग पर रोक लगेगी।

### नकली एंटीबायोटिक दवा ...

तैयारी में हैं। पुलिस अपने तरीके से नकली दवा के कारोबार का सच बाहर निकलवाएगी। इस मामले में इस बात का संदेह भी है कि एमपी से आने वाली नकली दवा छत्तीसगढ़ होकर पड़ोसी राज्य ओडिशा भी जाती है।

### रजिस्ट्री कराने आए अफसर ...

टीम गठित कर चोर के बारे में पतासाजी करने जुट गई। सीसीटीवी कैमरे की पड़ताल करने के बाद पुलिस ने चार संदिग्धों को, जिन्हें अफसर का परिचित बताया जा रहा है, उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की तो एक के पास से रकम बरामद हुई।

*जिसे रकम की रखवाली करने कहा, उसी की नीयत बिगड़ी :* एफसीआई अफसर जिस परिचित को रुपए की रखवाली करने साथ लाए थे, बताया जा रहा है कि रकम देख उसकी नीयत बिगड़ गई और उसने अपने साथियों के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से रकम गायब करा दी। उठाईगिरी के प्रकरण में पुलिस जल्द खुलासा करने का दावा कर रही है। घटना सोमवार दोपहर की बताई जा रही है।

### एंटी नारकोटिक्स टास्क ...

पुलिस कमिश्नरेट के साथ रायपुर ग्रामीण के थाना क्षेत्र में मादक पदार्थ जब्त करने के साथ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। *कमर तोड़ने सफेमा के तहत कार्रवाई :* मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त तस्करों की स्मग्लर्स एंड फॉरेन एक्सचेंज मैनीपुलेटर्स एक्ट (सफेमा) के तहत संपत्ति अटैच करने की कार्रवाई तेज करनी होगी। इसके बाद मादक पदार्थ की तस्करी रोकने पुलिस को मदद मिलेगी। जिले के चर्चित गांजा तस्कर रवि साहू को कोर्ट ने पिछले महीने 10 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। राजनीतिक सरपरस्ती में गांजा की तस्करी करने वाला मुकेश बनिया फरार है। ऐसे बड़े तस्करों के खिलाफ सफेमा एक्ट की कार्रवाई होने से तस्करों में खौफ पैदा होगा।

*तस्करों की फाइल खोली गई है :* मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त तस्करों की फाइल खोली गई है। मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त तस्करों के केस निकाल कर संपत्ती अटैच करने की कार्रवाई करने मुंबई सफेमा कोर्ट भेजा जा रहा है। सुनवाई पूरी होने के बाद मादक पदार्थ की तस्करी में लिप्त तस्करों की संपत्ति अटैच करने की कार्रवाई की जाएगी।

*-डॉ. संजीव शुक्ला, पुलिस कमिश्नर रायपुर*

### पारंपरिक की जगह सिंथेटिक...

सिंथेटिक पार्टी ड्रग्स जैसे एमडीएमए, एलएसडी की ओर बढ़ रहा है। हाल ही में रायपुर में हेरोइन और एमडीएमए की बड़ी खेप के साथ पुलिस ने कई गिरफ्तारियां की हैं। राज्य में मुख्य रूप से गांजे की तस्करी होती है। आंकड़ों के अनुसार, साल 2024 में राज्यभर में लगभग 25 हजार 949 किलो गांजा जब्त किया गया था। पुलिस प्रशासन अब रायपुर में नशे के नेटवर्क को पूरी तरह खत्म करने के लिए 'इंड-टू-इंड' ऑपरेशन और जीरो-टोलरेंस की नीति अपना रहा है।

### मवेशी रोकने बिलासपुर से ...

कि ट्रेनों की रफ्तार 110 से 130 हो चुकी है। ऐसे में जब मवेशी रेलवे ट्रैक पर आते हैं और रेलगाडी से टकराते हैं, तो होने वाली दुर्घटना से यात्रियों की सुरक्षा में संकट उत्पन्न होता है। इसे दूर करने फेंसिंग का कार्य किया जा रहा है। फेंसिंग के बाद ट्रेनों की रफ्तार मवेशियों की वजह से कम नहीं होगी। ट्रेन को समय पर पहुंचाने में भी मदद मिलेगी।

# ई-पॉस मशीन की साइज छोटी, पर किराया पहले से ज्यादा, हर साल 20.32 करोड़ रुपए खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) योजना के तहत उचित मूल्य की दुकानों में जिस ई-पॉस मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है, उसकी साइज पिछली बार की ई-पॉस मशीन की तुलना में छोटी है, लेकिन इसका किराया पिछली बार से ज्यादा बताया जा रहा है। नागरिक आपूर्ति निगम के टेक्निकल सूत्र के अनुसार प्रति ई-पॉस मशीन का किराया 1200 रुपए मासिक है। इस तरह प्रति वर्ष एक मशीन का किराया 14 हजार 400 रुपए है। प्रदेशभर में 14116 उचित मूल्य की दुकानें हैं, जहां इन मशीनों का खाद्यान्न वितरण में इस्तेमाल किया जा रहा है। इस एक साल में 14116 मशीनों का किराया 20 करोड़ रुपए 32 लाख से अधिक है।

हरिभूमि सरोकार

## पिछले वर्ष लगभग 11 सौ रुपए था किराया

सूत्र के अनुसार ई-पॉस मशीन का किराया वर्ष 2022 में लगभग 11 सौ रुपए था, जिसे बढ़ाकर अब 12 सौ रुपए कर दिया गया है। किराया बढ़ाए जाने के पीछे की वजह ईपॉस मशीन का सर्वर पहले से अधिक स्पीड होना बताया जा रहा है, जबकि राशन दुकान संचालकों का कहना है कि सर्वर की स्पीड जरूर पहले से बढ़ी है, लेकिन सर्वर की दिक्कत के साथ मशीन की साइज छोटी होने के कारण इसका इस्तेमाल करने में काफी दिक्कत आ रही है। संचालकों का कहना है कि सर्वर की स्पीड के साथ साइज भी पुरानी मशीन के जैसी होनी थी, ताकि काम करने में आसानी होती।



## प्रति मशीन की मार्केट प्राईज 23 हजार रुपए

सूत्रों के अनुसार उचित मूल्य की दुकान में जिस ई-पॉस मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है। उस मशीन का बाजार में कीमत करीब 23 हजार रुपए बताई जा रही है। इस तरह अगर शासन अगर प्रदेशभर के 14116 उचित मूल्य दुकानों के लिए मशीनों की खरीदी करता तो लगभग 32 करोड़ 45 लाख रुपए की राशि खर्च होती, लेकिन किराये पर चल रही मशीनों में शासन को हर साल 20 करोड़ रुपए का खर्च आ रहा है, जो 5 साल में 100 करोड़ से भी ज्यादा होता है।

### जानकारी नहीं

ई-पॉस मशीन किस दर पर किराये पर राशन दुकानों में दी गई है, इसकी जानकारी नहीं है। मुख्यालय से मंगवाकर बता पाऊंगा।
- **भूपेंद्र मिश्रा,** खाद्य नियंत्रक, खाद्य विभाग रायपुर

### प्रति मशीन किराया 1200

प्रति ई-पास मशीन का किराया 1200 रुपए है। इसी दर पर कंपनी को ठेके पर दिया गया है।
- **महेंद्र साहू,** आईटी अफसर, छग नागरिक आपूर्ति निगम

## 5 वर्ष का ठेका, फर्म चेंज के साथ किराया भी बढ़ाया

सूत्र के अनुसार ई-पॉस मशीनों को किराए पर संचालित करने का ठेका वर्ष 2022 में हुआ था। पहले यह ठेका किसी और कंपनी को मिला था, लेकिन अब विजन टेक फर्म को यह ठेका मिला है। बताया जा रहा है कि फर्म को मिला ठेका का वर्ष 2026 अंतिम वर्ष है। इसके बाद मशीनों को किराए पर संचालन के लिए दोबारा टेंडर निकाला जाएगा। हालांकि अभी तक यह भी संस्पेंस है कि टेंडर में कितनी कंपनियों ने हिस्सा लिया था तथा कितनी-कितनी बोली लगाई गई थी, क्योंकि ठेका सबसे कम किराया की बोली लगाने वाले को ही मिलना था, ताकि शासन को कम से कम राशि का भुगतान करना पड़े।

## खबर संक्षेप



### आप नेता हिरासत में, कर रहे थे पेयजल की मांग

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी के बस्तर लोकसभा अध्यक्ष नरेंद्र नाग को सोमवार को प्रदर्शन से पूर्व घर से उठाकर हिरासत में लिया गया। पार्टी का कहना है कि उनके साथ पार्टी के कई अन्य पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को भी बिना स्पष्ट कारण बताए हिरासत में रखा गया है। परिजनों और पार्टी को अब तक यह तक नहीं बताया गया कि उन्हें कहां रखा गया है। यह कार्रवाई लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक अधिकारों का खुला उल्लंघन है। आम आदमी पार्टी का आरोप है कि क्षेत्र में व्याप्त जनसमस्याओं विशेषकर नारायणपुर एवं दक्षिण बस्तर में लंबे समय से चले आ रहे पेयजल संकट को लेकर पार्टी लगातार संघर्ष कर रही है।

### माशिम कार्यालय में पोती कालिख



**रायपुर।** बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के बीच सोमवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल के कार्यालय में अफरा-तफरी का माहौल रहा। छात्र यहां माशिम द्वारा दसवीं-बारहवीं के परीक्षा शुल्क में हुई वृद्धि का विरोध करने पहुंचे थे। एनएसयूआई द्वारा किए गए इस विरोध-प्रदर्शन के दौरान माध्यमिक शिक्षा मंडल के बोर्ड पर कालिख पोत दी गई। प्रदर्शनकारियों की संख्या को देखते हुए पुलिस बल भी तैनात किए गए थे। घंटेभर तक चले उग्र प्रदर्शन के बाद प्रदर्शनकारियों को मंडल कार्यालय से हटाया गया। गौरतलब है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10वीं-12वीं के परीक्षा शुल्क में वृद्धि कर दी गई है। हालांकि यह बढ़ी हुइ राशि अगले शैक्षणिक सत्र से लागू होगी। छात्रों का कहना है कि नई व्यवस्था गरीब विद्यार्थियों की चिंता छोड़कर आर्थिक बोझ बढ़ाएगी।

### स्वास्थ्य शिविर में 11 प्रकार की जांच निशुल्क



**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा एनएचएमएम आई हॉस्पिटल में 22 फरवरी को निशुल्क स्वास्थ शिविर लगाया जाएगा। इस संबंध में सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि 11 प्रकार की जांच पूरी तरह से निशुल्क होंगी, जिसमें सीबी, सीबीपी, शुगर, ईसीजी, यूरिक एसिड आदि की जांच की जाएगी। साथ ही शिविर में डॉ. सुनील धर्मानी, डॉ सुमंता शेखर पाढ़ी, डॉ. आर. परगनिहा, डॉ. एचपी सिन्हा, डॉ. भारत भूषण, डॉ. मुकेश शर्मा, डॉ. एनडी गजवानी, डॉ. विनोद आहूजा, डॉ. नवीन खूबचंदानी, डॉ. किरण माखीजा, डॉ. नीलिमा आहूजा, डॉ. मूलचंद हरजानी, डॉ. निखिल मोतीरामानी, डॉ. जूही दीक्षित, डॉ. परिधि बजाज, डॉ. प्रशांत मंडारिया, डॉ. यात्रा जैन सहित 40 डॉक्टरों की टीम अपनी सेवा देगी।

### आरोपी पुलिस अधिकारी से लेकर वैज्ञानिक परिवार से जुड़े हुए

# गेट नकलचियों की टीम में शामिल साल्वरों की कमाई महीने में डेढ़ से दो लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय स्तर की गेट परीक्षा में नकल करने के आरोप में पुलिस ने जिन आधा दर्जन नकलची सहित साल्वर को गिरफ्तार किया है, वो सभी सभ्रांत परिवार से जुड़े हुए लोग हैं। परीक्षार्थी के साथ साल्वर अच्छी जगह नौकरी करने के साथ उनकी महीने की इनकम एक से डेढ़ लाख रुपए है। पुलिस को नकल कराने वाले गिरोह से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी मिली है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक नकल करा कर परीक्षा पास कराने वाले गिरोह का एक बड़ा नेटवर्क है। यह नेटवर्क राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली परीक्षा में परिक्षार्थियों को नकल करा कर पास कराने का ठेका लेता है।

हरिभूमि फॉलोअप

पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया है कि नकल करा कर परीक्षा पास कराने वाले गिरोह से जुड़े लोगों ने उन्हें परीक्षा सेंटर रायपुर के साथ पश्चिम बंगाल दुर्गापुर भरने के लिए कहा था। रायपुर हिंदी भाषी तथा छोटा राज्य है, इसलिए अभ्यर्थियों ने परीक्षा केंद्र रायपुर भरा। बताया जा रहा है, नकल कर परीक्षा पास कराने वाला गिरोह अपने स्तर पर इस बात की जानकारी जुटाता है कि किन राज्यों में कितने परीक्षार्थियों ने परीक्षा केंद्र देने की मांग की है। जहां परीक्षार्थियों की संख्या कम हो, उन राज्य के शहरों के परीक्षा केंद्र में परीक्षा पास कराने वाला गिरोह अपने से जुड़े परिक्षार्थियों को वहां परीक्षा के लिए सेंटर की मांग करने की बात कहता है।

- नकल करते पकड़े गए आरोपियों को परीक्षा पास कराने वाले गिरोह के लोगों ने रायपुर, दुर्गापुर में फार्म जमा करने कहा था



रायपुर में बड़ा गिरोह पकड़ा गया, सरोना स्थित एक निजी कालेज में परीक्षा दिलाने पहुंचे थे सभी

गेट परीक्षा में धरे गए आधा दर्जन मुन्नाभाई, तीन परीक्षा दे रहे थे, तीन ब्लू टूथ से दे रहे थे जवाब

### यह है आरोपियों की प्रोफाइल

#### दर्शन सिंह प्रापर्टी डीलर

झज्जर जिले के छोटे से गांव छुड़ानी का रहने वाला दर्शन सिंह सहवाग एक सम्मानित किसान परिवार से संबंध रखता है। वह केवल 10वीं तक पढ़ा है और अपने पिता सुरेंद्र के साथ खेती-बाड़ी संभालने के साथ स्थानीय स्तर पर प्रापर्टी कार्य में भी सहयोग करता है। गांव में सामान्य जीवन जीने वाला है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक दर्शन के परिवार की सामाजिक छवि साफ रही है और पहले कभी किसी विवाद से संबंध नहीं रहा।

#### सुमित सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी का बेटा

छुड़ानी गांव का ही रहने वाला सुमित सहवाग हरियाणा में पुलिस विभाग में सेवानिवृत्त एसआई जयभगवान का बेटा है। सुमित अपने परिजनों को परीक्षा देने की बात कहकर घर से निकला था। सुमित भी विवाहित है तथा प्रापर्टी डीलिंग का कार्य करता है।

#### लक्की प्राइवेट कंपनी में इंजीनियर

हरियाणा, फतेहाबाद के भूना का रहने वाला लक्ष्मीनारायण उर्फ लक्की पेशे से निजी कंपनी में इंजीनियर है और चंडीगढ़ की सड़क निर्माण एजेंसी में कार्यरत बताया गया है। जिस कंपनी में लक्ष्मीनारायण इंजीनियर है, वह कंपनी देश में नेशनल हाईवे से लेकर कई बड़े प्रोजेक्ट का ठेका लेती है। लक्ष्मीनारायण को कंपनी में मोटी सैलेरी मिलती है।

#### नरेंद्र के परिवार में वैज्ञानिक डाक्टर, इंजीनियर

हिसार जिला के मिंगनीखेड़ा गांव का रहने वाला नरेंद्र कुमार अंतरराष्ट्रीय स्तर का पर्वतारोही है। नरेंद्र के फिट इंडिया के एंबेसेडर होने की बात सामने आई है। नरेंद्र के पिता एक्साइज एंड टैक्सेशन विभाग से सेवानिवृत्त ईटीओ हैं, बड़ी भाभी कृषि विश्वविद्यालय में वैज्ञानिक है तथा बड़ा भाई एचएसवीपी में जेई और दूसरा भाई सरकारी विभाग में जेई है, जबकि छोटी भाभी बीएमएस डाक्टर है।

#### अमर जम्मू कश्मीर चिनाब नदी पुल का इंजीनियर

अमर का परिवार सिरसा में रहता है। अमर जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी पर बन रही पुल परियोजना से जुड़ा इंजीनियर बताया गया है। इसके अलावा एक अन्य आरोपी रिंकू की पुलिस, प्रोफाइल के बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश में जुटी हुई है।

# सांसद बृजमोहन ने शंकरनगर में ट्रैफिक समस्या के स्थायी समाधान के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शंकर नगर क्षेत्र में लंबे समय से ट्रैफिक जाम की समस्या के स्थायी समाधान करने निगम अफसरों को निर्देश दिए। सोमवार को शंकर नगर क्षेत्र का जायजा लेने पहुंचे श्री अग्रवाल ने आए दिन शंकर नगर क्षेत्र में ट्रैफिक जाम से लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए मार्ग को सुगम आवागमन के लिए तैयार करने की जरूरत बताई। इसके साथ ही कचना में निर्माणाधीन रेलवे ब्रिज का निरीक्षण कर उसके निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने विभागीय अधिकारियों को हिदायत दी। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने राजधानी में सुगम यातायात व्यवस्था के लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस मौके पर उन्होंने निगम अफसरों को चेतावनी दी है कि निर्माण कार्यो में किसी भी तरह की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

- अफसरों को चेताया- विकास कार्यो में लापरवाही सहन नहीं करेंगे

श्री अग्रवाल ने शहर के मध्य स्थित व्यस्त सड़कों पर ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने,अतिक्रमण हटाने और यातायात से सुचारू संचालन के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने आक्सीजोन को और अधिक जन उपयोगी बनाने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। वे टिकरापारा स्थित नरैया तालाब पहुंचे और प्रस्तावित दिव्यांग पार्क स्थल का निरीक्षण किया। सांसद श्री अग्रवाल के साथ स्थल निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त विश्वदीप सहित निगम के विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### उत्तर विधायक पुरंदर के साथ किया जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण



रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के पंडित विद्याचरण शुक्ल वार्ड स्थित जोरा में समिति भवन के प्रथम तल के अतिरिक्त विकास कार्य करवाकर जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण किया। सांसद निधि मद से 5 लाख 88 हजार रुपए की स्वीकृत लागत वाले कार्य के लोकार्पण अवसर पर रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, पार्षद प्रतिनिधि जयंत साहू सहित जोन 9 कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर, कार्यपालन अभियंता शरद ध्रुव सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे। श्री अग्रवाल ने जनता की मांग पर मंच से शौचालय निर्माण के लिए लोकसभा सांसद निधि मद से 1 लाख रुपए का स्वेच्छा अनुदान देने की घोषणा की।

# आज और कल 3-3 क्षेत्रीय दफ्तरों में बिजली के नए टैरिफ के लिए जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के 65 लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ताओं को इस साल भी महंगी बिजली का झटका लगना तय है। पॉवर कंपनी ने 63 सौ करोड़ का घाटा बताते हुए कीमत बढ़ाने की याचिका लगाई है। नया टैरिफ तय करने से पहले छत्तीसगढ़ राज्य बिजली नियामक आयोग ने जनसुनवाई तय की है। पहली बार छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के आधा दर्जन क्षेत्रीय कार्यालयों में भी 17 और 18 फरवरी को ऑनलाइन जनसुनवाई होगी। इसके बाद 19 और 20 फरवरी को आयोग के राजधानी के मुख्यालय में प्रदेश स्तर की जनसुनवाई होगी। इसी के बाद नया टैरिफ तय होगा। पॉवर कंपनी ने नए सत्र 2026-27 के लिए पूरा लेखा-जोखा बनाकर नियामक आयोग में नए टैरिफ के लिए याचिका दायर कर दी है।इस याचिका में बताया गया है कि प्रचलित दर से 26216 करोड़ का राजस्व मिलने की संभावना है। इसी के साथ साल भर का खर्च 25460 करोड़ बताया गया है।

- बिजली नियामक आयोग के दफ्तर में 19 और 20 को होगी प्रदेश स्तर की जनसुनवाई

*आज दुर्ग, बिलासपुर, राजनांदगांव में जन सुनवाई : पॉवर कंपनी के आधा दर्जन क्षेत्रीय कार्यालयों में दो दिनों तक जनसुनवाई होगी। उस क्षेत्र के या फिर किसी भी स्थान के उपभोक्ता क्षेत्रीय कार्यालय में जाकर जनसुनवाई में शामिल हो सकेंगे। जनसुनवाई में आने वालों के सुझावों को नियामक आयोग के अधिकारी ऑनलाइन देखेंगे और सुनेंगे। पहले दिन 17 फरवरी को सबसे पहले सुबह को 10.30 से 12.00 बजे तक दुर्ग, 12.00 से 1.30 बजे तक बिलासपुर और 3.00 से 4.30 बजे तक राजनांदगांव के क्षेत्रीय कार्यालय में जनसुनवाई होगी। 18 फरवरी को अंबिकापुर में 10.00 से 12.00 बजे तक, जगदलपुर में 12.00 से 1.30 बजे तक और रायगढ़ में 3.00 से 4.30 बजे तक जनसुनवाई होगी।*

# चंगोराभाठा के करन नगर महादेव नगर, परमेश्वरी चौक के पास पानी की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नगर निगम जोन 5 कमिश्नरी के अंतर्गत आने वाले भक्त कर्मा माता वार्ड और डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड में लो प्रेशर से पानी की समस्या को लेकर प्रभावित इलाके के रहवासी परेशान हैं। कुछ इलाकों में पीने के पानी की पाइप लाइन भी नहीं बिछ पाई है। ऐसे में चंगोराभाठा के करन नगर, महादेव नगर, परमेश्वरी चौक के आसपास पेयजल समस्या के समाधान की मांग को लेकर महिलाओं ने ईदगाहभाठा पानी टंकी स्थित जोन 5 कार्यालय पहुंचकर जोन कमिश्नर खीरसागर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस की जिला अध्यक्ष निशा शर्मा, छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव पूनम यादव , विनोद सिंह ठाकुर ब्लाक अध्यक्ष, ऋषि देवांगन मंडल अध्यक्ष और छाया पार्षद सुभासनी देवांगन सहित प्रभावित क्षेत्र की महिलाएं शामिल रहीं।

*लो प्रेशर से पानी की गंभीर समस्या ज्ञापन सौंपने पहुंची महिलाओं ने जोन कमिश्नर को अवगत कराया कि चंगोराभाठा के करन नगर पेयजल आपूर्ति के लिए बिछाई गई पाइप लाइन में लो प्रेशर की वजह से लोगों को पीने के पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। वहीं चंगोराभाठा में नलों से लाल रंग के पानी आने की शिकायत भी की गई।*

### लो प्रेशर की शिकायत आई है

चंगोराभाठा के करन नगर, महादेवनगर सहित कुछ रहवासी इलाकों में नलों से लो प्रेशर की शिकायत आई है। कुछ लोगों ने जोन दफ्तर आकर इस संबंध में ज्ञापन सौंपा है। समस्या दूर करने जोन से टीम भेजकर दिखवा रहा हूं।
- **खीरसागर नायक,** कमिश्नर, जोन क्रमांक 5, नगर निगम रायपुर

# लाल बहादुर शास्त्री वार्ड के कई हिस्सों में नाली निर्माण नहीं, मच्छरों से परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जोन 9 क्षेत्र स्थित पंडित लाल बहादुर शास्त्री वार्ड के कई हिस्सों में नाली निर्माण नहीं होने से गंदा पानी खाली प्लॉटों में जमा हो रहा है, इससे गंदगी और मच्छर पनपने की समस्या से लोग परेशान हैं। यही नहीं, निगम क्षेत्र में शामिल होने के सालों बाद भी कई इलाकों में पक्की सड़क अब तक नहीं बन पाई है।

वार्ड की मूलभूत समस्याओं की धरातल पर स्थिति जानने वार्ड पार्षद रेणु जयंत साहू ने जोन के 9 अधिकारियों ने वार्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर, अधीक्षण अभियंता शरद ध्रुव, सहायक अभियंता सैय्यद जोहेब तथा उप अभियंता अंकिता जर्नादन उपस्थित रहे। तालाबों की दयनीय स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए उनके गहरीकरण, साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण एवं संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण मिल सके। निरीक्षण के दौरान वार्ड में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। पार्षद ने संबंधित ठेकेदारों को गुणवत्ता, पारदर्शिता के साथ समयसीमा का विशेष ध्यान रखते हुए कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।



- गार्डन, युवाओं के लिए ओपन जिम, पक्की सड़क की हो रही मांग
- वार्ड पार्षद रेणु-जयंत साहू ने मूलभूत सुविधाओं को लेकर अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

### गंदे पानी के जाम से बीमारियों को आशंका

वार्ड के निरीक्षण के दौरान विभिन्न मोहल्लों एवं प्रमुख स्थलों का दौरा कर नागरिकों से प्रत्यक्ष संवाद किया गया। पार्षद रेणु -जयंत साहू ने अधिकारियों को अवगत कराया कि वार्ड के कई हिस्सों में नाली निर्माण नहीं होने से वर्षा जल एवं घरेलू उपयोग का गंदा पानी खाली प्लॉटों में जमा हो रहा है, जिससे जलभराव, गंदगी और मच्छरों की समस्या बढ़ रही है। इससे संक्रामक बीमारियों की आशंका है। उन्होंने संबंधित स्थलों पर प्राथमिकता के आधार पर नाली निर्माण एवं जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग रखी। वार्ड पार्षद ने जोन के अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित सड़कों का सर्वे कर जल्द इस संबंध में प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित किया जाए। स्थल निरीक्षण के दौरान वार्ड में सामाजिक एवं सामुदायिक अधोसंरचना की कमी की ओर जोन के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया। वार्ड पार्षद रेणु-जयंत साहू ने ने अधिकारियों से कहा, वार्ड बच्चों के खेलने और घूमने फिरने एक भी सुव्यवस्थित गार्डन उपलब्ध नहीं है, युवाओं के लिए ओपन जिम की सुविधा नहीं है तथा सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए सामुदायिक भवन का अभाव है। इन सुविधाओं के विकास के लिए भूमि चिन्हांकन कर शीघ्र कार्ययोजना बनाने की मांग की गई।

### चैंबर ने सीएम साय और मंत्री कश्यप का जताया आभार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं रायपुर ऑटोमोबाइल रिसेलर्स एसोसिएट के चेयरमैन आनंद श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं परिवहन मंत्री केदार कश्यप का आभार व्यक्त किया है, जिन्होंने जनभावना का ख्याल एवं संगठन द्वारा की गई मांग को सहानुभूतिपूर्ण विचार करते हुए पुराने वाहनों के नाम ट्रांसफर में लगने वाले 1 प्रतिशत टैक्स को वापस लेने की बात कही है।






# आमरण अनशन के 56 दिन पूरे, डीएड अभ्यर्थी चार सूत्रीय मांग को लेकर आज करेंगे मंत्रालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में सहायक शिक्षक भर्ती 2023 के तहत रिक्त 1600 पदों पर तत्काल नियुक्ति की मांग को लेकर प्रभावित डीएड अभ्यर्थी 17 फरवरी को मंत्रालय का घेराव करेंगे। 4 सूत्रीय मांगों को लेकर 24 सितंबर से अनिश्चित-कालीन आमरण अनशन पर बैठे डीएड अभ्यर्थी नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर आंदोलन कर अपने हक कीआवाज बुलंद कर रहे हैं। सहायक शिक्षक भर्ती 2023 में रिक्त पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर डीएड अभ्यर्थियों के नवा रायपुर के तूता धरना स्थल में आमरण अनशन के 56 दिन पूरे हो गए हैं। इसके बाद भी शासन-प्रशासन द्वारा कोई ठोस निर्णय नहीं लिए जाने के कारण अभ्यर्थियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। धरना दे रहे अभ्यर्थियों का कहना है प्रदेश में आदिवासी मुख्यमंत्री होने के बाद भी 1600 से अधिक आदिवासी वर्ग के सहायक शिक्षक पद रिक्त हैं इस पर मुख्यमंत्री द्वारा कोई निर्णय नहीं लिया जा रहा है। इससे नाराज प्रदेश भर के डीएड अभ्यर्थी 17 फरवरी को अटल नगर नवा रायपुर स्थित मंत्रालय महानदी भवन में स्थित स्कूल शिक्षा विभाग कार्यालय का घेराव करेंगे। डीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थी संघ छत्तीसगढ़ के आव्हान पर आमरण अनशन कर रहे अभ्यर्थियां ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता तो वे आंदोलन को उग्र रूप देंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। आमरण अनशन पर बैठे डीएड के 2 अभ्यर्थियों की धरना स्थल पर तबियत खराब हो गई। इनमें गौरेला के अनुजराम और कोरबा से आए डीएड अभ्यर्थी सोमेश्वर शामिल हैं। सोमवार को डीएड अभ्यर्थियों के कुछ प्रतिनिधि दिल्ली में शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से मुलाकात कर सहायक शिक्षक के 2300 पद पर जल्द नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।



- छत्तीसगढ़ में सहायक शिक्षक भर्ती 2023 के तहत रिक्त 1600 पदों पर नियुक्ति की मांग

### प्रमुख मांगें इस तरह

0 सहायक शिक्षक भर्ती के 2300 रिक्त पदों पर डीएड अभ्यर्थियों को शीघ्र नियुक्ति देने की मांग।
0 न्यायालय के आदेशों का तत्काल पालन हो।
0 विशेष रूप से 1600 से अधिक आदिवासी वर्ग के रिक्त पदों पर नियुक्ति।
0 नियुक्ति में देर के लिए दोषी अधिकारियों पर जवाबदेही तय करने की मांग।




# हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 17 फरवरी 2026

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937




02 समाज और संस्थाओं में आदर्श विवाह ....

लाइव इवेंट

## छत्तीसगढ़ यंग साइंटिस्ट कांग्रेस में राज्य के युवा वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को मिलेगा मंच



**रायपुर।** ट्रिपल आईटी नवा रायपुर में 21वें छत्तीसगढ़ यंग साइंटिस्ट कांग्रेस- 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन संस्थान में 17 से 18 मार्च को होगा। कार्यक्रम छत्तीसगढ़ कॉन्सिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी रायपुर और डॉ. एसपी मुखर्जी इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी नया रायपुर द्वारा किया जा रहा है। इसके लिए 15 फरवरी को संक्षिप्त विवरण जमा करने की अंतिम तिथि पर अधिक संख्या में आवेदन मिले हैं। इस पर प्रतिभागियों के उत्साह को देखते हुए आयोजकों ने सार-संक्षेप जमा करने की तिथि 15 से बढ़ाकर 20 फरवरी कर दी है। साथ ही पंजीकरण शुल्क सहित रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि भी बढ़ाकर 21 फरवरी कर दी है। छत्तीसगढ़ यंग साइंटिस्ट कांग्रेस राज्य के युवा वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं के लिए एक प्रतिष्ठित मंच है। इसमें चयनित प्रतिभागियों को 21 हजार रुपए नगद राशि और प्रमाण पत्र दिया जाएगा। यहां युवा शोधकर्ताओं को अपने शोधकार्य प्रस्तुत करने और राज्य स्तर पर पहचान बनाने का अच्छा अवसर मिलेगा।

### इन 20 विषयों पर शोधपत्र आमंत्रित

21वें छत्तीसगढ़ यंग साइंटिस्ट कांग्रेस- 2026 के लिए 20 विषयों में शोधपत्र आमंत्रित किए गए हैं। इनमें कृषि विज्ञान, कृषि अभियांत्रिकी व प्रौद्योगिकी, जीव विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी एवं जैव रसायन, रासायनिक विज्ञान, पृथ्वी एवं वायुमंडलीय विज्ञान, रासायनिक अभियांत्रिकी, कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी, सिविल एवं वास्तु अभियांत्रिकी, विद्युत एवं दूरसंचार अभियांत्रिकी, यांत्रिक एवं उत्पादन अभियांत्रिकी, पर्यावरण विज्ञान एवं वानिकी, गृह विज्ञान एवं मनोविज्ञान, जीवन विज्ञान, गणित एवं सांख्यिकी विज्ञान, चिकित्सा एवं औषधीय विज्ञान, भौतिकी, पशु चिकित्सा एवं डेयरी प्रौद्योगिकी, खनन एवं धातुकर्म, छत्तीसगढ़ की पारंपरिक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी शामिल है। 28 फरवरी 2026 को आयु पुरुषों के लिए 35 वर्ष से कम और महिलाओं के लिए 38 वर्ष से कम होनी चाहिए। स्नातकोत्तर, मेडिकल व इंजीनियरिंग में स्नातक के बाद कम से कम दो वर्ष का शोध अनुभव होना आवश्यक है। केवल छत्तीसगढ़ में किया गया मौलिक और एकल-लेखन शोधकार्य ही स्वीकार किया जाएगा। आयोजकों ने सभी योग्य युवा शोधकर्ताओं से अपील की है कि वे बढ़ी हुई तिथियों का लाभ उठाएं और समय रहते अपना संक्षिप्त विवरण तथा पंजीकरण पूरा करें।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने जेईई मेंस रिजल्ट 2026 के सेशन-1 के नतीजे किए जारी

# 12 घंटे का कड़ा अनुशासन, जेईई मेंस में अथर्व और सान्वी बने सिटी टॉपर

*रायपुर। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने जेईई मेंस रिजल्ट-2026 के सेशन-1 के नतीजे जारी कर दिए गए हैं। इस बार छत्तीसगढ़ का भी रिजल्ट पिछले साल से बेहतर रहा है। एलेन कॅरियर इंस्टीट्यूट के एकेडमिक हेड कुणाल सिंह ने बताया कि एलेन रायपुर के क्लासरूम स्टूडेंट अथर्व ठाकुर 99.97 परसेंटाइल के साथ सिटी टॉपर्स रहे। सार्थक, अथर्व शर्मा, दिव्यांश, रोहित सिंह, सान्वी, चिन्मय, आदर्श , नमन , राहुल, पीयूष, कृष्णा , आरुष, आदित्य ने 99.5 से अधिक परसेंटाइल अर्जित किए हैं। 99.5 परसेंटाइल से अधिक अर्जित करने वाले एलेन रायपुर से सर्वाधिक विद्यार्थी हैं। बात दें कि एनटीए ने जेईई मेंस सेशन 1 एग्जाम का आयोजन 21 से लेकर 29 जनवरी तक किया था। इसमें 13 लाख से अधिक स्टूडेंट्स ने भाग लिया था। इस रिजल्ट में अभी रैंक जारी नहीं होगा, क्योंकि जेईई मेंस का दूसरा सेशन अप्रैल में होना है। उसके बाद रैंक जारी किया जाएगा।*

### 12 घंटे स्टडी से पाए 99 फीसदी से अधिक अंक



जेईई मेन सेशन-1 में शहर के अथर्व ठाकुर ने 99.976 परसेंटाइल हासिल किया है। अथर्व ने बताया कि इस सफलता के लिए अपने 12 घंटे के स्टडी शेड्यूल को मानते हैं। आगे उन्होंने बताया कि वे अभी 12वीं कक्षा में है और बोर्ड एग्जाम देंगे। इसके अलावा 17 मई को जेईई एडवांस की तैयारी में भी जुटेंगे। उनका सपना आगे बीटेक करना है। जेईई मेन्स की तैयारी करने वाले अपने जैसे छात्रों को फोकस होकर पढ़ाई करने को कहा है।

### इंजीनियरिंग के साथ रिसर्च भी ऑप्शन



जेईई मेन सेशन-1 में शहर के सार्थक मोहरील ने 99.922 परसेंटाइल हासिल किए हैं। इस सफलता को लेकर सार्थक ने अपने स्टडी आइडिया को कामयाबी का राज बताया। उनका कहना है कि वे किसी भी सब्जेक्ट को पढ़ने बैठते हैं तो उसे रटने या प्रेशर में नहीं पढ़ते, बल्कि एक रुटीन की तरह लेते हैं। इससे स्टडी इंट्रेस्टिंग बनती जाती है, बोझिल नहीं लगता। सार्थक अभी 12वीं कक्षा में मैथ्स के स्टूडेंट्स हैं। आगे इंजीनियरिंग फील्ड को लक्ष्य रखा है। साथ ही वे रिसर्च फील्ड का भी ऑप्शन लेकर चल रहे हैं।



### नोट्स का भी मिला फायदा

रोहित सिंह परिहार ने 99.79 अंक हासिल किए हैं। बातचीत में बताया कि कोचिंग में पढ़ाई के साथ-साथ नोट्स बनाकर तैयार करने से सफलता मिली। कोचिंग से काफी पढ़ाई हो जाती थी। एग्जाम से पहले नोट्स के जरिए पढ़ाई की। रोजाना 10 घंटे की पढ़ाई जारी रखी। रोहित के पिता धीरज सिंह बीएसपी में कार्यरत हैं।

### कोचिंग के साथ 12 घंटे पढ़ाई



सान्वी मित्तल जेईई मेंस में 99.77 के साथ गर्ल्स सिटी टॉपर हैं। उनका कहना है कि स्कूल की पढ़ाई के साथ-साथ जेईई की तैयारी करती थीं। रोजाना 12 घंटे की पढ़ाई का लक्ष्य बनाकर रखा था। कोचिंग को ज्यादा समय दिया, ताकि किसी भी तरह की समस्या होने से टीचर से डाउट क्लीयर हो सके। अब एडवांस को लेकर तैयारी भी जारी है। सान्वी के पिता दीपक जैन व्यापारी और माता बबीता जैन गृहिणी हैं।

### ग्रुप स्टडी के लिए फालो किया टाइम टेबल



चंगोराभाठा निवासी अथर्व शर्मा ने जेईई मेन्स की परीक्षा में 99.88 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि इसके लिए समय- समय पर कोचिंग सेंटर में ली गई परीक्षा में मिलने वाले अंकों से हम आगे की तैयारी के लिए प्रीपेयर होते थे।स्कूल में फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ की स्टडी के साथ ग्रुप स्टडी पर फोकस किया। बोर्ड परीक्षा की तैयारी और जेईई मेन्स की तैयारी के लिए अलग-अलग टाइम टेबल बनाया था। उसका पालन करते हुए तय किए गए सिलेबस को पूरा करने में किसी प्रकार की कोताही नहीं की, इससे पहले दौर की परीक्षा में अच्छे अंक मिले। अब जेईई एडवास की तैयारी पर फोकस करुंगा। अथर्व ने बताया कि मेरा फ्रैंड सर्कल भी लक्ष्य तय करके पढ़ाई करने वाला है। इसका फायदा काफी हद तक मिला।

### गोल सेट करने से आसान हो जाती है सफलता



10वी पास होने और सब्जेक्ट का चयन करने से पहले ही अपना गोल सेट किया था। जेईई मेन्स में 99.85 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाले डीडी नगर निवासी छात्र दिव्यांश यादव ने बताया कि कोचिंग के साथ ही अलग से जेईई मेन्स की तैयारी के लिए टाइम टेबल तय किया है। उसका पालन करते हुए प्रतिदिन 8 से 10 घंटे स्टडी का नियम बनाने से मेन्स क्लियर करने में सफलता मिली। इससे आगे भी जेईई एडवांस की तैयारी करनी है। इस सफलता से आगे बढ़ने का विश्वास मिला।उन्होंने बताया कि मोबाइल से दूरी और सिलेबस पर फोकस करने से 300 में 210 अंक प्राप्त हुए हैं। मेरे फ्रैंड सर्कल के लोग भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संकल्पित थे। इससे पढ़ाई के लिए तय टाइम टेबल के अनुरुप ही तैयारी करने से यह सफलता मिली।

सिटी इवेंट

## परीक्षा में सकारात्मक सोच और निरंतर अभ्यास से मिलेगी सफलता



**रायपुर।** आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। परीक्षा केवल ज्ञान का आंकलन मात्र है। यह जीवन का अंतिम पैमाना नहीं है। इसलिए छात्र घबराएं नहीं। सकारात्मक सोच, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास से छात्र न केवल परीक्षा के भय पर विजय पा सकते हैं बल्कि उज्जवल भविष्य की ओर कदम बढ़ा सकते हैं। यह कहना है ब्रह्माकुमारी रुचिका दीदी का, जिन्होंने सोमवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज के शांति शिखर में बच्चों को परीक्षा के भय से मुक्ति विषय पर व्याख्यान दिया। ब्रह्माकुमारी रुचिका दीदी ने कहा कि जैसे-जैसे बोर्ड और प्रतियोगी परीक्षाएं नजदीक आती हैं, विद्यार्थियों में तनाव और घबराहट बढ़ना स्वाभाविक है। खासकर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सहित विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों में परीक्षा का भय एक आम समस्या बनती जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि समय रहते सही उपाय अपनाए जाएं तो इस भय पर आसानी से काबू पाया जा सकता है।

### योजना बनाकर पढ़ाई करनी चाहिए

ब्रह्माकुमारी रुचिका दीदी ने आगे बतलाया कि परीक्षा का भय वह मानसिक स्थिति है, जिसमें विद्यार्थी असफलता की आशंका, माता-पिता की अपेक्षाओं और भविष्य की चिंता के कारण अत्यधिक तनाव महसूस करने लगता है। इसके लक्षणों में अनिद्रा, एकाग्रता की कमी, घबराहट, याद की हुई बातें भूल जाना और आत्मविश्वास का गिरना शामिल है। तनाव से निपटने और परीक्षा के भय से छुपकारा पाने के लिए उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि बच्चों को योजना बनाकर पढ़ाई करनी चाहिए। इसके लिए छोटे-छोटे लक्ष्य निर्धारित करें और नियमित रूप से रिवीजन करते रहें।

### 10-15 मिनट का ध्यान मन को शांत करेगा

अपनी दिनचर्या पर भी ध्यान दें। स्वस्थ दिनचर्या अपनाएं। पर्याप्त नींद, संतुलित आहार और हल्का व्यायाम बेहद जरूरी है। गहरी सांस लें व ध्यान (मेडिटेशन) का अभ्यास करें। रोज 10–15 मिनट का ध्यान मन को शांत करता है। साथ ही नकारात्मक सोच से दूरी बनाएं। खुद की तुलना दूसरों से न करें। अपनी प्रगति पर ध्यान दें। माता-पिता व शिक्षकों से खुलकर बात करें। अपनी चिंता साझा करने से मन हल्का होता है। परीक्षा के भय से छुटकारा दिलाने में अभिभावकों की भूमिका भी अहम होती है। उन्होंने बताया कि बच्चों पर पैरेंट्स अत्यधिक दबाव डालने लगते हैं, इसके बजाय उनका मनोबल बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। प्रशंसा, समझदारी और सहयोग से विद्यार्थी बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

## फेयरवेल पार्टी में जूनियर्स ने सीनियर्स को दिए टास्क, खेले गेम्स, जीते ईनाम

**रायपुर।** परीक्षा शुरू होने से पहले जूनियर्स द्वारा सीनियर्स को फेयरवेल पार्टी देने की परंपरा निभाई जा रही है। इस कड़ी में सोमवार को देवेंद्र नगर स्थित श्री गुजराती उच्चतर माध्यमिक शाला के ज्ञानोदय भवन में 11वीं के विद्यार्थियों ने सीनियर्स के लिए गरिमामय आयोजन किया। इस विदाई पार्टी में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन करते हुए अलग-अलग टास्क दिए गए। इसमें 12वीं के छात्रों को साड़ी पहनना और पेपर डांस की चुनौती दी गई।

छात्राओं को गुब्बारे से कप गिराना और एक कप से दूसरे कप में बिना गिराए पानी डालना जैसे खेल तय किए। इसके विजेताओं और मिस एंड मिस्टर फेयरवेल, मिस एंड मिस्टर परफेक्ट, मिस एंड मिस्टर इवनिंग को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। इसमें गेस्ट के रूप में अशोक भाई पटेल एवं सचिव हेमंत गोहिल ने प्रतिभागियों की हौसला अफजाई की।



### परेशान होकर नहीं, साहस से जीवन प्रबंधन करें

शिक्षण संघ के सचिव हेमन्त गोहिल ने कहा कि शाला से प्राप्त संस्कार और शिक्षा के माध्यम से अपनी बहुमुखी प्रतिभाओं से देश के श्रेष्ठ नागरिक बनकर संस्था, शाला एवं माता पिता को गौरवान्वित करें। प्राचार्य अनीस मेमन ने कहा कि जब विपरीत स्थितियों का सामना करना ही है तो परेशान होकर नहीं, बल्कि साहस से जीवन प्रबंधन करें। सबके सुखद भविष्य की कामना करते हुए कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित विदाई समारोह को सराहा। डॉ. शैलेष शर्मा, योगिता टांक, वंदना संघवी और आयोजन प्रभारी शिक्षक प्रवीण गनोदवाले, कमलेश रूपारेलिया, नरेंद्र ताड़गे, रजिस्ट्रार अशोक जाचक ने जूनियर्स का मार्गदर्शन किया।

## व्हीलचेयर दिव्यांगों का बना सहारा अब आत्मनिर्भरता से संवरेगा जीवन



**रायपुर।** आकांक्षा इंस्टीट्यूट लायंस ऑफ लर्निंग एंड एम्पॉवरमेंट अवंति विहार में मोटिवेशन इंडिया के स्वालंबन योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों को कस्टमाइज्ड व्हीलचेयर वितरण कार्यक्रम किया गया। यह वितरण मोटिवेशन इंडिया द्वारा किया गया तथा रंगूनवाला फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। इस मौके पर संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि उनका उद्देश्य व्हीलचेयर उपयोगकर्ताओं को गतिशीलता प्रदान करना है। संस्था द्वारा दी जाने वाली कस्टमाइजेबल व्हीलचेयर उपयोगकर्ता दिव्यांगों को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाती है। साथ ही कस्टमाइजेबल (अनुकूलनीय) व्हीलचेयर उपयोगकर्ताओं की व्यक्तिगत जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाई जाती है, जिससे उन्हें अधिक आराम, स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता प्राप्त होती है। कार्यक्रम में आकाश सोनकर, शहजादी बेगम, शशि ठाकुर, सुरेखा खांडे एवं पद्मा चक्रधारी आदि उपस्थित रहे।

वैवाहिक समारोह में एआई तकनीक का बढ़ा ट्रेंड, कपल्स हजारों रुपए खर्च कर जीवंत वीडियो-फोटो से संजो रहे यादें

कार्नर न्यूज

# एआई वेडिंग शूटिंग का कमाल, वर-वधू को आशीर्वाद देने स्वर्ग से उतर रहे दिवंगत पैरेंट्स



**रायपुर।** शादी-ब्याह के कार्यक्रमों के वीडियो व फोटो शूटिंग हम सबने देखी है और उस मेमोरी का हिस्सा भी बने हैं। शादी में तेल-माटी, हल्दी-मेहंदी से लेकर बारात वेलकम, फेरे और रिसेप्शन तक हर लम्हा कैमरे में शूट होता रहता है, लेकिन ऐसा शायद ही देखा होगा कि शादी कार्यक्रम में स्वर्ग से कोई धरती पर आकर दूल्हा-दुल्हन को आशीर्वाद दे रहा हो। यह सोचने पर असंभव लगता है, पर यह सच कर दिखाया है एआई वेडिंग शूटिंग ने, जो शादी के कार्यक्रम में उन दूल्हा-दूल्हन के पैरेंट्स, जैसे माता-पिता, दादा-दादी या दूसरे सदस्य जो आज इस दुनिया में नहीं हैं, वे एआई तकनीक से बने वेडिंग वीडियो शूटिंग में जीवंत रूप में दूल्हा-दुल्हन बने बेटे-बेटियों को आशीर्वाद देते स्वर्ग से उतरते दिखाए जा रहे हैं। इस वीडियो को देखना दुल्हा-दुल्हन व घर के फैमिली सभी के लिए एक यादगार, अनोखा, अविश्वसनीय पल बन जा रहा है। शहर के बीते जामाने से नए जमाने तक 1996 से वेडिंग प्लानर के तौर पर काम कर रहे बंटी चंद्राकर बताते हैं कि यह एआई वेडिंग शूटिंग आजकल की शादियों की मेमोरी को जीवंत रूप में संजोने सबसे ज्यादा ट्रेंड कर रही है।





### सोचते ही लंदन-पेरिस की हसीन वादियों में पहुंच जा रहे

एआई वेडिंग शूटिंग के कमाल से दूल्हा-दुल्हन रिसेप्शन पार्टी में बैठे-बैठे सिर्फ सोचकर वेडिंग प्लानर को बता रहे हैं और एक क्लिक में कपल्स की लंदन-पेरिस की हसीन वादियों को निहारते, डांस करते, सैर-सपाटा करते जीवंत फोटो और वीडियों रिसेप्शन पार्टी के बैक स्टेज पर लगी एलईडी स्क्रीन पर डिस्प्ले होने लगती है। इस वीडियो व फोटो से दूल्हा-दुल्हन की शादी मेमोरेबल और गेस्ट के सामने रॉयल बन जा रही है।

### लेडिस संगीत और डांस की हर थीम जीवंत

वेडिंग प्लानर बताते हैं कि शादी कार्यक्रमों में लेडिस संगीत व डांस की हर थीम का जीवंत सेटअप बैक स्टेज एलईडी स्क्रीन पर उतारा जा रहा है। इससे शादी का संगीत कार्यक्रम आकर्षक और भव्य हो रहा है। हालांकि एआई वेडिंग शूटिंग का खर्च 20 हजार से लाख रुपए तक महंगा है, इसके बावजूद इसका चलन हाईप्रोफाइल शादियों में तेजी से बढ़ रहा है।

### एआई से परफेक्ट कपल फोटो प्रॉम्प्ट तैयार करें

एआई वेडिंग शूटिंग के अलावा एआई से परफेक्ट कपल फोटो प्रॉम्प्ट भी तैयार किया जा रहा है। इसे कपल नीली शाम में पेरिस की गलियों पर एक सिनेमैटिक ट्रैवल कपल पोर्ट्रेट, पहाड़ी कैफे की सर्द फिजां, पहाड़ों की सुबह, यूरोपीय गली में शाम का जादू, झील किनारे सुनहरी पल की यादों को जीवंत बना रहे हैं।

## सिटी लाइव

### भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति ने नियुक्त किए पांच प्रमुख सलाहकार







**रायपुर।** भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव-2026 समिति और सकल जैन समाज ने पांच सलाहकारों की नियुक्ति की है। महोत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रेश शाह ने महेंद्र कोचर, विनोद जैन बड़जात्या, विजय चोपड़ा, अश्विन दोशी, कमल भंसाली को सलाहकार के रूप में नियुक्त किया है। श्री शाह ने बताया कि समिति और सकल जैन समाज के तत्वाधान में भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 2026 का आयोजन किया जा रहा है। सभी प्रमुख सलाहकार समाज के वरिष्ठ हैं और उनके मार्गदशन में महोत्सव की रूपरेखा तय की जाएगी। उनके नेतृत्व में महोत्सव के कार्य में तेजी आएगी और सभी कार्यक्रम सुचारू रूप से संचालित किए जाएंगे। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव-2026 की तैयारियों को गति प्रदान करते हुए पिछले दिनों सदर बाजार स्थित श्री ऋषभदेव जैन मंदिर परिसर में महोत्सव समिति के प्रधान कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया था। अब महोत्सव की तैयारियां जोरों से शुरू हो चुकी हैं। साथ ही अन्य प्रकोष्ठ और विंग की समितियां बनाई जा रही हैं। महिलाओं और युवाओं की कुछ समितियों की नियमित बैठकें भी शुरू हो चुकी हैं।

## कैंपस लाइव

### वित्तीय सेवाएं, म्यूचुअल फंड के प्रति सजग करने प्रशिक्षण



**रायपुर।** शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग व नेशनल स्टॉक एक्सचेंज मुंबई के एमओयू के तहत बीएफएसआई सेक्टर पर आधारित चार दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स का आगाज सोमवार को किया गया । वित्तीय सेवाएं एवं म्यूचुअल फंड के प्रति सजग करने के लिए आगामी 19 फरवरी तक यह आयोजन किया जाएगा। इसमें दिन का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. जया तिवारी द्वारा किया गया। उन्होंने छात्राओं को बताया कि प्रशिक्षण के दौरान उन्हें विभिन्न विषयों की जानकारी दी जाएगी। इसमें बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं, निवेश के अवसर, स्टॉक मार्केट, म्यूचुअल फंड, बीमा क्षेत्र को शामिल किया जाएगा।

#### विभिन्न संकाय की 105 छात्राओं ने कराया पंजीयन

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ के रूप में आशीष शर्मा बतौर मुख्य वक्ता मौजूद थे। उन्होंने छात्राओं को बैंकों की स्थापना, उनकी भूमिका, खातों के प्रकार, ऋण, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, क्रेडिट कार्ड के बारे में विस्तार से बताया। नोडल अधिकारी डॉ. रितु मारवाह ने पहले दिन विभिन्न संकायों की 105 छात्राओं का पंजीयन कराया एवं छात्राओं को इस प्रशिक्षण के महत्व को समझाया। आयोजन का संचालन डॉ. कीर्ति श्रीवास एवं डॉ. मुक्ता मल्होत्रा ने किया। आयोजन में डॉ. नेहा दुबे, मुस्कान श्रीवास्तव एवं कौशल सोनी शामिल हुए। वाणिज्य और अन्य संकाय की छात्राओं ने भी प्रशिक्षण का लाभ लेते हुए वित्तीय ज्ञान प्राप्त किया।

## आराधना

### महाशिवरात्रि पर नर्मदेश्वर शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा



**रायपुर।** शहर में जगह-जगह महाशिवरात्रि का आयोजन किया गया। इस कड़ी में जैनम विहार में महाशिवरात्रि के अवसर पर नवनिर्मित नर्मदेश्वर शिव मंदिर का लोकार्पण और प्राण प्रतिष्ठा समारोह विधि-विधान से किया गया। जैनम विहार में मंदिर निर्माण समिति द्वारा निर्माण की प्रक्रिया करीब दो वर्ष पूर्व शुरू की गई थी, जिसे 2026 में महाशिवरात्रि से पहले ही पूर्ण किया गया। लालपुर स्थित जैनम विहार में निर्मित मंदिर में शिव परिवार आस्था का केंद्र रहा। इसमें भगवान गणेश, कार्तिकेय और मां पार्वती विराजित हैं। साथ ही बजरंगबली की मूर्ति भी स्थापित की गई है। कॉलोनीवासियों के सहयोग से निर्मित इस मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सभी उत्साह से शामिल हुए।

---

**सामाजिक पहल पर वैवाहिक आयोजन करने तैयारी शुरू, मंडप सजाने तिथि और भवन तय**

# समाज और संस्थाओं ने आदर्श विवाह के लिए तय की तिथि, होटल-भवनों में सजाएंगे लग्न मंडप

'आदर्श विवाह कराने की पहल वेडिंग सीजन में अलग-अलग समाज और संस्थाओं द्वारा की जाएगी। अप्रैल से पहले ही होटलों और भवनों में लग्न मंडप सजाने के लिए रूपरेखा तय की गई है। इसके लिए फरवरी, मार्च और अप्रैल में मिलने वाले मुहूर्त में सामूहिक विवाह का दायित्व निभाने की तैयारी है। कई समाज के लोगों ने आदर्श विवाह का आयोजन पहले किया है। वहीं कई समाजों और संस्थाओं ने भव्य स्तर पर आदर्श विवाह को सफल बनाने के लिए पंजीयन का सिलसिला शुरू करने के साथ आयोजन के लिए दायित्व भी तय किया है।'





### 51 जोड़े की शादी कराने के लिए लक्ष्य तय

संत मां कर्मा समिति साहू समाज के मीडिया प्रभारी अश्वनी कुमार साहू ने बताया कि युवक-युवती परिचय सम्मेलन के बाद इस बार 15 मार्च को आदर्श विवाह किया जाएगा। इस बार समाज के लोगों द्वारा विवाह योग्य बेटे-बेटियों का बायोडाटा जमा कराने का क्रम जारी है। विवाह के लिए वर और वधू पक्ष की सहमति के आधार पर पंजीयन भी किया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि इस बार टिकरापारा स्थित भामाशाह साहू भवन में यह आयोजन किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति द्वारा जिम्मेदारी तय की गई है।

**रायपुर।** इस सीजन में भी आदर्श विवाह कराने की जिम्मेदारी अलग-अलग समाज के लोग निभाने वाले हैं। इसके लिए अभी वर्मा समाज सहित कई समाजों और संस्थाओं ने तिथि तय की है। वहीं कई समाज के लोगों ने इस बार दोगुने उत्साह से आयोजन को भव्य रूप देने की तैयारी तेज की है। इसके लिए लग्न मंडप सजाने के लिए स्थल तय किया है। साथ ही इस आयोजन को सफल बनाने के लिए आपस में जिम्मेदारी का भी विभाजन किया है, ताकि वर-वधू का विधि-विधान से रस्मों का पालन उनके स्वजनों की मौजूदगी में पालन किया जाए। इस बार प्रांतीय अग्रवाल संगठन ने सनातन समाज के 55 जोड़ों की शादी का खर्च वहन करने का निर्णय लिया है। यह पहल उनके माता-पिता को खर्च के बोझ से बचाने के लिए संगठन द्वारा इस साल भी किया जाएगा।

### वैवाहिक आयोजन के लिए मिलेंगे कई मुहूर्त

*पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि फरवरी में आगामी 19, 20 और 21 को मांगलिक आयोजन के लिए मुहूर्त है। रंगों का महापर्व होली 4 मार्च को मनाया जाएगा। इससे पहले होलाष्टक का सूतक 24 फरवरी से 3 मार्च तक प्रभावी रहेगा। इस बीच में 24, 25, 26, 27 और 28 फरवरी के अलावा 01, 03 मार्च को मुहूर्त होने के बाद भी विवाह समारोह नहीं होंगे। इसके बाद मार्च में ही 4, 7, 8, 9,11 और 12 को वैवाहिक आयोजन किए जा सकेंगे। इसके बाद 14 मार्च से 14 अप्रैल के बीच मीनार्क प्रभावी होने से लोगों को एक महीने तक मुहूर्त नहीं मिलेगा।*

### शादी अंदाज में होगी शादी समाज बनेगा साक्षी

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल व वैवाहिक आयोजन के मार्गदर्शक दीनदयाल गोयल ने बताया कि 03 मार्च 2026 को रावांभाठा स्थित होटल इंट्री पाइंट में सनातन समाज के 51 जोड़ों की शादी कराई जाएगी। इसका खर्च संगठन द्वारा वहन किया जाएगा। इसमें वर-वधू पक्ष के 100-100 लोगों को रहने-खाने और रिसेप्शन के साथ वर-वधू को गृहस्थ जीवन शुरू करने के लिए जरूरी साजो-सामान भी उपहार में दिए जाएंगे। दूसरा मौका होगा, जब संगठन सनातन समाज के बेटे-बेटियों की शादी कराने के लिए अग्रणी पहल करने जा रहा हैं। आयोजन को पारिवारिक माहौल में विधि-विधान से करवाने की तैयारी है।

### महाधिवेशन में 10 जोड़े का होगा आदर्श विवाह

मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप ने बताया कि 2026 का महाधिवेशन इस बार बलौदा बाजार राज अंतर्गत चांपा गांव में किया जाएगा। 21 फरवरी को अधिवेशन के पहले दिन ही आदर्श विवाह का आयोजन करेंगे। इसी दिन जिन बेटे-बेटियों का रिश्ता उनके परिजनों ने पहले से तय किया है, उनका आदर्श विवाह समाज की मौजूदगी में किया जाएगा। इस बार समाज के द्वारा 10 जोड़े का आदर्श विवाह करने की तैयारी है। समाज के लोगों को फिजूलखर्ची से बचाने के लिए यह प्रयास किया जाएगा। इसके लिए व्यवस्था बनाने के साथ आदर्श विवाह के लिए जोड़े की जानकारी अलग-अलग राज से इस बार भी मंगाई गई थी।

---

# कैलाश गिरी मंदिर में शिवजी का किया दिव्य श्रृंगार, दर्शन के लिए उमड़ी भीड़

**रायपुर।** महाशिवरात्रि पर बसंत विहार कॉलोनी स्थित कैलाश गिरी शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह ब्रह्ममुहूर्त से ही भक्तों ने जलाभिषेक प्रारंभ किया और पूरे दिन "हर हर महादेव" के जयघोष से मंदिर परिसर गूंजता रहा। मंदिर में भगवान शिव का आकर्षक एवं दिव्य श्रृंगार किया गया। शिवलिंग को महाकाल के स्वरूप में सजाया गया तथा शिवलिंग को पुष्पमालाओं, बेलपत्र, चंदन और भस्म से अलंकृत किया गया। इस स्वरूप ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। मंदिर परिसर को रंगबिरंगी रोशनी और फूलों की सजावट से भव्य रूप दिया गया। कैलाश गिरी शिव मंदिर सेवा समिति के पदाधिकारियों ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महाशिवरात्रि केवल पर्व नहीं, बल्कि आत्म-जागरण और शिव तत्व से जुड़ने का अवसर है।



### सीखेश्वरनाथ भगवान की निकाली दिव्य बारात

इसी दौरान सीखेश्वर नाथ महादेव मंदिर चंगोराभाठा में रविवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान महादेव का अर्धनारीश्वर रूप में श्रृंगार किया गया। पं. योगेंद्र पुरी के अनुसार इस अवसर पर सीखेश्वरनाथ भगवान की दिव्य बारात निकाली गई।



## श्री ठाकुरदेव बोहरही धाम में महाशिवरात्रि मेला संपन्न

**रायपुर।** ग्राम पथरी में कोल्हान नाला के पावन तट पर स्थापित ठाकुरदेव बोहरही धाम में महाशिवरात्रि के अवसर पर तीन दिवसीय विशाल मेला का आयोजन किया गया। आयोजन का यह 68वां वर्ष था। इस दौरान बड़ी संख्या में श्री ठाकुरदेव बोहरही देव का दर्शन करने श्रद्धालु पहुंचे। तीन दिन मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान का क्रम जारी रही। लोक मंजीरा (पायल साहू) का कार्यकम रखा गया। कार्यक्रम के संरक्षक धरसींवा विधायक अनुज शर्मा, अध्यक्ष श्रीकांत बघेल, उपाध्यक्ष प्यारेलाल वर्मा, सचिव तारण सिंह वर्मा, सरपंच कल्याणी आडिल समेत ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# सिख सम्मेलन में लिया निर्णय, जरूरतमंद समाजजनों को दिलाएंगे इलाज की सुविधा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिख समाज द्वारा समाज की एकता, संगठन एवं उज्ज्वल भविष्य की दिशा तय करने के उद्देश्य से प्रदेश स्तरीय सिख सम्मेलन का आयोजन होटल ओमाया गार्डन में किया गया। इसमें प्रदेशभर से गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों के प्रधान, सचिव, धार्मिक प्रचार संस्थाओं के पदाधिकारी, महिला विंग, युवा प्रतिनिधि एवं प्रबुद्धजन शामिल हुए। सोमवार को हुए सम्मेलन में समाज के युवाओं की शिक्षा एवं उच्च शिक्षा, नौकरी और व्यापार की संभावनाएं, शासन-प्रशासन में भागीदारी, समाज की वर्तमान राजनीतिक स्थिति, विवाहयोग्य युवक-युवतियों के रिश्ते एवं उनसे जुड़ी कठिनाइयों को दूर करते हुए समाज के सर्वांगीण विकास को लेकर चर्चा की गई। छत्तीसगढ़ सिख समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुखबीर सिंह सिंघोत्रा ने बताया कि इस सम्मेलन में कई अहम निर्णय भी लिए गए।

### हर वर्ग को सुविधा देने संसाधन जुटाने का सुझाव

पूर्व विधायक कुलदीप सिंह जुनेजा ने समाज के लिए स्कूल, अस्पताल, बाहर से पढ़ने आने वाले बच्चों के लिए हॉस्टल, कम्युनिटी हॉल एवं लाइब्रेरी स्थापित करने के सुझाव दिए। वहीं समाज के संरक्षक देवेंद्र सिंह सिब्बल ने घोषणा की कि प्रदेश के किसी भी गुरुद्वारे के लेटरपेड पर लिखवाकर लाने वाले जरूरतमंद सिखजनों को शहर के मेड लाइफ हॉस्पिटल में निशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सम्मेलन का संचालन तेजपाल सिंह हंसपाल ने किया। अतिथियों का स्वागत देवेंद्र सिंह चावला, स्वर्ण सिंह चावला, मनजीत सिंह भाटिया, जसप्रीत सिंह चावला, जागीर सिंह, इंदरपाल सिंह गांधी, पुष्पेंदर सिंह चड्ढा ने किया। सम्मेलन के अंत में आभार प्रदर्शन नरेंद्र सिंह हरगोत्रा ने किया।

---

**20 फरवरी को 12वीं बोर्ड की परीक्षा, टीचर्स और एक्सपर्ट से विद्यार्थी ले रहे टिप्स**

# परीक्षा हॉल में निर्धारित समय पर प्रश्नों को सही फार्मेट में हल करना भी तैयारी का हिस्सा

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** स्टूडेंट्स, जिन्होंने बोर्ड एग्जाम के लिए थॉरिकल्स टॉपिक्स की रिवीजन पूरी कर ली है, अब उन विद्यार्थियों में परीक्षा का प्रेशर ना के बराबर है। साइंस विषयों की लर्निंग उन्हें कक्षा व प्रयोगशाला में स्पॉट प्रैक्टिकल वर्क, प्रोजेक्ट वर्क और टॉपिक्स से शार्ट प्रश्नोत्तरी तैयार करा पूरी कराई गई है। इससे साइंस सब्जेक्ट के विद्यार्थियों में पढ़ाई में रुचि, टॉपिक्स को समझने और याद रखने की क्षमता विकसित हुई है। ये कहना है जेएन पांडे स्कूल की साइंस टीचर सरिता देवांगन की। वे बताती हैं कि मैं बॉयोलॉजी की टीचर हूं, अपने सब्जेक्ट की रीडिंग कक्षा में विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा की कंप्लीट तैयारी इसी ट्रिक्स से पूरे शैक्षणिक सत्र में कराती हूं। इससे विद्यार्थियों को परीक्षा को लेकर किसी भी तरह का मानसिक दबाव या तनाव नहीं रह जाता है। बॉयोलॉजी में डीएनए क्रोमोसोम, इकोसिस्टम, एल्कोहॉल जैसे टॉपिक्स पर स्पॉट प्रैक्टिकल कराया जा चुका है, ताकि स्टूडेंट्स उस टॉपिक्स को स्वयं करके और देखकर समझें एवं याद रखें। इसके अलावा ब्लूप्रिंट, पांच सालों के प्रश्नपत्रों को हल कराना, क्वार्टली व हॉफ ईयरली एग्जाम, प्री-बोर्ड परीक्षा, मंथली टेस्ट से रिटर्न वर्क स्टूडेंट्स की परीक्षा को लेकर रही-सही कसर को पूरा करा दिया है। अब केवल परीक्षा हॉल में निर्धारित समय पर प्रश्नों को सही तरह से लिखना बाकी है।



### प्री-बोर्ड से स्टूडेंट्स का आत्मविश्वास बढ़ा हुआ

जेएन पांडे स्कूल के साइंस टीचर प्रमोद पांडे ने बताया कि प्री-बोर्ड परीक्षा से स्टूडेंट्स का आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। इससे बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों की तैयारी का फाइनल टेस्ट पूरा हो चुका है। स्टूडेंट्स बिना किसी नर्वस फील किए परीक्षा हॉल पहुंचकर अपना पेपर सॉल्व करें।

### विद्यार्थियों को काफी बेनिफिट देने वाली क्लास

टीचर सरिता देवांगन बताती है कि परीक्षा की तैयारी को लेकर हमारे स्कूल में एक्ट्रा क्लासेस भी लगाई गई। यहां पर विद्यार्थियों के एग्जाम टिप्स व टॉपिक्स से संबंधित हर तरह की डाउट्स क्लीयर किए गए हैं। इससे परीक्षा टाइम में विद्यार्थियों को काफी बेनिफिट देने वाली क्लास रही है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### 45वीं राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में लक्ष्मी नारायण वर्मा को कांस्य पदक



**रायपुर।** 13 से 15 फरवरी तक जबलपुर में आयोजित 45वीं राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में देशभर के 21 राज्यों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छत्तीसगढ़ से 40 सदस्यीय महिला एवं पुरुष दल ने विभिन्न आयु वर्गों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।इस प्रतियोगिता में प्राथमिक शाला सिलयारी के प्रधान पाठक लक्ष्मी नारायण वर्मा ने चार वर्षों के लंबे संघर्ष और निरंतर अभ्यास के बाद पहली बार 55 प्लस आयु वर्ग की लंबीकूद स्पर्धा में 14 फीट 14 सेंटीमीटर की छलांग लगाकर कांस्य पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता के पहले ही दिन छत्तीसगढ़ राज्य को शानदार सफलता मिली, जिसमें 6 स्वर्ण पदक, 9 रजत पदक, 10 कांस्य पदक प्राप्त हुए। उपलब्धि पर दल के कोच गुलाब नंद एवं मैनेजर अशोक राव ने सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं ।

## ज्योतिष

### सूर्य ग्रहण के दौरान करें इन 5 मंत्रों का जाप, मजबूत होगी कुंडली में सूर्य की स्थिति

वर्ष 2026 का पहला सूर्य ग्रहण 17 फरवरी को लगेगा। यह ग्रहण शनि की राशि कुंभ में घटित होगा। धार्मिक और ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार ग्रहण काल को संवेदनशील समय माना जाता है। कहा जाता है कि इस दौरान सूर्य की ऊर्जा प्रभावित होती है और वातावरण में नकारात्मकता बढ़ सकती है। इसी कारण ग्रहण के दिन स्नान, दान और मंत्र जाप करने की परंपरा प्रचलित है। मान्यता है कि इन उपायों से मानसिक शुद्धि होती है और कुंडली में सूर्य की स्थिति मजबूत होती है।

**सूर्य गायत्री मंत्र :** ॐ भास्कराय विद्महे महातेजाय धीमहि तन्नो सूर्यः प्रचोदयात्।
सूर्य गायत्री मंत्र का जाप ग्रहण के दिन विशेष फलदायी माना जाता है। विश्वास है कि इसके नियमित उच्चारण से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और बुद्धि तथा आत्मबल में वृद्धि होती है। इस मंत्र का कम से कम 11 बार जाप करना शुभ माना गया है।

**सूर्य बीज मंत्र :** ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः।
यह सूर्य देव का प्रमुख बीज मंत्र माना जाता है। ज्योतिष के अनुसार इसका जाप करने से जन्म कुंडली में सूर्य की स्थिति सुदृढ़ होती है और ग्रहण के अशुभ प्रभाव कम होते हैं। करियर, मान-सम्मान और पारिवारिक जीवन में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं। इस मंत्र का 108 बार जाप करना उत्तम माना गया है।

**सूर्य का तांत्रिक मंत्र :** ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः।
इस मंत्र को स्वास्थ्य लाभ देने वाला भी माना जाता है। पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार हड्डियों, आंखों या हृदय संबंधी समस्याओं में इसके जाप से राहत मिल सकती है। साथ ही आत्मविश्वास में वृद्धि होती है और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में उन्नति के मार्ग खुलते हैं। यह मंत्र ग्रहण के नकारात्मक प्रभाव को कम करने में सहायक माना गया है।

**सूर्य का वैदिक मंत्र :** ॐ आकृष्णेन रजसा वर्तमानो निवेशयन्नमृतं मर्त्यञ्च।
हिरण्ययेन सविता रथेन देवो याति भुवनानि पश्यन्।।
इस वैदिक मंत्र का उच्चारण मन और चित्त को शांत करने वाला माना जाता है। आस्था है कि इसके जाप से आसपास की नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और सूर्य के शुभ परिणाम प्राप्त होते हैं।

**सूर्य का सरल मंत्र :** ॐ सूर्याय नमः।
यदि अन्य मंत्रों का जाप संभव न हो, तो इस सरल मंत्र का स्मरण भी किया जा सकता है। इसे सकारात्मकता और मानसिक शांति प्रदान करने वाला माना गया है।

### बुध का गुरु के नक्षत्र में परिवर्तन से होंगे बड़े बदलाव, इन तीन राशियों के लिए रहेगा शुभ

बुध का गुरु के नक्षत्र में प्रवेश करना कई राशियों के लिए सकारात्मक संकेत दे सकता है। इस दौरान कॅरियर, शिक्षा, आर्थिक स्थिति और पारिवारिक जीवन में अनुकूल परिवर्तन देखने को मिल सकते हैं। आइए जानते हैं किन राशियों पर इसका विशेष प्रभाव पड़ सकता है।15 फरवरी को बुध ग्रह गुरु के नक्षत्र पूर्वाभाद्रपद में गोचर कर चुके हैं। यहां वह 10 मार्च तक रहेंगे।

**वृषभ राशि :** वृषभ राशि के जातकों के लिए यह अवधि पेशेवर जीवन में प्रगति के संकेत दे रही है। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जिन्हें आप कुशलता से निभाएंगे। इससे अधिकारियों और सहकर्मियों के बीच आपकी छवि मजबूत होगी। आय के अतिरिक्त स्रोत बनने की संभावना है, जिससे आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। जो लोग नया व्यापार शुरू करने की योजना बना रहे हैं, उन्हें इस दौरान अनुभवी लोगों से सही मार्गदर्शन मिल सकता है। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों को भी सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई में मन लगेगा और अच्छे प्रदर्शन के संकेत हैं। स्वास्थ्य के लिहाज से भी यह समय राहत देने वाला साबित हो सकता है।

**तुला राशि :** तुला राशि के लोगों के लिए यह गोचर रचनात्मकता और आत्मविश्वास बढ़ाने वाला रहेगा। आप अपने अनुभव और कौशल का बेहतर उपयोग कर पाएंगे, जिससे कार्यक्षेत्र में सराहना मिल सकती है। कुछ लोगों को पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिलने के योग बन रहे हैं। यदि आप उच्च शिक्षा के लिए किसी दूसरे शहर या देश जाने की योजना बना रहे हैं, तो यह समय अनुकूल रह सकता है। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी और आपसी समझ बेहतर होगी। साझेदारी के कार्यों में भी संतुलन बना रहेगा, जिससे रिश्ते मजबूत होंगे।

**मकर राशि :** मकर राशि के जातकों के लिए बुध का यह परिवर्तन वाणी और व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। आपकी बात करने की शैली प्रभावशाली होगी, जिससे लोग आपकी ओर आकर्षित होंगे। सामाजिक दायरे में सम्मान बढ़ सकता है।

## कहीं आप भी तो नहीं करते ये गलतियां

# सुबह की ये गलत आदतें सेहत को पहुंचा सकती हैं भारी नुकसान

कहते हैं कि सुबह की पहली किरण सिर्फ सूरज की रोशनी नहीं, बल्कि नई ऊर्जा और संभावनाओं का उपहार लेकर आती है। हालांकि, आज की आधुनिक और भागदौड़ भरी जिंदगी में कुछ लोगों ने इस बेशकीमती समय को अपनी गलत आदतों की भेंट चढ़ा दिया है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार सुबह के समय हमारा शरीर 'रिकवरी मोड' से बाहर आ रहा होता है, ऐसे में नींद खुलते अक्सर लोग कुछ ऐसी गलतियां करते हैं जो शरीर को अंदर से खोखला बना सकता है। यह छोटी सी लापरवाही आपके मेटाबॉलिज्म, मानसिक स्वास्थ्य और पाचन तंत्र पर गहरा असर करती है।



### सुबह उठते ही स्मार्टफोन का इस्तेमाल

नींद खुलते ही मोबाइल स्क्रीन की 'ब्लू लाइट' के संपर्क में आना आपकी आंखों और दिमाग के लिए बेहद हानिकारक है। जैसे ही आप सोशल मीडिया या काम के ईमेल देखते हैं, शरीर में 'कोर्टिसोल' (स्ट्रेस हार्मोन) का लेवल अचानक बढ़ जाता है। यह आदत आपको दिन की शुरुआत में ही मानसिक रूप से थका देती है और एकाग्रता में कमी का कारण बनती है।

### खाली पेट चाय या कॉफी का सेवन

भारतीय घरों में 'बेड टी' का रिवाज आम है, लेकिन यह पाचन तंत्र के लिए एक बड़ा खतरा हो सकता है। खाली पेट कैफीन का सेवन शरीर में एसिडिटी और पित्त के असंतुलन को बढ़ाता है। इससे न सिर्फ पेट में जलन और कब्ज की समस्या होती है, बल्कि यह शरीर के पोषक तत्वों को अवशोषित करने की क्षमता को भी कम कर देता है।

### पानी न पीना और डिहाइड्रेशन का जोखिम

रात भर की 7-8 घंटे की नींद के बाद हमारा शरीर पूरी तरह डिहाइड्रेट (पानी की कमी) हो जाता है। सुबह उठकर पानी न पीना आपके अंगों को सक्रिय होने से रोकता है। पानी की कमी के कारण किडनी और लीवर शरीर से टॉक्सिन्स को बाहर नहीं निकाल पाते, जिससे त्वचा बेजान नजर आने लगती है और आप सुबह से ही सुस्ती महसूस करते हैं।

### नाश्ता स्किप करना है बड़ी लापरवाही

सुबह का नाश्ता दिन का सबसे महत्वपूर्ण भोजन है, जिसे छोड़ने से ब्लड शुगर लेवल बिगड़ सकता है। जो लोग वजन घटाने के चक्कर में नाश्ता नहीं करते, उनका मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है और वे दोपहर में ओवरईटिंग करने लगते हैं। एक हेल्दी जीवन के लिए सुबह जल्दी उठें, गुनगुना पानी पिएं और पोषक तत्वों से भरपूर नाश्ता करें ताकि आप दिन भर एनर्जेटिक बना रहे।



## 7-8 घंटे तक बैठे रहने से डायबिटीज, हृदय रोग और ब्लड प्रेशर का खतरा

शारीरिक निष्क्रियता दुनियाभर में होने वाली समय से पहले मौतों के प्रमुख कारणों में से एक है। जब शरीर लंबे समय तक एक ही स्थिति में रहता है, तो खून का संचार प्रभावित हो जाता है, जिससे ऑक्सीजन और पोषक तत्वों की सप्लाई प्रभावित होती है। आइए जानते हैं इसके और क्या-क्या नुकसान हैं? लाइफस्टाइल की गड़बड़ी को दुनियाभर में तेजी से बढ़ती गंभीर क्रॉनिक बीमारियों का प्रमुख कारण माना जाता है। हम जो कुछ खाते-पीते हैं, जिस तरह से दिनभर की दिनचर्या रहती है इन सबका सेहत पर सीधा असर होता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सेंडेंटरी लाइफस्टाइल यानी लंबे समय तक बैठे रहना, शारीरिक गतिविधियां कम होना सेहत के लिए बड़ी समस्याओं का कारण है।

ऑफिस में लगातार बैठकर काम करना हमारी दिनचर्या का आम हिस्सा बन चुका है। कई अध्ययन इस बात को लेकर अलर्ट करते रहे हैं कि दिनभर में 7-8 घंटे तक बैठे रहना डायबिटीज, हृदय रोग और ब्लड प्रेशर जैसी



समस्याओं के खतरे को बढ़ाने वाला हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कंप्यूटर-लैपटॉप और मोबाइल स्क्रीन के सामने घंटों बैठकर काम करने से न केवल मांसपेशियों और रीढ़ की हड्डी पर दबाव पड़ता है, बल्कि यह मेटाबॉलिज्म को भी धीमा कर देता है। जो लोग रोजाना 7–8 घंटे या उससे ज्यादा समय तक लगातार बैठे रहते हैं, क्रॉनिक बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, काम के दौरान थोड़ी-थोड़ी देर पर उठकर घूमना जरूरी है।

**शारीरिक निष्क्रियता और इसके खतरे :** विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, शारीरिक निष्क्रियता दुनिया भर में होने वाली समय से पहले मौतों के प्रमुख कारणों में से एक है। जब शरीर लंबे समय तक एक ही स्थिति में रहता है, तो खून का संचार प्रभावित हो जाता है, जिससे ऑक्सीजन और पोषक तत्वों की सप्लाई प्रभावित होती है। यही वजह है कि ऑफिस में काम करते समय छोटे-छोटे ब्रेक लेना सिर्फ आराम के लिए नहीं, बल्कि सेहत की सुरक्षा के लिए भी बेहद जरूरी है।

### मानसिक स्वास्थ्य पर हो सकता है असर

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लगातार काम करते रहने से न सिर्फ शारीरिक, बल्कि मानसिक समस्याएं भी हो सकती हैं इसलिए बीच में ब्रेक जरूरी है।
कई लोग काम के दबाव के कारण ब्रेक लेना भूल जाते हैं और लगातार देर तक काम करते रहते हैं। विशेषज्ञ मानते हैं। कि लगातार काम करने की आदत मस्तिष्क के लिए अच्छी नहीं है, इससे शारीरिक के साथ-साथ मानसिक समस्याएं भी हो सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की साल 2000 से 2016 की ग्लोबल मॉनिटरिंग रिपोर्ट के अनुसार, जो लोग हफ्ते में 55 घंटे से ज्यादा काम करते हैं, उन्हें मानसिक तनाव हो सकता है, हृदय रोग का खतरा बढ़ सकता है, स्टेस हार्मोन बढ़ने के कारण उनमें अनिद्रा की समस्या भी हो सकती है। जब दिमाग थक जाता है, तो चिड़चिड़ापन महसूस होता है, काम में मन नहीं लगता और तनाव महसूस होता है। यह समस्या समय के साथ एग्जाइटी डिसऑर्डर में बदल सकती है।

## कब्ज दूर करने के लिए 3 बेस्ट फ्रूट, खाने से दिखेगा असर

सुबह उठने के साथ ही पेट साफ ना हो पाने की प्रॉब्लम काफी सारे लोगों को परेशान करती है। जो धीरे-धीरे काफी टाइम तक बनी रहती है और फिर क्रॉनिक कॉनस्टिपेशन में बदल जाती है। अगर पेट कभी-कभी साफ ना होने की समस्या है और कब्ज बनी रहती है तो इसे दूर करने के लिए सही समय पर उपाय जरूरी है। नहीं तो गैस, ब्लोटिंग और एसिडिटी की समस्या बढ़ने लगती है। कब्ज को दूर करने के लिए डाइट में फाइबर और हेल्दी फूड्स को शामिल करना जरूरी है।



**कीवी :** अगर किसी को लगातार कब्ज की समस्या बनी रहती है और पेट साफ नहीं होता तो उसे डाइट में कीवी जरूर खाना चाहिए। कीवी में एक्टीनेडिन एंजाइम और सॉल्यूएबल फाइबर होता है जो डाइजेशन को एक्टीवेट करता है। साथ ही गट मोटेलिटी को इंप्रूव करता है। रोजाना एक से दो कीवी खाने से स्टूल की प्रिक्वेंसी और कंसिस्टेंसी दोनों को इंप्रूव करने में मदद मिलती है। कब्ज से दूर रहना है तो हर दिन कम से कम दो कीवी को ब्रेकफास्ट में छिलका छीलकर या बगैर छीले भी खा सकते हैं। छिलके के साथ खाने से ज्यादा बेटर फाइबर मिलेगा।

**आलूबुखारा :** आलूबुखारा यानी प्रून्स को भी डॉक्टर ने कब्ज के लिए बेस्ट फ्रूट बताया है। प्रून्स या आलूबुखारा में फाइबर के साथ ही नेचुरल सॉर्बिटोल होता है जो कोलन में पानी खींचकर स्टूल को सॉफ्ट बनाने में मदद करता है। स्टडी के मुताबिक हर रोज तीन से चार आलूबुखारे को भिगोकर खाया जाए और साथ जिस पानी में ये भीगा उस पानी को भी पी जाएं। तो ये कब्ज से राहत दिलाने के लिए क ली नि क ली इफेक्टिव फूड है।

**पियर यानी नाशपाती :** कब्ज को इफेक्टिव तरीके से खत्म करना है तो सीजन में नाशपाती खाना शुरू करें। नाशपाती में फाइबर के साथ सॉर्बिटॉल का बैलेंस कॉम्बिनेशन होता है। और डॉक्टर ने पहले ही बताया है कि सॉर्बिटॉल कोलन में पानी खींचकर स्टूल को सॉफ्ट करता है। जब हर रोज नाशपाती खाते हैं तो इससे स्टूल सॉफ्ट होती है और पेट साफ होने में मदद मिलती है। डॉक्टर का कहना है कि रोजाना ब्रेकफास्ट के बाद एक मीडियम साइज का नाशपाती खाया जाए तो इससे गट में स्टूल की मोबेलिटी को बढ़ाने में मदद करती है। लेकिन साथ ही डॉक्टर ने चेतावनी भी दी है कि जिन लोगों का गट संसेटिव होता है उन्हें पोर्शन कंट्रोल को ध्यान में रखना जरूरी है।

## आंखों में पड़ जाए मिर्ची तो जलन से बचने के लिए अपनाएं ये घरेलू उपाय

किचन में काम करते हुए अक्सर आंखों में मसाला या मिर्च पड़ जाती है, जिसकी वजह से काफी ज्यादा जलन होने लगती है। अगर आपकी आंखों में जलन पड़ रही हो, तो कुछ घरेलू उपाय याद कर लीजिए, ये काफी काम आएंगे।

किचन में काम करते हुए अक्सर कभी तेल के छींटे पड़ जाते हैं तो कभी सब्जी में नमक-मिर्च डालते समय मिर्ची आंखों में लग जाती है। आंखों में मिर्ची लगने पर तेज जलन होती है, तो कई बार बर्दाश्त के बाहर हो जाती है। ऐसे में कई बार आंख को पानी से धोने पर भी आराम नहीं मिलता है। अगर आपकी आंखों में भी कभी मिर्ची पड़ जाए, तो उसे बार-बार धोने या रगड़ने के बजाय कुछ घरेलू और असरदार उपाय अपनाकर देखें। ये तरीके मेरे घर में नानी मां ने अपनाएं हुए हैं, तो बेहद कारगर साबित हुए हैं। इन तरीकों से आंखों में हो रही जलन से आपको फौरन छुटकारा मिलेगा। चलिए बताते हैं क्या हैं ये उपाय-

**घी :** घी वैसे तो खाने का स्वाद बढ़ाने का काम करता है, लेकिन ये एक असरदार दवा जैसा भी है। नाभि पर लगाओ तो होठों के फटने की समस्या खत्म हो जाती है और मिर्ची लगने पर आंखों की जलन खत्म कर सकता है। घी की तासीर ठंडी होती है, ऐसे में



अगर आंखों में जलन पड़ रही है, तो इसे पलकों के आस-पास लगाएं। इसकी ठंडक से जलन पड़ना बंद हो जाएगी। बस ध्यान रखें कि घी असली होना चाहिए।

**शहद :** शहद स्वादिष्ट होता है, जिसे लोग ऐसे भी खा लेते हैं, लेकिन शहद कई बीमारी का रामबाण इलाज भी माना जाता है। आयुर्वेद में शहद को खास महत्व दिया गया है। शहद भी आंखों की जलन को खत्म करने में मदद कर सकता है। अगर आंखों में मिर्ची में पड़ जाए तो शहद को नीचे वाली पलकों के पास लगाएं। इससे आंखों की जलन में फौरन राहत मिलेगी।

**दूध :** आंखों में मिर्ची से जलन पड़ रही है, तो दूध भी कमाल दिखा सकता है। ठंडा दूध रुई में लें और आंखों के किनारे लगाकर रखें। आंखों की जलन में राहत मिलेगी और दूध नुकसान भी नहीं करता है। दूध ठंडा होगा तो जल्दी आराम मिलेगा।

# क्या 10 साल से कम उम्र के बच्चों को भी हो सकता है हार्ट अटैक

### कम उम्र वालों में हार्ट अटैक के बढ़ते मामले

हृदय रोग विशेषज्ञ कहते हैं, 20 से कम उम्र के लोगों में हार्ट अटैक के मामले बढ़ रहे हैं। इसके लिए गड़बड़ लाइफस्टाइल और असंतुलित खान-पान एक बड़ा कारण है। प्रोसेस्ड फूड, ज्यादा नमक, ट्रांस फैट और चीनी से भरपूर डाइट धमनियों में फैट जमा करती है, जिससे रक्त का संचार प्रभावित होता है और हार्ट अटैक हो सकता है। इसके अलावा ऑफिस में लंबे समय तक बैठे रहना, व्यायाम न करना, बढ़ता मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर और इंसुलिन रेजिस्टेंस जैसी स्थितियों ने हार्ट अटैक के खतरे को कई गुना बढ़ा देता है।



### बच्चों में इस खतरे को कैसे पहचानें?

डॉ. आरती बताती हैं, वयस्कों में हार्ट अटैक से उलट बच्चों को लाइफस्टाइल की वजह से हार्ट अटैक बहुत कम या न के बराबर होते हैं। जन्मजात दिल की बीमारी या कावासाकी जैसे रोग ब्लड वेसल पर असर डाल सकती है, जिसके कारण दिल तक खून का संचार बाधित हो जाता है। अगर आपके बच्चे को जन्मजात दिल की बीमारी है तो कुछ लक्षणों पर गंभीरता से ध्यान देते रहना चाहिए।

### बच्चों में बढ़ रहा हाई ब्लड प्रेशर का खतरा

बच्चों में बढ़ती दिल की बीमारियों के लिए हाई ब्लड प्रेशर को बड़े खतरे को तौर पर देखा जा रहा है। द लैंसेट चाइल्ड एंड एडोलसेंट हेल्थ जर्नल में प्रकाशित एक वैश्विक विश्लेषण के अनुसार, पिछले दो दशकों में बच्चों और किशोरों में उच्च रक्तचाप के मामले लगभग दोगुना हो गए है।साल 2000 में ये 3.2 प्रतिशत से बढ़कर 2020 में ये छह प्रतिशत से अधिक हो गया है। अगर समय रहते इस गंभीर समस्या पर ध्यान न दिया गया तो हाई ब्लड प्रेशर के कारण हृदय रोगों और हार्ट अटैक के साथ और किडनी से संबंधित बीमारियों का जोखिम भी काफी बढ़ सकता है।











## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## प्रियंका का खुलासा- हॉलीवुड के सेट पर 15-15 घंटे किया इंतजार



हॉलीवुड में एक बड़ा नाम बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा ने हार्वर्ड इंडिया कॉन्फ्रेंस में बताया कि कैसे उन्हें शुरुआत में अपने छोटे से रोल के लिए इंटरनैशनल सेट पर 15 घंटें इंतजार करना पड़ा था। शशि थरूर ने प्रियंका की तारीफ में कहा है- उन्होंने उस मंच पर पहुंचकर भारत को गौरवान्वित किया है जिस पर भारतीयों को शायद ही कभी आने का मौका मिलता है। प्रियंका चोपड़ा आज बॉलीवुड ही नहीं, बल्कि हॉलीवुड की भी जानी-मानी शख्यियत बन चुकी हैं। प्रियंका हॉलीवुड फिल्मों में अब एक बड़ा नाम हैं और ऐसा नहीं है कि उन्हें ये पहचान रातों-रात मिली हो। उन्होंने हॉलीवुड में भी जी तोड़ मेहनत की है और कई बार उन्हें अपने छोटे से रोल के लिए 1-2 घंटे नहीं बल्कि 15 घंटे भी इंतजार करना पड़ा। देसी गर्ल ने हॉलीवुड में अपने स्ट्रगल से लेकर सफलता तक की कहानी खुद सुनाई है। प्रियंका चोपड़ा पिछले दिनों हार्वर्ड इंडिया कॉन्फ्रेंस में नजर आईं। इसी दौरान देसी गर्ल ने हॉलीवुड में अपने शुरुआती दिनों को लेकर बातें की। भारत में उनका काम जब डगमगाने लगा था तब उन्होंने अपने करियर की शुरुआत हॉलीवुड में की थी। उन्होंने इसी दौरान बताया कि कैसे एक बार हॉलीवुड फिल्म के सेट पर एक छोटे से सीन की शूटिंग के लिए उन्हें पूरे दिन इंतजार करना पड़ा था। प्रियंका चोपड़ा ने भारत में अपने करियर के उस मुश्किल हालात पर बातें की और बताया कि कैसे उन्होंने अपनी विरासत बनाने के दृढ़ संकल्प के साथ उन चुनौतियों का सामना किया।

### टॉलीवुड


## जन नायकन कब रिलीज होगी ? डिस्ट्रीब्यूटर ने जारी किया बयान



थलपति विजय की फिल्म 'जन नायकन' कब रिलीज होगी? यदि आप भी इस सवाल का जवाब ढूंढ़ रहे हैं तो आपके लिए एक मायूस करने वाली खबर हैं। कनाडा में फिल्म के डिस्ट्रीब्यूटर यॉर्क सिनेमाज ने एक बयान जारी किया है। इसके बाद अनिश्चितता और बढ़ गई है। थलपति विजय के अभिनय कॅरियर की आखिरी फिल्म 'जन नायकन' की रिलीज के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा। फिल्म को अभी तक सेंसर बोर्ड ने रिलीज सर्टिफिकेट नहीं दिया है। मद्रास हाई कोर्ट से मेकर्स ने सेंसर बोर्ड के खिलाफ मुकदमा भी वापस ले लिया है। लेकिन, इस प्रोजेक्ट को लेकर अनिश्चितता और बढ़ती जा रही है, क्योंकि तमिलनाडु में मार्च-अप्रैल में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसमें एक्टर विजय अपनी पार्टी टीवीके के साथ चुनावी मैदान में होंगे। हमने इससे पहले आपको बताया था कि फिल्म चुनावी आचार संहिता के फेर में फंस सकती है और अब यही होता दिख रहा है। 'जन नायकन' के कनाडा के डिस्ट्रीब्यूटर यॉर्क सिनेमाज ने कन्फर्म किया है कि फिल्म 30 अप्रैल से पहले रिलीज नहीं होगी। इस बाबत एक बयान भी जारी किया गया है। कनाडा में 'जन नायकन' का डिस्ट्रीब्यूशन संभाल रहे यॉर्क सिनेमाज के ऑफिशियल सोशल मीडिया हैंडल से बयान शेयर किया है। इसमें फिल्म के फाइनल रिलीज प्लान को लेकर कोई क्लैरिटी नहीं मिल रही है। 'जन नायकन' पहले 9 जनवरी को ही रिलीज होने वाली थी। लिहाजा, कनाडा समेत देशी-विदेशी बाजार में इसकी एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी थी।

### भोजपुरी

## अग्नि परीक्षा से होली पर धमाका करेंगे खेसारी आकांक्षा और नीलम संग आएंगे नजर



भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारीलाल यादव के फैंस के लिए खुशखबरी है। उनकी मच अवेटेड एक्शन पैक्ड फिल्म 'अग्नि परीक्षा' इस होली पर 4 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म को लेकर दर्शकों में अभी से उत्साह देखा जा रहा है, खासकर इसके दमदार एक्शन और इमोशनल कहानी को लेकर चर्चाएं तेज हैं। फिल्म की रिलीज डेट की जानकारी प्रोड्यूसर सुरेंद्र यादव और डायरेक्टर लाल बाबू पंडित ने दी। उन्होंने बताया कि 'अग्नि परीक्षा' एक ऐसी कहानी है जिसमें संघर्ष, प्रेम, परिवार और न्याय की लड़ाई को मनोरंजक अंदाज में दिखाया गया है, जो दर्शकों को शुरू से अंत तक बांधे रखेगी। हालांकि, अभी फिल्म का ट्रेलर रिलीज नहीं किया गया है। सुरेंद्र यादव ने बताया कि 'अग्नि परीक्षा' को दर्शकों की पसंद को ध्यान में रखकर भव्य पैमाने पर बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इसमें दमदार एक्शन, भावनात्मक कहानी और मनोरंजन का भरपूर तड़का देखने को मिलेगा। सुरेंद्र यादव के अनुसार, होली जैसे बड़े त्योहार पर इस फिल्म की रिलीज इसलिए तय की गई है ताकि परिवार के साथ दर्शक सिनेमाघरों में एक यादगार फिल्म का आनंद ले सकें। उन्होंने भरोसा जताया कि सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की लोकप्रियता और फिल्म की मजबूत कहानी इसे बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता दिलाएगी। वहीं, खेसारी लाल यादव ने कहा कि 'अग्नि परीक्षा' उनके कॅरियर की बेहद खास फिल्मों में से एक है। उन्होंने बताया कि इस फिल्म में दर्शकों को जबरदस्त एक्शन के साथ भावनाओं से भरपूर कहानी देखने को मिलेगी। खेसारी लाल ने कहा कि होली के मौके पर रिलीज होने वाली यह फिल्म दर्शकों के लिए पूरी तरह से मनोरंजन का पैकेज साबित होगी और उन्हें पूरा विश्वास है कि उनके फैंस इस फिल्म को खूब प्यार देंगे। 'अग्नि परीक्षा' में बॉलीवुड एक्ट्रेस आकांक्षा पुरी भी नजर आएंगी, जो पहले भी खेसारी लाल के साथ काम कर चुकी हैं। वह फिल्म में लीड रोल में नजर आएंगी और साथ में नीलम गिरी भी होंगी, जो हाल ही 'बिग बॉस 19' में नजर आई थीं।

### लाइफ स्टाइल


## सामंथा ने दिखाया एलिगेंस का असली मतलब

फैशन की दुनिया में सादगी का क्रेज एक बार फिर लौट आया है और अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु का यह क्लासिक साड़ी लुक इस बात का बेहतरीन उदाहरण है कि मिनिमल स्टाइल भी बेहद रॉयल लग सकता है। यह पारंपरिक अवतार आज की महिलाओं के लिए एक परफेक्ट स्टाइल इंस्पिरेशन है जो ट्रेंड्स के शोर से दूर रहकर टाइमलेस एलिगेंस को अपनाना चाहती हैं।



## आज रात चेहरे पर ये चीज लगाकर सो जाएं, जिससे कल चमक उठे आपका चेहरा

भागदौड़ भरी जिंदगी, धूल-मिट्टी, प्रदूषण और तनाव का असर सबसे पहले हमारे चेहरे पर दिखाई देता है। त्वचा बेजान और रूखी लगने लगती है, जिससे आत्मविश्वास भी कम हो सकता है। ऐसे में कई लोग महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स या पार्लर ट्रीटमेंट का सहारा लेते हैं, लेकिन हर बार ऐसा करना संभव नहीं होता। अगर आप एक रात में अपने चेहरे पर नेचुरल ग्लो लाना चाहती हैं, तो घरेलू फेस मास्क एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। घर की रसोई में मौजूद कुछ आसान और प्राकृतिक चीजों से तैयार यह फेस मास्क त्वचा को पोषण देने, डेड स्किन हटाने और चेहरे पर इंस्टेंट निखार लाने में मदद कर सकता है। खास बात यह है कि यह स्किन पर हार्श नहीं होता और ज्यादातर स्किन टाइप पर सूट कर जाता है।



### फेस मास्क के लिए जरूरी चीजें

1 चम्मच बेसन
1 चम्मच दही
1 चम्मच शहद
2–3 बूंद नींबू का रस
एक चुटकी हल्दी

इस्तेमाल करने का तरीका

सबसे पहले एक साफ बाउल लें।
उसमें बेसन, दही और शहद डालें।
अब उसमें नींबू का रस और हल्दी मिलाएं।
सभी चीजों को अच्छी तरह मिक्स करके स्मूद पेस्ट तैयार करें।
चेहरे को फेस वॉश से साफ करके हल्का पोंछ लें।
अब इस पेस्ट को पूरे चेहरे और गर्दन पर समान रूप से लगाएं।
15–20 मिनट तक सूखने दें।
हल्के गुनगुने पानी से सर्कुलर मोशन में मसाज करते हुए धो लें।

फेस मास्क इस्तेमाल करने के बाद क्या करें

चेहरा धोने के बाद हल्का मॉइस्चराइजर जरूर लगाएं।
अगर दिन में बाहर जाना हो तो सनस्क्रीन लगाएं।
चेहरा रगड़कर न पोंछें, हल्के हाथ से तौलिये से थपथपाकर सुखाएं।
ज्यादा मेकअप तुरंत लगाने से बचें।

### क्या सावधानी बरतें?

अगर आपकी स्किन बहुत संवेदनशील है तो पहले पैच टेस्ट जरूर करें।
नींबू की मात्रा ज्यादा न डालें, इससे जलन हो सकती है।
खुले घाव या पिंपल्स पर इसे न लगाएं।
हफ्ते में 1–2 बार से ज्यादा इस्तेमाल न करें।
किसी एलर्जी की स्थिति में तुरंत उपयोग बंद करें।

## रमजान के पहले रोजे के लिए खुद को ऐसे करें तैयार





फैशन

मुस्लिम धर्म के लोगों के लिए रमजान का महीना बेहद खास होता है। उसी के चलते इस महीने में हर कोई चाहता है कि उसका लुक परफेक्ट और स्टाइलिश हो। इस माहौल में मेकअप, हेयर स्टाइल और आउटफिट्स से लेकर पूरे एटीट्यूड को इम्प्रूव करने के लिए कई आइडिया होते हैं। चाहे आप सादगी पसंद हों या फिर ग्लैमरस लुक चाहते हों, रमजान के दौरान फैशन और मेकअप के ट्रेंड्स आपको खूबसूरत दिखने में मदद कर सकते हैं। इस लेख में हम आपको रमजान के लिए कुछ बेहतरीन मेकअप टिप्स, आउटफिट्स और स्टाइलिंग आइडियाज देंगे, ताकि आप इस पवित्र महीने में अपने लुक को एक नया ट्विस्ट दे सकें और दूसरों से अलग दिख सकें।

**अनारकली सूट :** रमजान के दौरान अनारकली सूट एक बहुत ही शाही और क्लासिक विकल्प है। आप पारंपरिक तरीके से अनारकली सूट पहन सकती हैं, जिसमें कढ़ाई या जरी का काम हो। ये इफ्तार पार्टियों या खास अवसरों के लिए एकदम परफेक्ट है।

**शरारा सूट :** अगर आप पारंपरिक लेकिन आरामदायक लुक चाहती हैं, तो शरारा सूट एक बेहतरीन विकल्प है।

शरारा हल्की कढ़ाई वाले सूट स्टाइलिश भी होते हैं और आपको आराम भी देते हैं।


रमजान के दौरान मेकअप में हल्की सादगी जरूरी है, ताकि आपकी त्वचा प्राकृतिक और ग्लोइंग नजर आए। एक अच्छे बेस के लिए फाउंडेशन को हलका और स्किन टोन से मेल खाता हुआ लगाएं। आइब्रो को थोड़ा डार्क और शेप में रखें।

आंखों पर न्यूड और गोल्डन शेड्स का आईशैडो लगाएं, और लशेस को अच्छे से कर्ल करें। लिप्स पर हल्का पिंक या न्यूड शेड लगाएं ताकि लुक फ्रेस और सोबर लगे।

**हेयर स्टाइल कैसी होनी चाहिए :** रमजान के दौरान आप अपनी हेयर स्टाइल को सिंपल और स्टाइलिश रख सकती हैं। लूज कर्ल्स या बीच वेव्स से आपके बालों को एक नेचुरल लुक मिलेगा। अगर आप कुछ और डिफरेंट चाहती हैं तो लो बन या साइड ब्रेड्स भी एक बेहतरीन विकल्प है। ये पारंपरिक लुक में भी अच्छा लगता है और लाइट मेकअप के साथ परफेक्ट जचता है।

## डेट नाइट के लिए ऐसे हों तैयार, ड्रेस से लेकर मेकअप भी हो खास

अगर आप भी डेट नाइट के लिए तैयार हो रही हैं, तो यह समय है अपने लुक को खास और यादगार बनाने का। हर कोई चाहता है कि वह अपने पार्टनर के सामने सबसे अलग और आकर्षक दिखे। चाहे आप कैंडल लाइट डिनर पर जा रही हों या किसी रूफटॉप कैफे में खास शाम बिताने वाली हों, आपका आउटफिट, मेकअप और कॉन्फिडेंस—तीनों का सही तालमेल आपके लुक को परफेक्ट बना सकता है। सही रंगों का चुनाव, हल्का लेकिन ग्लैमरस मेकअप और ट्रेंड के मुताबिक एक्सेसरीज आपके लुक में चार चांद लगा सकते हैं। ऐसे में अगर आप चाहती हैं कि आपकी डेट नाइट खास और यादगार बने, तो नीचे दिए गए टिप्स जरूर फॉलो करें।



### मेकअप रखें सॉफ्ट और ग्लोइंग

डेट नाइट के लिए मेकअप ओवरड्रामेटिक नहीं बल्कि सॉफ्ट और नेचुरल ग्लो वाला होना चाहिए। ड्यूई बेस मेकअप चुनें ताकि स्किन फ्रेश और हेल्दी लगे। न्यूड, पीच या रोज पिंक लिपस्टिक रोमांटिक वाइब देती है। हल्का स्मोकी आई लुक आपकी आंखों को आकर्षक बनाएगा। हाईलाइटर से चीक्स और नोज ब्रिज को उभारें। ध्यान रखें कि मेकअप लाइटिंग के हिसाब से करें। अगर कैंडल लाइट डिनर है तो हल्का शिमर और ग्लोइंग फिनिश बेहतर रहेगा।

### हेयरस्टाइल पर दें खास ध्यान

हेयरस्टाइल आपके लुक को पूरा करती है। सॉफ्ट कर्ल्स आपको क्यूट और रोमांटिक लुक देंगे। लो बन आपको एलिगेंट और बॉस लेडी वाइब देगा। हाफ-टाई हेयरस्टाइल मॉडर्न और स्टाइलिश लगती है। स्ट्रेट और ओपन हेयर सिंपल लेकिन क्लासी विकल्प है। हेयरस्टाइल चुनते समय आउटफिट और फेस शेप का ध्यान जरूर रखें।

## सिंपल कुर्ती हो या भारी लहंगा, कश्मीरी इयररिंग्स के साथ पाएं ग्रेसफुल लुक

चाहे हाथ से उकेरी गई बारीक मीनाकारी हो या वो खास 'देझूर' स्टाइल, कश्मीरी झुमके हर महिला की ज्वेलरी बॉक्स की जान होते हैं। अगर आप भी इस वेडिंग सीजन एक परफेक्ट और क्लासिक लुक की तलाश में हैं, तो ये 6 कश्मीरी इयररिंग्स डिजाइन आपकी पसंद बन सकते हैं।

**बेस्ट कश्मीरी झुमके डिजाइन :** बात जब ट्रेडिशनल लुक और एथनिक लिबास की हो, तो कश्मीरी ज्वेलरी का जिक्र होना लाजिमी है। खासतौर पर यहां के ट्रेडिशनल इयररिंग्स न केवल आपकी सादगी में चार चांद लगाते हैं, बल्कि आपको एक 'रॉयल' और ग्रेसफुल लुक भी देते हैं। चाहे वो हाथ से उकेरी गई बारीक मीनाकारी हो या वो खास 'देझूर' स्टाइल, कश्मीरी झुमके हर महिला की ज्वेलरी बॉक्स की जान होते हैं।



**रेड स्टोन कश्मीरी इयररिंग्स :** अगर आप भीड़ से हटकर दिखते हुए अपने लुक को स्टाइलिश और एलिगेंट टच देना चाहती हैं, तो इस तरह के रेड स्टोन वाले कश्मीरी इयररिंग्स को कैरी करने के बारे में सोच सकती हैं। यह झुमके किसी भी खास इवेंट या फंक्शन के दौरान ट्रेडिशनल आउटफिट के साथ कैरी किए जा सकते हैं।

**घुंघरू वाला कश्मीरी झुमका :** घुंघरू वाला कश्मीरी झुमका आजकल सबसे ज्यादा पॉपुलर और ट्रेंडिंग है। इस तरह के झुमकों में नीचे छोटे-छोटे घुंघरू लटकते हैं, जिनसे चलने पर खन-खन की आवाज आती है। आपको इस तरह के झुमके गोल्डन या सिल्वर बेस पर रेड-ग्रीन स्टोन्स या पेस्टल कलर्स में मिल जाएंगे।

**देझूर स्टाइल झुमका :** यह झुमका कश्मीरी पंडित महिलाओं का ट्रेडिशनल सिंबल है। इस तरह के झुमकों में हेक्सागोनल (छह कोने वाला) पेंडेंट, ऊपर से चेन (अथ) के साथ लटकता है। जिसमें मोती, कुंदन या गोल्ड प्लेटेड काम किया हुआ रहता है।

### कार्नर न्यूज

### यह आपके स्टाइल और आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है

## बिना पैसा खर्च किए घर पर करें पेडिक्योर, ये है पूरी गाइड

आज के व्यस्त जीवन में घर बैठे ब्यूटी और सेल्फ-केयर पर ध्यान देना बहुत जरूरी हो गया है। अगर आप पेडिक्योर करवाना चाहती हैं, लेकिन सैलून जाने का समय नहीं है, तो घर पर ही पेडिक्योर करना सबसे आसान और किफायती तरीका है। घर पर पेडिक्योर करना न केवल पैरों को साफ-सुथरा और मुलायम बनाता है, बल्कि यह आपके स्टाइल और आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है।



सही तरीके से घर पर पेडिक्योर करने से पैरों की त्वचा और नाखून स्वस्थ रहते हैं और एर्गोनॉमिक रूप से पैरों में कोई परेशानी नहीं होती। इसके लिए आपको कुछ आसान स्टेप्स और बेसिक टूल्स की जरूरत होती है, जिन्हें फॉलो करके आप पेशेवर सैलून जैसा परिणाम पा सकती हैं। इस लेख में हम आपको घर पर पेडिक्योर करने का स्टेप बाय स्टेप गाइड देंगे, जिससे आपके पैरों की देखभाल पूरी तरह से हो सके।



### ऐसे करें पेडिक्योर

घर पर पेडिक्योर करने की प्रक्रिया को विस्तार से समझें तो यह काफी आसान और आरामदायक है। सबसे पहले अपने पैरों को अच्छी तरह धो लें और उन्हें गुनगुने पानी में 10–15 मिनट भिगोकर रखें। इससे पैरों की त्वचा मुलायम हो जाती है और डेड स्किन हटाना आसान हो जाता है। पानी में भिगोने के बाद पैरों को सुखाएं और नाखूनों को सही आकार में काटें और शेप दें।

इसके बाद नेल फाइल या पेडिक्योर रफर का इस्तेमाल करके एड़ियों और नाखूनों की खुरदरी त्वचा को धीरे-धीरे साफ करें। अगर आपके नाखूनों पर पुरानी नेल पॉलिश लगी है, तो उसे रीमूवर की मदद से हटा दें।

इसके बाद पैरों और एड़ियों पर हल्का स्क्रब लगाकर अच्छी तरह मसाज करें ताकि डेड स्किन पूरी तरह निकल जाए। स्क्रबिंग के बाद पैरों को मॉइस्चराइजिंग लोशन या पेडिक्योर क्रीम से मसाज करें ताकि त्वचा नमी और मुलायम बनी रहे। अगर आप चाहें तो नेल पॉलिश लगा सकते हैं और उसे सूखने दें।